माघ शुक्ल पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 19 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 93, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा 14
यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज 13

- उद्योगपति, राजदूत, उच्चायुक्त समेत दुनिया की करीब 4000 हस्तियां होंगी शामिल
- आज से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड शो तीन दिन चलेगा, धरा पर उतरेंगे निवेश
- लखनऊ सज-धज कर तैयार, मुख्य सड़कों और चौराहों का कोना-कोना दमक रहा

# सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में राजधानी

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार** : बस कुछ घंटों का इंतजार और लखनऊ सजधज कर तैयार है। राजधानी की धरा मानों दोनों हाथ फैलाकर सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में हो। शहर की मुख्य सड़कों का कोना-कोना दमक रहा है। उत्सव मनाने से पहले पसरी सुखद शांति का एहसास हो रहा है। देशी-विदेशी हस्तियों के बीच सोमवार से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा।

मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइट के खंभों को फूलों की माला व झालरों की लड़ियों से सजाया गया है। सड़कों के दोनों तरफ लगी डिजायनर ग्रिल्स का रंग-रोगन किया गया है। फुटपाथ गमलों और महंगे व दुर्लभ प्लांट्स से शोभायमान हैं। सड़क पर सरपट दौड़ते वाहन और लोग इस कदर चकाचौंध को देखकर ठिठक जा रहे हैं। व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को एक दर्जन महकमों के आला अफसर व अधीनस्थकर्मी दिन-रात एक किए हुए हैं।

हजरतगंज, गोमती नगर जैसे पॉश इलाके हों या पुराना शहर हर जगह ग्राऊंड ब्रेकिंग सेरेमनी का संदेश देतीं होर्डिंग्स राहगीरों का ध्यान खींच रही हैं।

मोदी-योगी की तस्वीरों के साथ इन होर्डिंग्स पर आयोजन के कार्यक्रम दर्ज हैं। पीएम मोदी के बड़े-बड़े जीवंत सरीखे कटआऊट्स, मानों हर आते-जाते का अभिवादन कर रहे हों।

मुख्य बाजारों, चौराहों, स्थलों की सुरक्षा भी चाक-चौबंद है। हर जगह पुलिस की टुकड़ियां तैनात हैं। गश्त भी तेज है। इस सुरक्षा में गौर करने वाली बात यह है कि पुलिस संवेदनशील गतिविधियों पर नजर रखने के साथ मेहमानवाजी की भूमिका में भी कुछ अलग व्यवहार के साथ दिख रही है। रात का तो नजारा ही और है। मानों रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक और दीवाली मनाई जा रही हो। बड़े भवनों पर झालरों की चकाचौंध है।

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4



विद्युत झालरों से सजा राजधानी का चौराहा।

### प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

उप्र. को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पूरे राज्य के लिए निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होगी। सर्वाधिक 52 प्रतिशत परियोजनाओं की शुरुआत पश्चिमांचल में होगी। पूर्वांचल में 19 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाएं शामिल होंगी। सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है।

### प्रधानमंत्री आज संभल में करेंगे कल्कि धाम का शिलान्यास

**संभल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संभल जनपद के ऐंचोडा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास कर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। प्रधानमंत्री का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह 10.25 बजे ऐंचोडा कम्बोह पहुंचेंगे। 10.30 बजे शिलान्यास के बाद 10.45 बजे सभा मंच पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री व आचार्य प्रमोद कृष्णम के बाद प्रधानमंत्री सभा को संबोधित करेंगे। संभल से 11.40 बजे हेलीकॉप्टर से बरेली के लिए उड़ान भरेंगे।

### प्रधानमंत्री सवा घंटे लखनऊ में, रक्षामंत्री रहेंगे साथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को लगभग सवा घंटे लखनऊ में रहेंगे। वे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी तक चलने वाली तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की शुरुआत करेंगे। वह दोपहर 1.45 से 3 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी यहां उप्र. में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों पर विचार रखेंगे। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी विचार रखेंगे। मोदी को राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

### उद्योग जगत के महारथियों का होगा जमावड़ा

तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, रिलायंस के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी, आदित्य बिरला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, आईटीसी के अध्यक्ष संजीव पुरी, भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल, महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा शामिल होंगे। अपोलो हॉस्पिटल के वाइस चेयरपर्सन शोभना, गोदरेज ग्रुप के निदेशक फिरोज शाह गोदरेज, हिंदुजा ग्रुप सैमसंग इंडिया के एमडी अशोक लीलैंड जैसे तमाम बड़े उद्योगपति भी यहां रहेंगे।

# सल्लेखना कर जैन मुनि विद्यासागर ने देह त्यागा

राजनांदगांव, एजेंसी



- चंद्रगिरि तीर्थ में छह माह से रह रहे थे, कुछ दिनों से थे बीमार

जाने-माने जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके रविवार को देह त्याग दी। चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सल्लेखना जैन धर्म में एक प्रथा है, जिसमें देह त्यागने के लिए स्वेच्छा से अन्न-जल का त्याग किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत परंपरा के आचार्य विद्यासागर महाराज जी का आज निधन हो गया उन्हें वर्तमान समय का वर्धमान कहा जाता है। राजकीय शोक के दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी सरकारी समारोह या कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। जैनमुनि के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य हस्तियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी बयान के अनुसार, आचार्य विद्यासागर ने देर रात 2:35 बजे 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके देह त्याग दी। महाराज जी डोंगरगढ़ में 'चंद्रगिरि तीर्थ' में छह माह से रह रहे थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। तीन दिन से वह सल्लेखना का पालन कर रहे थे और उन्होंने अन्न-जल का त्याग किया हुआ था। उनका अंतिम संस्कार 'चंद्रगिरि तीर्थ' में किया गया। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को डोंगरगढ़ गए थे और आचार्य से मुलाकात की थी।



पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

# फावड़े से पत्नी की हत्या, बेटे पर हमला

संवाददाता, गजरौला (पीलीभीत)



- गजरौला थाना क्षेत्र के ढेरम मडरिया गांव में रविवार तड़के हुई वारदात

**अमृत विचार** : बीमार बेटे के पास सोने के लिए जाने की बात कहने पर नाराज पति ने पत्नी की फावड़े से वार करके हत्या कर दी। बेटे ने बचाने का प्रयास किया तो उस पर भी हमलावर हो गया। इसके बाद मोबाइल और फावड़ा लेकर आरोपी भाग गया। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

गजरौला क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर की आशा देवी (34) पुत्री चिरौंजीलाल की शादी करीब 13 साल पहले ढेरम मडरिया गांव के झाझन लाल पुत्र देवीदीन से हुई थी। दो बच्चे दीपक (11) और रोहित (8) हैं। शनिवार रात खाना खाकर दंपती घर में सोने चले गए। जबकि ससुर देवीदीन बाहर छप्पर में दोनों बच्चों को लेकर सो रहे थे। रविवार तड़के करीब तीन बजे पति झाझन लाल ने आशा को पीटना शुरू कर दिया। फिर फावड़े से सिर में वार कर दिया। आशा के चीखने की आवाज सुनकर बाहर सो रहे ससुर व बच्चे भीतर पहुंचे तो आशा चारपाई पर लहूलुहान पड़ी थी। बड़े बेटे दीपक ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपी बेटे पर भी हमलावर हो गया। जानकारी पर मायके वाले भी आ गए। आशा को जिला अस्पताल ले गए जहां से रेफर किए जाने पर बरेली ले गए। वहां निजी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, एसओ गजरौला रूपा बिष्ट ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया।

> पति ने पत्नी की फावड़ा मारकर हत्या की है। मृतका के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की धरपकड़ के लिए टीमें लगाई गई हैं।
> – **दीपक चतुर्वेदी**, सीओ सिटी।

## टाल-मटोल की नीति न अपनाए केंद्र

**चंडीगढ़।** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ रविवार को यहां बातचीत से पहले कहा कि केन्द्र सरकार को टाल-मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए। लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं।

# कांग्रेस से देश को बचाना, हर भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पांच वर्ष महत्वपूर्ण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करोड़ों कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिनों में हर नए मतदाता तक पहुंचने और उन्हें विकसित भारत के संकल्प से अवगत कराने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं है और वह देश को अस्थिर करने की नई-नई साजिश रच रही है इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि देश और देश के हर नागरिक को कांग्रेस से बचाना है। मोदी ने राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन-2024 को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस अस्थिरता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की जननी है और इसीलिए वह देश में अस्थिरता पैदा करने की साजिश रचने में लगी है।

प्रधानमंत्री ने दो दिन तक चले इस अधिवेशन के समापन अवसर पर देश भर से आए करीब 12 हजार प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज 18 फरवरी है और इस दौर में जो युवा 18 साल के हो गए हैं, वे देश के 18वें लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे. अगले 100 दिनों में आपको हर नए मतदाता से जुड़ना है, हर लाभार्थी, हर वर्ग, हर समुदाय और हर धर्म को मानने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचना है।

लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अगले पांच वर्षों में भारत के विकसित भारत की ओर एक बड़ी छलांग लगाने की विवेचना करते हुए मोदी ने दोहराया कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व गति हासिल की है।

कहा कि हमें भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है और इसमें अगले 5 साल अहम भूमिका निभाएंगे। इसके लिए पहले से अधिक तेज गति से काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने भाजपा की सत्ता में वापसी पर जोर देते हुए कहा कि आज विपक्षी भी राजग सरकार के 400 का आंकड़ा पार करने के नारे लगा रहे हैं और राजग को 400 पार करने के लिए, भाजपा को 370 के मील के पत्थर को पार करना होगा।



भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेता।

### संसदीय बोर्ड को अध्यक्ष पर फैसला लेने का अधिकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को पार्टी के संविधान में संशोधन करते हुए शीर्ष संगठनात्मक निकाय संसदीय बोर्ड को अध्यक्ष से संबंधित निर्णय लेने की अनुमति दे दी जिसमें उनका कार्यकाल और कार्यकाल का विस्तार शामिल है। पार्टी के महासचिव सुनील बंसल ने इस आशय का प्रस्ताव रखा था। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संगठनात्मक चुनावों के माध्यम से निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राष्ट्रीय परिषद के सदस्य और प्रदेश परिषदों के सदस्य शामिल होते हैं। निर्वाचक मंडल में से बीस सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के नाम का संयुक्त रूप से प्रस्ताव कर सकते हैं। यह संयुक्त प्रस्ताव ऐसे पांच प्रदेशों से आना जरूरी है जहां राष्ट्रीय परिषद के चुनाव संपन्न हो चुके हों।



पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
MK
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुजफ्फरनगर से चार बम के साथ पकड़े गए जावेद ने पूछताछ में दी थी जानकारी
- एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कर रहीं पूछताछ, झाड़-फूंक का करती है काम

**अमृत विचार** : टाइमर बम तैयार कराने वाली इमराना को मुजफ्फरनगर से शनिवार को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से ही चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) के साथ जावेद नाम के युवक को पकड़ा गया था। उसने कबूला था कि इमराना नाम की महिला के कहने पर टाइमर बम बनाया था। एटीएस और दूसरी खुफिया एजेंसियां इमराना से पूछताछ कर रही हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी की सूचना पर एसटीएफ ने इमराना को कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के प्रेमपुरी स्थित घर से दबोचा। उसने बताया कि वह निरमाना, थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर की रहने वाली है। उसकी शादी करीब 30 वर्ष पहले आजाद निवासी बन्तीखेड़ा, थाना बावरी, जनपद शामली से हुई थी। लगभग 20-22 वर्षों से पति के साथ मोहल्ला प्रेमपुरी काली नदी के पुल के पास मुजफ्फरनगर में रह रही है। बन्तीखेड़ा स्थित ससुराल में आती-जाती रहती है। वहां झाड़-फूंक व दवाई देने का काम करती है।

### झगड़े व दंगे में काम आने को बनवाया था टाइमर बम



इमराना के मुताबिक, वर्ष 2013 में मुजफ्फरनगर में दो समुदायों के बीच झगड़ा हो गया था। दूसरे समुदाय के लोगों ने उसका घर जला दिया था। इसके बाद उसने जावेद से कुछ बम बनवाए थे। ताकि आगे कोई मामला हो तो उसमें काम आए। बम उसने काफी समय पहले अपने मिलने वाले कुछ लोगों को दे दिए थे। करीब 15 दिन पहले उसने जावेद से 10 बम बनाने के लिए कहा था। सोचा था कि कोई झगड़ा व दंगा होगा तो काम आएगा।



### 12-13 वर्ष पहले भी जावेद से बनवाए थे दो बम

इमराना ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले से वह जावेद को जानती है। उसके पिता जरीफ अहमद हकीम थे, वह दवाई लेने उनके घर आती-जाती थी। जावेद उसे वहीं पर मिला था। जावेद के चाचा अर्शी लाइसेंस पर पटाखे बनाते थे। जावेद भी उनके साथ काम करता था। 12-13 वर्ष पहले उसने जावेद से दो बम बनवाए थे।



MONTE CARLO
LAST 3 DAY
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीना शॉल एण्ड स्टाल
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## एक नजर

### सलीम शेरवानी का सपा महासचिव पद से इस्तीफा

**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद सपा के एक और राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने भी रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। बदायूं से पांच बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी राज्यसभा टिकट न मिलने से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार किसी और दल में वह अपना भविष्य तलाश रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि मुसलमानों की उपेक्षा से परेशान होकर पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

### झारखंड में भी होगा जाति आधारित सर्वेक्षण

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पड़ोसी राज्य बिहार की तर्ज पर राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण को हरी झंडी दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को एक मसौदा तैयार करने और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखने का निर्देश दिया है।

# 15 जिलों में 54 सॉल्वर-जालसाज पकड़े

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**सिपाही भर्ती परीक्षा**

**अमृत विचार** : उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए होने वाली परीक्षा को बेदाग संपन्न कराने में जुटी एसटीएफ और पुलिस ने रविवार को भी सॉल्वर गैंग और जालसाजों को दबोचा। परीक्षा में शाम 6 बजे तक 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। वहीं, डीजीपी कार्यालय की ओर से दी गई सूचना के मुताबिक, 15 से 18 फरवरी शाम 6 बजे तक परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश में 244 सदस्यों की गिरफ्तारी की गई है।

### बायोमेट्रिक में नहीं मैच हुए अंगूठे के निशान

रामपुर में परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक में अंगूठे के निशान मैच नहीं होने पर एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया गया। वह अभ्यर्थी राजीव की जगह परीक्षा दे रहा था। सॉल्वर दिलीप बिहार के जिला जमोई थाना झाझा ग्राम खुरिप्रासा का है। इसके अलावा अलीगढ़ से एक, कानपुर से एक, अमरोहा से एक, बुलंदशहर से दो, गोरखपुर से दो, हाथरस से चार, मैनपुरी से तीन, वाराणसी से दो, फतेहगढ़ से एक पकड़ा गया है। एसटीएफ ने कुल छह को गिरफ्तार किया है।

### शिकोहाबाद में 14 सॉल्वर समेत दो पुलिसकर्मी भी दबोचे गए

रविवार को सबसे ज्यादा फिरोजाबाद में गिरफ्तारियां हुईं। यहां 14 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। अकेले शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में पकड़े गए नौ लोगों में दो पुलिसकर्मी भी बताए जा रहे हैं। इसमें एक 28 बटालियन पीएसी इटावा में नियुक्त बताया जा रहा है। दूसरे के फतेहपुर जिले में सिपाही के रूप में तैनाती की बात कही जा रही है।

### बलिया में 11 पकड़े गए, पेपर आउट कराने का झांसा देकर करते थे अभ्यर्थियों से सौदा

बलिया जिले में 11 लोग पकड़े गए हैं। इसमें तीन को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इसमें उपेन्द्र यादव और मार्कन्डेय यादव बलिया व स्वतंत्र यादव मऊ जिले का निवासी है। तीनों प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर आउट का झांसा देकर अभ्यर्थियों से पैसा वसूलते थे। प्रयागराज से अभ्यर्थियों को ठगने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। ये अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र दिलाने के नाम पर 10-2 लाख रुपये लेते थे।

**अनदेखी** — पिछले वर्ष निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को मिली थी पहली किस्त

# किस्त लेने के बाद गुम हो गए अन्त्येष्टि स्थल

**विशेष**

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- न कार्यों का पता न ही खर्च का हिसाब, फंसी दूसरी किस्त

**अमृत विचार** : प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष आवंटित अन्त्येष्टि स्थल धनराशि की पहली किस्त लेने के बाद से गुम हैं। गांवों में निर्माण हुआ या नहीं यह पता लगाना पंचायती राज निदेशालय के लिए मुश्किल है। आवंटित अन्त्येष्टि स्थलों के कार्यों की प्रगति पोर्टल पर नहीं है। इन्हीं कारणों से जिलों ने निर्माण की दूसरी किस्त निदेशालय से नहीं मांगी है। आशंका है कि कहीं धनराशि लेने के बाद पंचायतों ने निर्माण नहीं कराया या धनराशि मनमाने ढंग से खर्च की है। इसलिए पहली किस्त के उपभोग प्रमाण पत्र यानी खर्च धनराशि का हिसाब नहीं दे रहे हैं और बिना इसके निदेशालय दूसरी किस्त नहीं भेज पा रहा है। जो आगे लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में मिलनी मुश्किल होगी और लापरवाही के कारण अन्त्येष्टि स्थल इस वर्ष अधूरे रह जाएंगे। जो पिछले वर्ष आवंटित हुए थे।

### बरेली ने 18 अन्त्येष्टि स्थलों की मांगी किस्त

प्रदेश में पिछले वर्ष एक हजार अन्त्येष्टि स्थलों का लक्ष्य मिला था। निर्माण की कुल लागत 24.36 लाख रुपये हैं। इसमें पहली किस्त में 75 प्रतिशत व दूसरी में 25 प्रतिशत धनराशि उपभोग प्रमाण पत्र के आधार पर मिलती है। इस योजना में बरेली की प्रगति ठीक है। जहां, 18 अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कर दूसरी किस्त मांगी गई है। इसी तरह चंदौली ने एक, अमरोहा ने चार व सिद्धार्थ नगर ने दो व गौतमबुद्ध नगर ने किस्त मांगी है। जबकि शेष जिले के कार्यों का पता नहीं है।

> अन्त्येष्टि स्थलों की दूसरी किस्त आवंटित होनी है। लेकिन, जिलों से मांग नहीं की गई है। कार्यों की प्रगति का पता नहीं है। सभी डीपीआरओ को चेतावनी देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं। मिलते ही जल्द दूसरी किस्त भेजी जाएगी।
> – **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

### हिसाब देने का आज अंतिम दिन, डीपीआरओ होंगे जिम्मेदार

निदेशक पंचायती राज विभाग राज कुमार ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर चेतावनी दी कि 19 फरवरी तक खर्च का हिसाब न देकर दूसरी किस्त नहीं मांगी तो अपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित की होगी। साथ ही प्रगति विभागीय पोर्टल एमपीआर पर अपडेट करना होगा। इससे समीक्षा करने के साथ शासन को अवगत कराया जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0

— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —



# निवेश का महाकुंभ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 प्रदेश और देश के आर्थिक प्रक्षेप पथ के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टि और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जीबीसी 4.0 के जरिये 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतार कर प्रदेश सरकार राज्य के विकास में नई जान फूंकने, रोजगार के अवसर पैदा करने और भविष्य के विकास को प्रशस्त कर रही है।

सूबे को विकास की नयी बुलंदियों की ओर ले जा रही योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिये नया इतिहास रचने जा रही है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। जीबीसी 4.0 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। लखनऊ के साथ ही प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश परियोजनाओं के लिए जीबीसी 4.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की विकास गाथा, वर्तमान उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचायेगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेश में एक्सप्रेसवे के विकास व संचालन और इनसे जुड़े टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट्स, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत जारी विकास कार्यों तथा ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना व संचालन से जुड़े तमाम तथ्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से यूपीडा द्वारा 75 स्क्वायर मीटर के वर्ग क्षेत्र में भव्य एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जायेगा। इसके माध्यम से प्रदेश की वर्तमान प्रगति के साथ ही भविष्य की संभावनाओं को दर्शाया जाएगा।


## उत्तर प्रदेश की विकासगाथा का प्रस्तुतीकरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए यूपीडा द्वारा जीबीसी 4.0 के अंतर्गत एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जा रहा है। यह कई मायनों में विशिष्ट होगा। प्रदर्शनी स्टॉल में एलईडी टेलीविजन, पी2 उच्च गुणवत्ता वाली एलईडी वॉल, ब्रोशर व लीफलेट् जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिये एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और ईवी चार्जिंग स्टेशनों के नवीनतम अपडेट के साथ राज्य में उपलब्ध विभिन्न अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां ऑडियो-विजुअल माध्यम से शॉर्ट फिल्मों (जो प्रदेश में एक्सप्रेसवे, डिफेंस निर्माण व ईवी चार्जिंग स्टेशंस के विकास व बदलते परिदृश्यों को शोकेस करेंगे) की स्क्रीनिंग, पॉलिसीज को हाइलाइट करने के लिए शॉर्ट क्लिपिंग्स को शोकेस किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, यहां आकर्षक फ्लेक्स, बैनर तथा डिस्प्ले स्टैंडीज समेत विभिन्न माध्यमों के जरिये आने वाले लोगों को सभी संबंधित विषयों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही, यहां आने वाले इन्वेस्टर्स को डायरी, स्मृति चिह्न और 8 जीबी का अच्छी गुणवत्ता वाला ड्राइव कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।







## ओडीओपी प्रदर्शनी

जनपदों में होने वाले जीबीसी 4.0 आयोजन के दौरान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जीबीसी 4.0 के आयोजन के वक्त होने वाले नये निवेश के लिए भी लैंड फैसिलिटेशन की सुविधा होगी। जनपदों में होने वाले आयोजन के दौरान निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के सामने 'उद्यम प्रदेश' के रूप में तब्दील होते नए यूपी की झलकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इतना ही नहीं राजधानी लखनऊ में आयोजित हो रहे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी सभी जिलों में आयोजित समारोह के दौरान किया जाएगा।

## पश्चिमांचल बना प्रदेश में निवेश का हॉट स्पॉट

- जीबीसी 4.0 के माध्यम से पश्चिमांचल में कुल लक्ष्य के 50 प्रतिशत से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ
- गाजियाबाद में 6000 करोड़ रुपये से स्वदेशी इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 5 हजार रोजगार सृजन
- मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफग्रुप) द्वारा लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ रुपये का निवेश, 1250 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- अमेठी में वरुण बेवरेजेस द्वारा 780 करोड़ रुपये से फूड प्रॉसेसिंग में निवेश
- मून बेवरेजेस लि. द्वारा हापुड़ में 756 करोड़ रुपये से कोक, फैंटा, लिमका, स्पाइस, थम्सअप, किनले सोडा, माजा और रिमझिम जैसे प्रोडक्ट्स का उत्पादन
- मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल स्टेट द्वारा 626 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 6570 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- एटा में श्री सीमेंट नॉर्थ इंडिया द्वारा 600 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- बुलंदशहर में कनोडिया सीमेंट लि. द्वारा 452 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- मेरठ में मानसरोवर इंफ्राबिल्ड द्वारा 265 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 10 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- आरके लक्ष्मी लॉजिस्टिक द्वारा संत कबीरनगर में लॉजिस्टिक एंड वेयरहाउसिंग में 250 करोड़ रुपए का निवेश

## पूर्वांचल का विकास

- पूर्वांचल के चंदौली में 7 हजार करोड़ रुपए से सॉलिड प्लाई प्रा. लि. द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण
- 333 एकड़ में बनने वाली यह इंटीग्रेटेड टाउनशिप टूरिज्म पॉलिसी 2022, लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022, इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2022, (नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्री) एजुकेशन, हेल्थ, हाउसिंग, पीएम आवास और ईओडब्ल्यू आदि से कवर
- चंदौली जिले में 6 हजार लोगों को रोजगार का सृजन
- जिले में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कंपनी द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास, 12 हजार लोगों को रोजगार
- वाराणसी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स 1325 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण
- एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा 325 करोड़ रुपए से हॉस्पिटल और कॉलेज की स्थापना
- अनीता डिस्टलरी द्वारा बस्ती में 300 करोड़ से बायो फ्यूल सेक्टर के तहत एथेनॉल, ईएनए और बॉटलिंग डीडीजीएस का उत्पादन

## जीबीसी-4.0 एक नजर में

**10 लाख 23 हजार 531 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार**

**500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4,577 परियोजनाओं का शुभारंभ**

**निवेश परियोजनाओं में से 52% पश्चिमांचल में होंगी शुरू**

**आयोजन के दौरान पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड में क्रमशः 29%, 4% और 5% निवेश परियोजनाओं को समायोजित करने की तैयारी**

**10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से राज्य भर में 34 लाख से अधिक मिलेंगी नौकरी**

**राज्य में 14,000 से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार**

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए यूपीएसआईडीए ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई**

**कुल 79 हजार करोड़ रुपये की 43 निवेश परियोजनाओं के साथ सोनभद्र का विकास**

## बुंदेलखंड की बदली तस्वीर

- झांसी में रेल विकास निगम लि. द्वारा 2840 करोड़ रुपये की लागत से एलबीएस कोच और ट्रैक वर्क्स वर्कशॉप की स्थापना, 1500 से अधिक लोगों को रोजगार
- चित्रकूट के बारगढ़ में वरुण बेवरेजेस लि. द्वारा 1252 करोड़ रुपए से फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में निवेश, 1500 स्थानीय लोगों को रोजगार
- ललितपुर में एफएसकेफॉइल इंडिया प्रा. लि. द्वारा 250 करोड़ रुपए की लागत से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश

ADVERTORIAL

INVEST UP



# निवेश का महाकुंभ

₹ 10 लाख करोड़+ की निवेश परियोजनाएं

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0

— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —

34 लाख+ नौकरी के अवसर

## नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री, भारत सरकार

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**केशव प्रसाद मौर्य**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'**
मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन
एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश

**जसवंत सिंह सैनी**
राज्य मंत्री, संसदीय कार्य तथा
औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश

*एवं अन्य गणमान्य महानुभाव*

दिनांक : 19 फरवरी, 2024 | समय : मध्याह्न 12:00 बजे
स्थान : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ


इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग हब


एम.एस.एम.ई. हब



डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर


एयरपोर्ट प्रदेश


मेट्रो प्रदेश


एक्सप्रेस प्रदेश

लाइव प्रसारण
DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS
Youtube.com/dduttarpradesh
एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## एक नजर

### रोजा में आज पांच घंटे गुल रहेगी बिजली

**रोजा।** विद्युत उपकेंद्र हथौड़ा में ब्रेकर बदलने के कारण सोमवार को करीब एक दर्जन मोहल्लों में पूर्वाह्न 11 बजे से शाम चार बजे तक बिजली गुल रहेगी। उपकेंद्र के जेई अंकित तिवारी ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र हथौड़ा में 33 केवी ब्रेकर बदलने का कार्य शुरू होगा। जिसके कारण उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्र हथौड़ा, रेती, हयातपुरा, बिजलीपुरा, अंटा, चमकनी करबला, रोशनगंज, ब्रज विहार कालोनी, कैलाश नगर, हनुमत धाम, हुसैनपुरा आदि मोहल्लों में पूर्वाह्न बजे से शाम चार बजे तक बिजली गुल रहेगी।

### जीप की टक्कर से मासूम घायल, हालत नाजुक

**निगोही।** गांव उदयभानपुर निवासी राकेश कुमार का ढाई वर्षीय पुत्र प्रवीण कुमार रविवार शाम पांच बजे गांव में बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी अचानक वह रोड पार करने लगा। इसी बीच तेज रफ्तार बीसलपुर की ओर से आ रही जीप ने प्रवीण को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसे नाजुक हालत में सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

### गलत काम का विरोध करने पर पत्नी को पीटा

**कलान।** नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपने पड़ोस में रहने वाले दामाद के घर रह रही थी। उसका पति 17 फरवरी की रात दो बजे पहुंचा और उसे घर बुला ले गया। उसके घर में दो लोग पहले से मौजूद थे। आरोप लगाया कि उसका पति दोनों लोगों के साथ गलत काम करवाने का दबाव बनाने लगा, जिसको उसने मना कर दिया। इसी दौरान पति ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पत्नी ने आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई कर न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

### पत्नी को धारदार हथियार से किया घायल

**तिलहर।** घरेलू विवाद में युवक ने पत्नी को धारदार हथियार से प्रहार करके घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हजरतपुर गांव की रामवती ने बताया कि उसका पति राकेश आए दिन गाली-गलौज और मारपीट करता है। शनिवार को पति उसे गालियां दे रहा था। इसका उसने विरोध किया तो पति ने उसके सिर में बंका मार दिया। जिससे वह घायल हो गई।



परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के लिए लाइन में लगीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### पेपर छूटा तो जाम हो गईं शहर की सड़कें

*पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर छूटने के बाद यातायात पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। खासतौर पर राजकीय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र शहर के बीच में हैं। जहां परीक्षा छूटने पर जाम की स्थित बनी रही। ई-रिक्शा, चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन भीड़ में फंसे रहे। यह अव्यवस्था दोपहर और शाम दोनों पालियों के पेपर छूटने पर देखी गई। हालांकि यातायात व्यवस्था संभालने के लिए और पहले दिन से सबक लेते हुए ट्रैफिक पुलिस खासी चौकन्नी थी, लेकिन भीड़ के आगे किसी की नहीं चलती। तमाम परीक्षार्थियों के कालेज गेट के बाहर ही वाहन पर बैठने के कारण स्थितियां बनती-बिगड़ती रहीं।*



परीक्षा केंद्र पर चेकिंग के दौरान जूते उतरवाता पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

# कड़ी निगरानी में दूसरे दिन 10078 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 434 रहे गायब

## जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, रविवार को भी परीक्षा केंद्रों पर दौड़ते रहे अधिकारी, सभी केंद्रों पर तैनात रहा पुलिस बल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हो गई। दूसरे दिन रविवार को दोनों पालियों में परीक्षा हुई। प्रथम पाली में पंजीकृत 5256 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 5047 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, 209 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में पंजीकृत 5256 के सापेक्ष 5031 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे और 225 अनुपस्थित हो गए। दोनों पालियों में मिलाकर पंजीकृत 10,512 के सापेक्ष 10078 ने अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 434 अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं परखने को डीएम-एसपी व अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण करते रहे। अधिकारियों ने केंद्रों पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक की और प्रधानाचार्य कक्ष में लगे मॉनीटर पर परीक्षा कक्षों की व्यवस्था को देखा।

आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा शनिवार और रविवार को दो दिन कराई गई। दोनों दिन चार पालियों में समान रूप से 5256-5256 परीक्षार्थी आबंटित किए गए थे। दोनों दिन की चारों पालियों में कुल 21024 परीक्षार्थी आबंटित किए गए थे। पुलिस भर्ती परीक्षा 11 केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। सभी केंद्रों पर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। डीएम उमेश प्रताप सिंह और एसपी अशोक कुमार मीणा समेत नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी, एडीएम प्रशासन संजय पांडेय, एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी सिटी संजय कुमार, एसडीएम ज्ञानेंद्र नाथ आदि परीक्षा के दौरान दोनों पालियों में भ्रमण पर रहते हुए व्यवस्था पर नजर गड़ाए रहे। प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरी पाली अपरान्ह तीन से पांच बजे तक चली। पहले दिन की तरह दूसरे दिन भी परीक्षार्थी अपने परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से डेढ़-दो घंटे पहले ही पहुंच गए थे। केंद्रों के बाहर मुख्य मार्ग के किनारे लंबी-लंबी कतारें लगाए छात्र-छात्राएं तलाशी देकर ही कक्ष में भेजे जा रहे थे। वहीं, सभी के प्रवेश पत्र तथा परिचय पत्रों की भी जांच की गई।

**▸▸ तलाशी के लिए केंद्रों के बाहर सड़क किनारे लगीं रहीं अभ्यर्थियों की कतारें**



राजकीय इंटर कॉलेज के बाहर लगी अभ्यर्थियों की लंबी कतार। ● अमृत विचार



मेटल डिटेक्टर से तलाशी लेता कर्मचारी। ● अमृत विचार



अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र चेक करती पुलिस। ● अमृत विचार



परीक्षा केंद्र के बाहर सीटिंग प्लान देखते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

## दूसरे दिन भी गणित के गुणा-भाग में चकराया अभ्यर्थियों का सिर

**▸▸ महिला परीक्षार्थियों को रास नहीं आया दूसरे दिन का पेपर, कइयों के चेहरे पर निराशा की झलक**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती के पदों पर दो दिन चली परीक्षा में दोनों दिन प्रत्येक पाली में अलग-अलग प्रश्नपत्र आने से परीक्षार्थी चकरघिन्नी बने रहे। खासतौर पर दूसरे दिन का पेपर पहले दिन के मुकाबले कठिन होने की जानकारी मिली।

दूसरे दिन परीक्षार्थियों ने बताया कि गणित के प्रश्न तो कठिन थे ही, रीजनिंग भी समझ से परे रही। जबकि पहले दिन परीक्षार्थियों ने रीजनिंग को सरल बताया था। कुल मिलाकर दूसरे दिन का प्रश्नपत्र परीक्षार्थियों को छकाने में कामयाब रहा।



पेपर ठीक-ठाक था, जैसी उम्मीद थी, लगभग वैसा ही रहा। परीक्षा थी, तो सरल की उम्मीद नहीं की जा सकती है। विभागीय जानकारी के साथ हिंदी, रीजनिंग आदि से जुड़े सवाल कुछ कठिन जरूर थे, लेकिन पढ़े हुए थे।

**- मंतशा अहमद, तिलहर**



पहले दिन के परीक्षार्थियों ने जैसा प्रश्नपत्र बताया था, वैसा कुछ भी नहीं रहा। दूसरे दिन का पेपर कठिन रहा। गणित की बात तो दूर रीजनिंग और सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी समझ से परे रहे। किसी तरह काम चल गया।

**- काजल सागर, कटरा**



उम्मीद से कहीं अधिक कठिन पेपर रहा। हिंदी, सामान्य ज्ञान, तर्क संगत आदि से जुड़े सवाल सामान्य स्तर से अधिक रहे। विभागीय और हिंदी से जुड़े प्रश्न जरूर सरल कहे जा सकते हैं, लेकिन बाकी पेपर ऊपर से निकलते रहे।

**- लक्ष्मी, कमालगंज**



प्रश्नपत्र आसान नहीं था। उम्मीद थी कि पहले दिन की तरह ही पेपर आसान होगा, लेकिन कुछ भी पढ़ा हुआ नहीं आया। गणित तो बहुत कठिन थी। बाकी प्रश्न भी आसान नहीं कहे जा सकते हैं। रीजनिंग ने भी खूब छकाया।

**- रूपा देवी, पुवायां**



जितना पढ़ा था, उतना आ भी गया, इसलिए पेपर कठिन नहीं कहा जा सकता। रीजनिंग से लेकर हिंदी, मैथ्स, जीके आदि से जुड़े सवाल सामान्य ही लगे। कोई चिंता की बात नहीं है। काफी कुछ अच्छा ही हुआ है।

**- आकाश राठौर, सिउरा खुदागंज**



पेपर कुछ कठिन कहा जा सकता है। ऐसा नहीं है कि सब कुछ आसान नहीं रहा। तैयारी के ऊपर रहा। जिसकी तैयारी अच्छी थी, उसके लिए पेपर सरल ही कहा जाएगा। वैसे गणित के सवाल ज्यादा टफ रहे।

**- सौरभ दिवाकर मैलानी**

## उखरी रेलवे ब्रिज की लंबाई चौड़ाई हुई कम, मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**▸▸ भवनों पर लाल निशान लगाने के साथ जारी कर दिए गए थे नोटिस**

**▸▸ मीरानपुर कटरा क्षेत्र में निगोही मार्ग पर बनना है ओवरब्रिज**

**अमृत विचार :** उखरी रेलवे क्रासिंग गेट पर ओवरब्रिज बनाने को लेकर पक्के भवन को तोड़ने को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इसे देखते हुए ओवरब्रिज की लंबाई और चौड़ाई कम कर दी गई है। इससे लोगों को राहत मिली है।

मीरानपुर कटरा क्षेत्र में निगोही मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग गेट संख्या 341 पर 6879,61 लाख रुपये की लागत से ओवरब्रिज बनना है। यह ओवरब्रिज 727,10 मीटर लम्बा और 28 मीटर चौड़ा बनेगा।

सेतु निर्माण ईकाई के अधिकारी, तहसील के लेखपाल और रेलवे के अधिकारियों ने रेलवे क्रासिंग का निरीक्षण किया था। ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर करीब पचास भवन बाधक बन रहे थे। इन भवन पर लाल निशान लगाने के बाद नोटिस जारी किए गए।

भवन गिराने के लिए तीन दिन की मोहलत दी गई थी। इससे भवन स्वामियों में रोष व्याप्त था। सेतु निर्माण इकाई के उप परियोजना प्रबंधक विजयेंद्र कुमार ने बताया कि ओवरब्रिज की लंबाई और चौड़ाई कम कर दी गई है। अब यह ब्रिज सात सौ मीटर लम्बा और 22 मीटर चौड़ा बनेगा। लंबाई और चौड़ाई कम कर देने से भवन स्वामियों को राहत मिल गई है।

## स्पेशल ट्रेनों से भेजे गए पुलिस भर्ती के अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती में शामिल होने आए परीक्षा समाप्त के बाद ट्रेनों में भीड़ उमड़ पड़ी और परीक्षार्थी जबरन स्लीपर कोच में घुस बए। अभ्यर्थियों को वापस भेजने के लिए दो स्पेशल ट्रेनों को चलाया गया।

बता दे कि जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 17 व 18 फरवरी को थी। परीक्षा दो पाली में थी। जिले में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 18 फरवरी की प्रथम पाली और दूसरी पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। परीक्षार्थी मुरादाबाद, संभल, अमरोहा आदि जिले से आए थे और कुछ परीक्षार्थी जिले के थे। दोपहर डेढ़ बजे जननायक एक्सप्रेस प्लेटफार्म चार आई। अभ्यर्थियों ट्रेन में चढ़ने के लिए इधर-उधर भागकर कोच में चढ़ने लगे। कुछ अभ्यर्थी ट्रेन में भागकर चढ़ रहे थे, गार्ड ने ट्रेन को रोक दिया। कोच में पैर रखने की जगह तक नहीं थी। अभ्यर्थियों की सहूलियत के लिए रेल प्रशासन ने डाउन लाइन में मुरादाबाद से लखनऊ के लिए दो स्पेशल ट्रेनें चलायी। एक स्पेशल ट्रेन सात बजकर 40 मिनट पर गई और दूसरी ट्रेन साढ़े नौ बजे गई। इसके अलावा काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस और श्रमजीवी एक्सप्रेस में भी परीक्षार्थियों की भीड़ रही है। स्टेशन पर जीआरपी के सिपाहियों की ड्यूटी लगायी गई थी। एसएस पीएस तोमर ने बताया कि परीक्षार्थियों के लिए दो स्पेशल ट्रेनें चलायी गई थी।



ट्रेन में उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़। ● अमृत विचार

**▸▸ जननायक एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में उमड़ी भीड़**

## लाखों रुपये से बना सुलभ शौचालय अभी भी अधूरा

**कलान, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बम्हनी चौकी में तीन वर्ष बीतने के बाद भी सुलभ शौचालय को सुचारू रूप से चालू तक नहीं किया गया है। उसे अपूर्ण छोड़ दिया गया है। जिससे गांव के लोग अब भी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार स्वच्छता के तहत ग्रामवासियों एवं राहगीरों को खुले में शौच न जाने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर शौचालय की व्यवस्था सार्वजनिक स्थान पर कराकर उसमें पुरुष महिलाएं शौच से निजात के लिए युद्ध स्तर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत में सुलभ शौचालय बनाने की मुहिम छेडे. है लेकिन इस ग्राम पंचायत बम्हनी चौकी में सुलभ शौचालय अभी भी अपूर्ण है, जिसमें अधूरे काम के अधूरे पैसे ही लगे होंगे।

## शौचालयों में भरी गंदगी बदबू से लोग परेशान



कचहरी ओवरब्रिज के नीचे बंद पड़ा शौचालय। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन चलाया जा रहा है। मगर यहां महानगर के शौचालयों में गंदगी भरी है। कई शौचालय दुर्दशा का शिकार हैं। कुछ में तो ताला लटका है। शौचालय ज्यादा गंदे हो जाते हैं तो उनसे दुर्गंध उठने लगती है। अधिकारियों व सफाई कर्मचारियों की उदासीनता के चलते लोगों को भारी परेशानी हो रही है। व्यापारियों को इन शौचालय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीएसए कार्यालय के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय और कचहरी ओवरब्रिज के नीचे बना शौचालय तो बंद है।

शहर की मार्केट में नगर निगम के खस्ताहाल शौचालयों को लेकर दुकानदार और ग्राहक कई बार रोष जता चुके हैं। लंबे समय से गंदे शौचालयों का रखरखाव नहीं हो पा रहा है। शौचालयों में गंदगी और बदबू के कारण दुकानदार और ग्राहक इनका प्रयोग तक नहीं कर पा रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि अगर इन शौचालयों की नियमित सफाई कराई जाए और जो बंद हैं उन्हें खुलवाया जाए। कुछ शौचालय खुले हैं, लेकिन अब गंदे बदबूदार हो गए हैं। शौचालयों में जाना भी दूभर हो गया है और जो लोग मजबूरी में जाते हैं, उन्हें बदबू के कारण उल्टी आने लगती है।





शहर में बीएसए कार्यालय के पास बना पिंक शौचालय।

**▸▸ जिम्मेदार अधिकारी खामोश सफाई कर्मचारी कर रहे मनमानी**

> कुछ शौचालय बंद हों और कुछ गंदे हों इसकी जानकारी नहीं है। शौचालयों की स्थिति को दिखवाया जाएगा। अगर गंदे मिलते हैं तो साफ-सफाई कराई जाएगी।
>
> **-केपी सिंह,** नगर आयुक्त।

**मुश्किलें** दूसरे दिन भी सही नहीं हो सकी पानी की पाइप लाइन, सैकड़ों घरों में पेयजल सप्लाई ठप, परेशान रहे लोग

# सड़क के गड्ढों में भरा पानी, दलदल में गिरकर चोटिल हो रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : सीवर लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों के गड्ढे तमाम प्रयासों के बाद भी नहीं भर पा रहे हैं, जिससे लोग परेशान हैं। उधर, वाल्मीकि मंदिर के पास निशात टॉकीज रोड पर पाइप लाइन टूटने से पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे दलदल हो गई है। वाल्मीकि मंदिर के पास शनिवार को टूटी पेयजल लाइन रविवार को दूसरे दिन ठीक नहीं की जा सकी। पाइप लाइन ठीक न होने से सैकड़ों घरों में पेयजल सप्लाई ठप है।

सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों पर पानी भरने से लोगों को जाने आने में भारी परेशानी हो रही है। खासकर दो पहिया वाहन और पैदल चलने वाल ज्यादा परेशान हैं। बाइक, स्कूटी और साइकिल सवार गड्ढे में गिरकर चोटिल होते रहे। जल निगम के कर्मचारी शनिवार से ही मरम्मत के कार्य में लगे हैं। निशात टॉकीज के पास फाल्ट तो ढूंढ लिया गया है, लेकिन मरम्मत का कार्य करने में समय लग रहा है। इसके लिए करीब 50 फीट लंबा और पांच फीट गहरा गड्ढा खोदा गया है। रविवार शाम तक कर्मचारी लाइन की मरम्मत में लगे रहे, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी।

इसी तरह शहर में तमाम अन्य स्थानों पर भी सीवर लाइन के लिए सड़कों की खोदाई की जा रही है। कचहरी रोड पर भी वर्तमान में खुदा हुआ है। सड़कों पर ऊंचे-ऊंचे मिट्टी के ढेर लगे हैं। हालांकि यहां सड़क के एक किनारे खोदाई की गई है, जिसके चलते बहुत ज्यादा परेशानी नहीं हो रही है। दूसरी और वर्तमान में शहर की ज्यादातर सड़कें खुदी हुई हैं और गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। ऐसे में आवागमन खतरे से खाली नहीं समझा जा रहा है।



पेयजल लाइन की मरम्मत के लिए खोदाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार



कचहरी रोड पर सड़क की खोदाई के चलते लगे मिट्टी के ढेर। ● अमृत विचार

**▸▸ शहर में वाल्मीकि मंदिर के पास निशात टॉकीज रोड पर पाइप लाइन टूटने से आई दिक्कत**

> सीवर लाइन की खुदाई के चलते वाल्मीकि मंदिर के पास पेयजल लाइन टूट गई है। इससे लोगों को दिक्कत हुई है। जल निगम के कर्मचारी पाइप लाइन ठीक करने में लगे हुए हैं। प्रयास है कि रविवार रात तक लाइन सही कर ली जाए। कर्मचारी पूरी कोशिश में लगे हैं। लाइन सही होते ही पेयजल सप्लाई सुचारू कर दी जाएगी। फिर दिक्कत खत्म हो जाएगी।
>
> **-सौरभ श्रीवास्तव,** जीएम जल नगर निगम।



शहर में सड़क के गड्ढों में भरा पानी। ● अमृत विचार

### ममेरी बहन को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**खुटार।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक 19 वर्षीय युवती शनिवार को बाजार जाने की बात कह कर घर से खुटार को आ गई थी। जहां से वह देर शाम तक घर नहीं पहुंची, जिस पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने उसे इधर-उधर तलाश किया। तलाश करने पर पता चला कि वह रिश्ते के फुफेरे भाई के साथ रफू चक्कर हो गई। उधर युवती के चले जाने के बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि उसकी युवती को रिश्ते का फुफेरा भाई बहला फुसलाकर ले गया है। परिजनों ने बताया कि घर से युवती जेवर व रुपये भी लेकर गई है।

# ढाई घाट सोत नदी का पुल बनकर तैयार, वाहन दौड़ने का इंतजार

## 11 करोड़ रुपये की लागत से बना 90 मीटर लंबा पुल, जल्द तय होगी लोकार्पण की तारीख, मुख्यमंत्री को बुलाने की कोशिश में लगे भाजपा के स्थानीय नेता

संवाददाता, शाहजहांपुर/ मिर्जापुर

**अमृत विचार :** फर्रुखाबाद के कायमगंज और शाहजहांपुर के बीच ढाई घाट में सोत नदी पर पुल बनकर तैयार हो गया है। अब इस पुल पर केवल वाहन दौड़ने का इंतजार है। जल्द ही लोकार्पण की तारीख तय होने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार भाजपा के स्थानीय नेता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बुलाने की कोशिश में लगे हैं। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रह सकते हैं। इस पुल के चालू होने पर कायमगंज और शाहजहांपुर की दूरी कम हो जाएगी।

मिर्जापुर क्षेत्र में ढाई गांव के पास सोत नदी पर बना नया पुल पुराने से काफी चौड़ा है। यहां पहले बना पुल संकरा है, जर्जर हो चुका है। सुरक्षा के लिहाज से पुराने पुल से होकर केवल छोटे वाहन गुजारे जा रहे हैं। जलालाबाद- ढाई घाट, शमशाबाद, विधूना स्टेट हाईवे संख्या 163 पर ढाई गांव में सोत नदी पर बड़ा पुल बनाने के लिए लंबे समय से मांग चल रही थी। काफी प्रयासों के बाद सरकार ने यहां नया पुल बनाने की मंजूरी दी थी। करीब 11 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत होने के बाद सेतु निगम ने 2023 मार्च से निर्माण शुरू कराया था। इसका मार्च 2024 में पूरा करना था, लेकिन 11 माह में ही 90 मीटर लंबा और साढ़े सात मीटर चौड़ा पुल बनकर तैयार लिया गया है। जल्द ही लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद इसका के उद्घाटन करेंगे। पुल पर शिलापट भी लग गया है।



सोत नदी पर बनकर तैयार हुआ पुल। ● अमृत विचार

### 30 किमी घटेगी कायमगंज की दूरी

अब तक कायमगंज जाने के लिए मिर्जापुर से पहले फर्रुखाबाद जाना पड़ता था। यह दूरी 80 किलोमीटर पड़ जाती थी। सोत नदी पर पुल बनने के बाद अब यह दूरी मात्र 30 किमी रह जाएगी। इससे समय के साथ ईंधन भी बचेगा। ढाई गांव में सोत नदी पुल का निर्माण मार्च 2023 में शुरू हुआ था। इसे मार्च 2024 में पूरा करना था, लेकिन लगभग एक महीना पहले ही निर्माण पूरा हो गया है।

> सोत नदी पुल का निर्माण पूरा हो गया है। संपर्क मार्ग बनाया जा रहा है। इस सप्ताह में संपर्क मार्ग भी बना लिया जाएगा।
>
> -**बिजेंद्र मौर्या**, डीपीएम, सेतु निगम

## एक नजर

### निर्माणाधीन स्टेशन से सरिया चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आतिशबाजान निवासी आशाराम ने बताया कि 15 फरवरी की रात आठ बजे निर्माणधीन रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म की चौकीदार करने पहुंचा। चौकीदार ने देखा कि गंगादीन, अवधेश व एक अज्ञात व्यक्ति लोहे की सरिया काट रहे थे। चौकीदार ने शोर मचाया तो तीनों चोर सरिया उठाकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी गंगादीन, अवधेश व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### दुकान पर सामान लेने गई किशोरी से छेड़छाड़

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव महिला ने बताया कि उसका मायका अल्हागंज थाना क्षेत्र में है। वह तीन माह से मायके में रह रही है। उसकी 15 वर्षीय पुत्री 13 फरवरी की शाम पांच बजे दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी। उसकी बेटी दुकान से सौदा लेकर घर लौट रही थी। रास्ते में गांव के साजल ने उसकी बेटी का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। उसकी बेटी ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी साजल के खिलाफ छेड़छाड़ की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** सेहरामऊ दक्षिणी के एसओ रोहित सिंह ने बताया कि रक्षपाल सैदापुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी व आजाद सिंह निवासी कस्बा सेहरामऊ दक्षिणी थाना सेहरामऊ दक्षिणी के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

### रंजिशन पिता-पुत्र को किया घायल


**शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र के गांव रसेवन निवासी दीपक ने बताया कि शुक्रवार रात नौ बजे घर के बाहर खड़ा था। अमन अपने साथियों के साथ उसके दरवाजे पर आया और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपी उसके साथ मारपीट पर अमादा हो गए। दीपक अपनी जान बचाकर घर में भाग आया। आरोपी घर में घुस गए और उसे पीटकर घायल कर दिया। उसके पिता चंद्रपाल बचाने के लिए आए तो उनको भी पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी अमन, पप्पू, शिवम राजेंद्र के खिलाफ विभिन्न धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस विवेचना कर रही है।

# रोडवेज के नए शॉपिंग मॉल और मॉडल वर्कशॉप का निर्माण शुरू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय के रोडवेज बस स्टैंड का सौन्दर्यीकरण और विकास कार्य एयरपोर्ट की तर्ज पर किया जाना है। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस ने शॉपिंग मॉल व आधुनिक वर्कशॉप और सेटेलाइट बस अड्डे का निर्माण शुरू कर दिया है। रोडवेज बस अड्डे की दूसरी मंजिल पर 1894.83 लाख रुपये की लागत से दो मंजिला मॉल का निर्माण शुरू हो गया है।

इससें बड़े-बड़े मल्टीपरपज हॉल, शोरूम बनेगें। जिसमें घर गृहस्थी व दैनिक उपयोगी सारा सामान एक ही जगह पर लोगों को मिल सकेगा। सीएनडीएस अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य एक साल में हो जाएगा। साथ ही इन्क्वायरी कक्ष, टिकट काउंटर, एआरएम आफिस, कोरियय रूम, स्टोर रूम, काफी शाप, फूड कोर्ट, वाचिंग आदि व्यवस्थाएं शामिल है। वहीं पुवायां रोड स्थित रोडवेज वर्कशॉप का मॉडल वर्कशॉप का निर्माण कार्य 1059.53 लाख रुपये से शुरू हो गया है। वर्कशॉप पूरी तरह मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसका कार्य भी सीएनडीएस की ओर से कराया जा रहा है। कार्य अवधि इसकी भी एक साल रखी गई है।



रोडवेज के वर्कशॉप का निर्माण शुरू करने पर तोड़ी गई पुरानी दीवार।

**18.94**

करोड़ रुपये की लागत से एक साल में सीएनडीएस बनाएगा मॉल

### पहले से बन रहा सेटेलाइट बस स्टैंड

रोजा के अहमदपुर नियाजपुर में भी 1248 .51 लाख रुपये से निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। यहां जमीन को पूरी तरह समतलीकरण कर लिया गया है। इसके लिए पहली किस्त के रूप में 6 .24 करोड़ रुपये कार्यदायी संस्था को जारी किए जा चुके है।

> रोडवेज बस स्टैंड की दूसरी मंजिल पर लगभग 20 करोड़ रुपये लागत से मॉल बनाने का कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए शटरिंग आदि सामान आ चुका है। इसको सीएनडीएस कार्यदायी संस्था बनवा रही है।
>
> -**आरएस पांडेय**, एआरएम

> रोडवेज बस स्टैंड, वर्कशॉप व सेटेलाइट बस अड्डे पर सीएनडीएस की ओर से निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है। यह कार्य डेढ़ साल में होगा।
>
> -**रघुवंशराम**, परियोजना निदेशक सीएनडीएस

# पुवायां में वाहन की टक्कर से युवक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पुवायां रोड पर मछली मार्केट के सामने पैदल जा रहे एक युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।



मृतक धीरज।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला एमनजई जलालनगर निवासी धीरज (32) मजदूरी पर पुताई करता था। शनिवार को सुबह दस बजे वह अपनी पत्नी को लेकर घर से निकला और जनसेवा केंद्र पर गया। जहां उसने आठ हजार रुपये निकाले। उसमें से दो सौ रुपये देकर पत्नी को मायके जाने के लिए बस में बैठा दिया। शनिवार रात नौ बजे वह पुवायां रोड पर मछली मार्केट के सामने से गुजर रहा था। तभी उसे किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, सूचना मिलने पर परिवार वाले जिला अस्पताल जा पहुंचे।

**▸▸ सुबह पत्नी को रुपये देकर मायके भेजा, शाम को हुआ हादसा**

### जेब से 7800 रुपये गायब

परिवार वालों ने बताया कि शनिवार को जनसेवा केंद्र से धीरज ने आठ हजार रुपये निकाले थे। उसने दो सौ रुपये पत्नी को दे दिए। बाकी 7800 रुपये उसके पास थे, जो हादसे के बाद किसी ने गायब कर दिए। उसकी जेब में मोबाइल मिला है। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि धीरज की जेब से सिर्फ एक मोबाइल मिला था।

# फायरिंग करने का आरोपी तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला अजीजगंज में हुई फायरिंग में पुलिस ने एक आरोपी को बंधा रोड से गिरफ्तार कर लिया। चौक कोतवाली के मोहल्ला बाला तिराही निवासी सौरभ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 फरवरी को दिन में एक बजे गर्रा के निकट अजीजगंज में पतंगबाजी करने गया था। पतंगबाजी को लेकर उसका करन निवासी अजीजगंज आदि से झगड़ा हो गया था। आरोपियो ने सौरभ को तमंचे की बट से मारकर घायल कर दिया था और फायरिंग की थी। पुलिस ने करन, शिवा, गौरव समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार दोपहर एक बजे पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी करन बंधा रोड पर खड़ा है। पुलिस ने उसे दबोच लिया। उसके कब्जे से तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी का चालान कर दिया गया और अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# ढाई घाट मेले में ट्रॉली से कुचलकर बच्चे की मौत

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** मिर्जापुर कस्बा निवासी मिठाई व्यापारी के इकलौते बेटे की ढाई घाट मेले में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद मौके पर जाम लग गया, जिससे काफी देर तक लोग फंसे रहे। यह हादसा फर्रुखाबाद जिले के थाना शमशाबाद क्षेत्र में हुआ। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है।



नमन गुप्ता उर्फ लड्डू।

मिर्जापुर निवासी अंकुश गुप्ता की मुख्य चौराहे पर मिठाई की दुकान है। रविवार को अंकुश का ढाई वर्षीय इकलौता बेटा नमन उर्फ लड्डू अपनी दादी माया देवी व ताऊ रविनेश गुप्ता के साथ ढाई घाट मेला गया था। मेला पहुंचने पर पुल से पहले लगी खिलौनों की दुकानें देखकर नमन गेंद लेने की जिद करने लगा। इस पर रविनेश गुप्ता ने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और नमन को साथ ले जाकर एक दुकान गेंद खरीदने लगे। इसी बीच रविनेश के हाथ से नमन का हाथ छूट गया, जिससे वह सड़क किनारे चला गया। तभी उधर से चालक तेज रफ्तार में ट्रैक्टर-ट्रॉली ले जा रहा था। इससे नमन ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। सड़क पर गिरने से ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से उतर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

उधर, ताऊ रविनेश व दानी मायादेवी ने मुड़कर देखा तो सामने नमन का शव पड़ा था, जिससे दोनों बेसुध हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा गई। जिससे जाम की स्थिति बन गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। घटना स्थल फर्रुखाबाद के थाना शमशाबाद क्षेत्र का होने की वजह से शमशाबाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरा। इधर, जब मासूम नमन की मौत की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। पिता अंकुश परिजनों व रिश्तेदारों के साथ घटनास्थल पर जा पहुंचे। मां रोशनी गुप्ता व परिवार की अन्य महिलाओं का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था।



हादसे के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

**▸▸ मिर्जापुर कस्बे के मिठाई व्यापारी अंकुश गुप्ता का इकलौता बेटा था नमन**

### दिन भर हंसाता था, अब रुलाकर कहां चला गया

मासूम नमन की मौत से मां रोशनी गुप्ता रोते-रोते शांत होती तो उनके मुंह से एक ही बात निकलती। मेरा नमन अपनी तोतली बातों से पूरे परिवार को हंसाता रहता था, अब रुलाकर चला गया। काश मैंने बेटे के मेला जाने की जिद को न माना होता तो नमन की जान नहीं जाती। बिलख रही मां और दादी व परिवार की अन्य महिलाओं को देखकर हर किसी की आंखें नम हो रहीं थीं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा देकर लौट रहा युवक ट्रेन से गिरकर घायल

**निगोही।** पुलिस भर्ती परीक्षा देने के बाद शनिवार शाम घर लौट रहा एक युवक शाहजहांपुर-पीलीभीत रेलवे लाइन पर चलती ट्रेन से गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में ले जाया गया। जहां से परिजन उसे बरेली ले गए। निगोही क्षेत्र के गांव उदारा निवासी अमित यादव (25) शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा देने शाहजहांपुर गया था। शाम को परीक्षा खत्म होने के बाद करीब छह बजे पीलीभीत जाने वाली ट्रेन से घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव बिछौली के पास वह अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। अंधेरा होने की वजह से रात भर वह पटरी किनारे पड़ा रहा। रविवार सुबह गांव के लोग खेतों की ओर गए तब अमित को घायल अवस्था में पड़ा देख। लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर उसे सीएचसी निगोही भेजा। सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी सीएचसी पहुंच गए। वहां से डॉक्टर ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे बरेली ले गए।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# पुवायां में पंचायत के दौरान पति ने दिया तीन तलाक

शाहजहांपुर/ पुवायां

**अमृत विचार :** दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने बहू को मारा पीटा और घर से निकाल दिया। जब पंचायत हुई तो तीन तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर दिया। पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव पकड़िया हकीम निवासी सरवीन पुत्री इस्लाम खां ने बताया कि उसका निकाह छह साल पहले मैनूर खां निवासी कोरोकुइया थाना सिंधौली के साथ हुआ था। उसके मायके वालों ने शादी में आठ लाख रुपये खर्च किए थे। उसके ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से कार और दो लाख रुपये नगद मंगाकर दो। सरवीन ने कहा कि मायक वाले कार व दो लाख रुपये नहीं दे पाएगे। इस बात से ससुराल वाले नाराज हो गए और प्रताड़ित करने लगे। महिला का आरोप है कि 20 फरवरी को दिन में दो बजे ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। वह अपने मायके पहुंची और मायके वालों को जानकारी दी। उसके पिता इसलाम ने पकड़िया हकीम 13 जनवरी को दिन में एक पंचायत रखी। सरवीन के ससुराल वाले पंचायत में आए। ससुराल वाले दहेज की मांग पर अड़े रहे। उसके पति मैनूर खां ने पंचायत में तीन तलाक कहकर तलाक दे दिया। आरोप है कि पति ने पत्नी परवीन को मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि दहेज उत्पीड़न, जान से मारने की धमकी आदि की धारा में पति समेत नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

**▸▸ महिला ने पति समेत नौ लोगों पर लिखाई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट**

# जननायक ट्रेन में यात्री की हालत बिगड़ी, मौत

**रोजा, अमृत विचार :** जननायक ट्रेन से समस्तीपुर से अंबाला जा रहे यात्री की अचानक तबियत बिगड़ गई। रोजा में ट्रेन से उतारकर उपचार के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

आरपीएफ चौकी प्रभारी ताराचंद मीणा ने बताया कि उन्हें मेमो मिला कि रविवार की दोपहर उन्हें सूचना मिली कि जननायक एक्सप्रेस ट्रेन में बिहार प्रांत के जिला वैसाली के थाना वलीगांव निवासी मंजे माझी अपने परिवार के साथ समस्तीपुर से अम्बाला जा रहा था, बीच रास्ते में सीने में दर्द होने के कारण उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलते ही ट्रेन जैसे ही रोजा स्टेशन पर रूकी। पहले से तैयार एंबुलेंस से यात्री को उपचार के लिये जिला अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सार-संक्षेप

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़

**शाहजहांपुर।** एक ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि 16 फरवरी को सुबह चार बजे दूसरे समुदाय का युवक दीवार कूदकर उसके घर में घुस गया और उसकी 17 वर्षीय बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। बेटी के शोर मचाने पर उसकी बेटी जाग गई। उसने आरोपी से बेटी को बचाया। घटना के समय वह दूसरे मकान पर सो रहा था। पत्नी की सूचना पर वह घर पहुंचा तो आरोपी भाग चुका था। उसने सुबह थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उधर, पुलिस ने आरोपी की तलाश में दबिश दी, लेकिन आरोपी नहीं मिला।

### उधारी के रुपये मांगने पर महिला को पीटा

**खुटार।** गांव महेशपुर निवासी शिवकुमार की पत्नी शिवरानी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके देवर विनोद ने दामाद नन्हे से रुपये उधार में लिए थे और जल्द वापस कर देने को कहा था। काफी समय बीत जाने के बाद दामाद नन्हे अपनी सास शिवरानी के पास पहुंचा और कहा कि हमारे रुपये विनोद से वापस दिला दो। जिस पर शिवरानी ने देवर विनोद से रुपये वापस करने को कहा, जिसको लेकर विनोद ने अपनी भाभी शिवरानी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने शिवरानी की तहरीर पर विनोद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाद के चलते छोटे भाई व उसकी पत्नी को पीटा

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी लक्ष्मी पत्नी भरत ने बताया कि उसके पति चार भाई है। देवर शत्रुधन उसके साथ रहता है। उसके दो जेठ रामवीर व नेता अलग रहते हैं। पैतृक मकान के बंटवारे को लेकर उसका दोनों जेठ से विवाद चल रहा है। इसके चलते जेठ उसके दरवाजे पर गाली देने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लक्ष्मी को पीटकर घायल कर दिया। उसके पति बचाने आए तो उन्हें पीटा। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने रामवीर व नेता के खिलाफ मारपीट आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वाहन की टक्कर से पोल टूटा, कई मोहल्लों की बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में देवी प्रसाद इंटर कॉलेज के पास शनिवार देर रात किसी वाहन की टक्कर से बिजली का पोल टूट गया, जिससे कई मोहल्ले की बिजली गुल हो गई। करीब आठ सौ उपभोक्ताओं को पूरी रात बिजली की दिक्कत झेलनी पड़ी। रविवार सुबह बिजली कर्मचारियों ने दूसरा खंभा लगाकर लाइन चालू करवाई, तब लोगों ने राहत की सांस ली। बिजली लाइन दुरूस्त किए जाने के दौरान जाम की स्थिति बनी रही। सड़क से धीरे-धीरे वाहन निकलते रहे। जेई ने बिजली खंभा तोड़े जाने के मामले की तहरीर दी है।

पुराना जिला अस्पताल से बुद्ध पार्क तिराहे से कच्चा कटरा मोड़ की ओर जाने वाली सड़क के किनारे मोहल्ला खलीलशर्की में देवी प्रसाद इंटर कॉलेज के पास लगे हाईटेंशन लाइन के खंभे को शनिवार रात करीब 11:30 बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे खंभा टूट गया और आपस में तार टकराने की वजह से तेज आवाज के साथ चिंगारी उठने लगी। मोहल्ले के लोगों में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी अब्दुल्लागंज बिजली उपकेंद्र को दी गई, तब फिर बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। इससे खलीलशर्की, चौभुर्जी, मालखाना मोड़, मोहम्मदजई, हुंडालखेल आदि मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। रात में की जेई माता प्रसाद ने लाइन का जमफर खुलाकर कुछ मोहल्लों की सप्लाई शुरू करा दी। जबकि खलीलशर्की, चौभुर्जी मोहल्ले के अधिकांश घरों की बिजली गुल रही। रविवार सुबह बिजली कर्मचारियों ने दूसरा बिजली खंभा लगाकर लाइन दुरूस्त करने का काम शुरू किया। दोपहर लगभग 12 बजे बिजली दुरूस्त हो पाई। बिजली लाइन दुरूस्त किए जाने के दौरान जाम की स्थिति बनी रही। वहीं प्रथम पाली में देवी प्रसाद इंटर कॉलेज में जनरेटर चलाकर परीक्षा संपन्न करवाई गई।



दूसरा खंभा लगाने में जुटे बिजली कर्मचारी और रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

**▸▸ कर्मचारियों ने दूसरा पोल लगाकर दुरुस्त की लाइन, रविवार दोपहर तक चालू हो पाई आपूर्ति**

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab
डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने,
151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient
उपलब्ध सुविधायें :
- शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
- दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler )
- हिलते हुए दाँतों को जाम करना।
- दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT)
- मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
- दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
- सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless)
- दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing)
- टेढ़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces /Aligner)
- डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges)
- मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
- गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज।
- एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा।
- एडवान्स एक्स-रे यनिट
Before After
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी

# समरसता का संदेश देता है सिख समाज

## कुटिया साहब के प्रधान बोले- गुरु ग्रंथ साहिब में साढ़े पांच हजार बार आया राम का नाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


डॉ. विकास खुराना को सम्मानित करते पंजाबी समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के सिख पंजाबी समुदाय की ओर से श्री गुरुनानक आश्रम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें रामजन्म भूमि आंदोलन में अहम भूमिका अदा करने के लिए पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती व शहर के सामाजिक कार्यों व जनपद के इतिहास लेखन में योगदान देने के लिए एसएस कॉलेज के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा. विकास खुराना को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर तेल टंकी स्थित गुरुनानक आश्रम कुटिया साहब के प्रधान राजेंद्र सिंह मिंटू ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब में राम का नाम साढ़े पांच हजार बार आया है। सिख समाज समरसता का संदेश देता है। भारत की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के आधार में राम ही है। गुरु गोविंद सिंह की ओर से लिखित दशवतार में रामचरित अध्याय पुरुषोत्तम श्रीराम की महिमा का बखान करता है। उन्होंने कहा कि राम इस देश के आदर्श हैं। प्रत्येक परिवार चाहता है कि उनका परिवार रघुकुल के आदर्शों का पालन करे, जिससे श्रेष्ठ समाज की रचना हो सके। इसलिए धर्म को आधार बनाकर राम के जीवन मूल्यों को मानव में प्रतिस्थापित किए जाने के प्रयास भारतीय अध्यात्मिकता के मूल में हैं। बीबी कौला जत्थे के सरदार कोमल सिंह ने कहा कि भारतीय सनातन धर्म साकार निराकार में भेद नहीं करता, लेकिन सिख गुरुओं ने हिंदू समाज में पनप रहे आडंबरों, जाति-पाति, छुआछूत की भावना पर कड़ा प्रहार किया। गुरु अमरदास के समय लंगर अनिवार्य रूप से चलाया गया, जिससे निर्मल और सुखी समाज आगे बढ़ सके।

सिख पंजाबी समाज के अध्यक्ष सरदार राजू बग्गा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती द्वारा श्री रामजन्मभूमि आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई गई। वह इस आंदोलन के संयोजक थे, और भारतीय संत समाज के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने गोरक्षपीठ

**पंजाबी समुदाय ने स्वामी चिन्मयानंद और डॉ. विकास खुराना को किया सम्मानित**

अधिष्ठाता महंत अवैद्यनाथ के साथ मिलकर न केवल श्रीराम जन्मभूमि की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि अपने उद्देश्य की प्रतिपूर्ति हेतु दशकों तक अपना योगदान प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष तरीके से देते रहे। डॉ. विकास खुराना द्वारा जिले के सामाजिक कार्यों में अदा की गई भूमिका सराहनीय रही। स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की अनुपस्थिति में उनका सम्मान मुमुक्षु आश्रम की ओर से डॉ. विकास पांडेय द्वारा स्वीकार किया गया। इस अवसर पर सरदार कर्मजीत सिंह बग्गा, डॉ. अनिल त्रेहन, इंद्रजीत सचदेव, डॉ. संजय पांडेय, बिट्टू बजाज, यश, रणदीप सिंह, तेजेंद्र सिंह, बलजीत सिंह, रमनप्रीत सिंह, रोहित अरोड़ा, अमन प्रीत, पवन प्रीत, सुखवीर सिंह गांधी, जसपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

# प्रशासन ने दिखाई सख्ती तो व्यापारी खुद तोड़ने लगे दुकानें


खुदागंज में अपनी दुकानें तोड़ते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुदागंज

**अमृत विचार :** हाईवे चौड़ीकरण में बाधक बन रहीं अवैध रूप से बनाई गई दो सौ से अधिक दुकानें प्रशासन चिह्नित की थीं, जिन्हें ध्वस्त किया जाना है। पिछले पांच दिनों अवैध निर्माण पर प्रशासन का बुलडोजर चल रहा है। शुरुआत में व्यापारियों ने विरोध किया था। मगर प्रशासन का रुख सख्त देखकर रविवार को कुछ दुकानदारों ने अपना अतिक्रमण खुद तोड़ना शुरू कर दिया।

शनिवार को संस्कृत महाविद्यालय में आने वाली 40 दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया था। नायब तहसीलदार मनु माथुर के निर्देशन में पूरे दिन अभियान चलाया गया था। बताया जाता है कि अधिकांश दुकानदारों को प्रशासन की ओर से मुआवजा नहीं दिया गया है, जिसकी शिकायत व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृपाशंकर रस्तोगी ने डीएम से की थी। अवैध तरीके से बनाई गई दुकान हटने से हाईवे चौड़ीकरण का रास्ता साफ होगा। इस हाईवे का निर्माण मार्च 2024 तक पूरा होना है, जिसके चलते प्रशासन कार्य में विलंब नहीं करना चाहता। व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृपाशंकर रस्तोगी ने बताया कि अभी तक काफी संख्या में व्यापारियों को मुआवजा नहीं मिल पाया है। उसके लिए वह प्रयत्नशील हैं। जिन व्यापारियों की दुकान टूट रही है उन्हें मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## चोरी के सामान समेत दो आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। कटरा के प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि रविवार की शाम शारदा नहर पुलिया के निकट दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए चोर गंगादीन एवं कमलेश निवासी अतिशिबजान थाना कटरा है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से सरिया बरामद की है। साथ तमंचे व कारतूस भी बरामद किए है। पूछताछ के दौरान चोरों ने बताया कि रेलवे स्टेशन से सरिया चुराया था। पुलिस ने दोनों चोरों का चालान कर दिया।

## महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या की कोशिश की

पुवायां। क्षेत्र के ग्राम नहिलोरा बुजुर्ग की सरस्वती पत्नी अनूप कुमार 25 वर्ष ने किसी वजह से कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। अस्पताल स्टाफ के अनुसार परिजन उसे फंदे से उतार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज को लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद विवाहिता की गंभीर दशा को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हो रहा है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

# समाज का दर्पण होता है साहित्य : डॉ. इफजाल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


नदीम अंसारी के बाल कहानी संग्रह सुनहरा कलम का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** साहित्यिक संस्था इदराक एवं नजर मेमोरियल सोसायटी के तत्वावधान में रविवार को नदीम अंसारी के बाल कहानी संग्रह सुनहरा कलम का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कहानीकार इरफान अहमद अंसारी को साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुजतर अंसारी अवॉर्ड से नवाजा गया।

पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सभागार में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में इरफान अहमद अंसारी द्वारा संपादित नदीम अंसारी के बाल कहानी संग्रह सुनहरा क़लम का विमोचन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीएफ कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. इफजाल उर रहमान खां ने की। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। साहित्य सृजन के माध्यम से समाज के उत्थान में बहुत मदद मिलती है। उन्होंने इरफान अहमद अंसारी की साहित्यिक

**नदीम के बाल कहानी संग्रह सुनहरा कलम का विमोचन**

साधना की सराहना की। मुख्य अतिथि पूर्व आईआरएस कमल किशोर कठेरिया ने कहा कि साहित्यकार देश की धरोहर होते हैं। साहित्यकारों को हमेशा सम्मान दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रो. सैयद मोहम्मद नोमान, डॉ. गुलाम अशरफ़ कादरी, वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ. मोहम्मद अरशद खान, डॉ. तजम्मुल हुसैन आदि ने कहानी संग्रह सुनहरा क़लम का समीक्षात्मक विश्लेषण किया।

इस अवसर पर इस दौरान इदराक संस्था के महासचिव असगर यासिर, नज़र सोसाइटी के महासचिव हमीद खिजर, इदारा उफुक ए नौ के अध्यक्ष राशिद हुसैन राही आदि ने इरफ़ान अहमद को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर उर्दू कथाकार मुज़तर अंसारी स्मृति सम्मान प्रदान किया। वरिष्ठ उर्दू कहानीकार लतीफ रशीदी, सैयद रिज़वान अहमद, एम रहमान, जुबैर आलम, गुलिस्तां खान, हिना शकील, वरिष्ठ कवि दिनेश रस्तोगी, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, आफताब आलम कामिल, खलीक शौक, शाहिद रज़ा, फहीम बिस्मिल, इशरत सगीर, विकास सोनी, नफीस खां, सुधाकर तिवारी, आज़मा परवीन, लायबा नूर, हुदा फातमा आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. मंसूर अहमद सिद्दीकी ने और संयोजक महबूब हुसैन इदरीसी ने आभार व्यक्त किया।

# कोई नजदीकी हो सकता है राजवीर का कातिल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** परौर क्षेत्र में राजवीर सिंह हत्या कांड में पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना के खुलासे के लिए एसओजी समेत चार टीमें लगी है। पुलिस को घटना के कुछ क्लू मिले हैं। पुलिस के शक की सुई मृतक राजवीर के नजदीकियों के ईर्द-गिर्द घूम रही है। घटना का जल्द खुलासा होगा। पुलिस कुछ लोगों से पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया।

बदायूं के कस्बा बिसोली के मोहल्ला शिव कालोनी निवासी राजवीर सिंह परौर थाना क्षेत्र के गांव तालिकापुर में अपनी ससुराल में परिवार सहित रहते थे। वह शुक्रवार को किसी कार्य से अपने घर बिसौली गये थे। वहां से रात में साढ़े दस बजे तालिकापुर अपनी ससुराल में लौटे। जहां वह कार से

**पुलिस ने पिता की तहरीर पर दर्ज की हत्या की रिपोर्ट**

उतरकर घर के अंदर जा रहे थे। तभी दरवाजे पर अज्ञात लोगों ने उनकी ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी। मृतक राजवीर सिंह के पिता मुलायम सिंह निवासी बिसौली जिला बदायूं ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मामले में विवेचना कर रही परौर पुलिस ने कुडरिया गांव के दो लोगों से पूछताछ की। हालांकि पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। घटना के खुलासे के लिए एसओजी समेत चार टीमें लगी हैं। पुलिस को घटना से जुड़े कुछ सबूत मिले हैं। पुलिस और साक्ष्य जुटाने में लगी है। पुलिस के शक की सुई करीबियों के इर्द गिर्द घूम रही है। परौर एसओ सोनी शुक्ला ने बताया कि मृतक के पिता मुलायम सिंह की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**उठ रहे कई सवाल**

पुलिस ने मृतक राजवीर सिंह के मोबाइल को कब्जे में लिया है। पुलिस मोबाइल की काल डिटले निकलवाएगी। जबकि राजवीर सिंह की गांव में किसी से रंजिश नहीं थी। उसका गांव में किसी से झगड़ा तक नहीं हुआ था। जिसके चलते सवाल उठ रहा है कि राजवीर की हत्या क्यों की गई और हत्या करने वाले कौन हैं। हत्यारे अगर बदायूं से लगते तो रास्ते में मौका काफी मिला था। सवाल यह है कि घर पर आकर क्यों मारते। उसकी योजनाबद्ध तरीके से हत्या की गई है। जबकि किसी ने हत्यारों को देखा नहीं है। परिजन भी रंजिश से इंकार कर रहे हैं।

> राजवीर हत्याकांड में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना के खुलासे के लिए एसओजी समेत चार टीमें लगी है। घटना के कुछ क्लू मिले हैं और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। घटना का शीघ्र खुलासा होगा।
> – अशोक कुमार मीणा, एसपी

# दो पक्षों में मारपीट पांच लोग घायल

**कलान, अमृत विचार :** पशुओं के लिए चन्नी बनाए जाने को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चले। जिससे दंपति समेत पांच लोग घायल हो गए। गांव मरथरा निवासी मोहिनी पत्नी जितेंद्र श्रीवास्तव ने रविवार शाम पांच बजे थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसने पशुओं के लिए चारा खाने के लिए चन्नी बनवाई थी। पड़ोस में ही धर्मेंद्र श्रीवास्तव की पक्की दीवार है। इसी कारण उक्त लोग विरोध करने लगे, जिस पर उसने कहा कि आप लोग बवाल न करें, मामला आपस में निपटा लें। इसी बीच आरोपी के परिवारी आ गए और गाली गलौज करने लगे। जिस कारण मामला बढ़ गया और लाठी डंडा चलने लगे। जिसकी चपेट में आकर सास मीना पत्नी महेश श्रीवास्तव, जितेंद्र पुत्र महेश श्रीवास्तव, मोहिनी पत्नी जितेंद्र, मंजू पुत्री जितेंद्र घायल हो गए।

# सुबोध संरक्षक, पांचवीं बार अध्यक्ष बने खुर्शीद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


असंगठित मजदूर यूनियन नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** असंगठित मजदूर यूनियन का पंचम त्रिवार्षिक चुनाव/अधिवेशन रविवार को गुडलक मैरिज लॉन मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में हुआ। जिसमें सुबोध रावत प्रदेश संरक्षक, मो. खुर्शीद पांचवीं बार अध्यक्ष बने।

मुख्य अतिथि इंटक प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चंद्र मेहता, सहायक श्रमायुक्त विद्या प्रकाश शर्मा और मोहम्मद खुर्शीद ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का शॉल व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

इसके बाद यूनियन के संशोधित विधान के अनुसार आम सभा में प्रस्ताव व अनुमोदक में

**असंगठित मजदूर यूनियन का चुनाव संपन्न**

यूनियन की प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों का चुनाव सहायक श्रमायुक्त कासगंज विद्या प्रकाश शर्मा ने कराया। प्रदेश संरक्षक सुबोध रावत और मो. खुर्शीद को पांचवीं बार प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष जहीर अली, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, आफताब अहमद को पांचवी बार मंत्री चुना गया। इसी तरह संयुक्त मंत्री शांति स्वरूप शर्मा, संगठन मंत्री राधेश्याम, प्रचार मंत्री मो. यूसुफ, कोषाध्यक्ष मतलूब अली, कार्यालय मंत्री मो. गुलाम शाकिर व कार्यकारिणी सदस्य राजन मिश्रा, मो. शकील, रामू, फखरे आलम, जगपाल, मो. शकील, सत्यपाल, इब्ने हसन, प्रदीप कुमार, मो. आशिक हुसैन, आशा देवी, बालकराम गुप्ता, विनोद कुमार कश्यप, मो. मुईन, धर्मेन्द्र कुमार, शाहिद खां, वली हसन, वसीम व अब्दुल रिजवान खां रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को सहायक श्रमायुक्त ने शपथ दिलाई।

# पहले हॉट बाजार में रकम खपाई, अब गोशाला बनाने की तैयारी

## गरगइया त्रिलोकपुर में वर्ष 2011 में बना था हॉट बाजार, अब तक नहीं लगीं दुकानें, लोगों ने दुकानों में भर रखा है भूसा, पाथे जा रहे उपले

संवाददाता, सिंधौली

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत गरगइया त्रिलोकपुर में हाट बाजार का निर्माण लाखों रुपये खर्च करके कराया गया था, लेकिन इसका लाभ किसानों को नहीं मिल पाया। यहां बनाई गईं दुकानों में कुछ लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है, तो कुछ दुकानों के शटर गायब हो चुके हैं। शौचालय के दरवाजे गायब हैं। हाट बाजार की जगह उपले पाथे जा रहे हैं। कुछ लोग पशु बांध रहे हैं। यहां न कभी बाजार लग पाया और न ही किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल पाया।

खास बात यह कि इसको लेकर अधिकारी और नेता सब खामोश हैं। वर्षो से निष्प्रयोज्य पड़े इस हॉट बाजार को गोशाला बनाए जाने के लिए ब्लॉक अधिकारी ने उच्चाधिकारियों से पत्राचार की बात कह रहे हैं।



सिंधौली के गांव गरगइया त्रिलोकपुर में बना हॉट बाजार। ● अमृत विचार



बाजार के शौचालय से दरवाजा गायब।



गरगइया त्रिलोकपुर में हॉट बाजार में बनीं दुकानों से शटर गायब। ● अमृत विचार

गरगइया त्रिलोकपुर में हॉट बाजार का निर्माण वर्ष 2011 में कराया गया था। उस वक्त प्रदेश में बसपा सरकार थी। इस हॉट बाजार का निर्माण कराने का मकसद क्षेत्र के लोगों को रोजगार मुहैया कराने और किसानों को उनकी फसल का बेहतर मूल्य दिलाने का था। लगभग दो एकड़ में बनी इस इस हॉट बाजार में 20 पक्की सीमेंट की दुकानें बनवाई गईं थीं, हॉट बाजार परिसर में दो टीनशेड डाले गए थे। इसके दक्षिणी कोने पर शौचालय बना है। ताकि बाजार आने वाले या बाजार में व्यापार करने वाले लोगों को शौच आदि के लिए इधर-उधर न भागना पड़े।

**ज्यादातर दुकानों के शटर गायब, शौचालय के दरवाजे टूटे**

इस बाजार का निर्माण होने से बिलंदपुर-गद्दीपुर, कटिया बुजुर्ग, गोरारायपुर समेत करीब एक दर्जन गांव के लोगों को इस हॉट बाजार से लाभ मिलता। मगर जनता की कमाई को दुकानों और शौचालय के निर्माण में लगा दिया गया, लेकिन बाजार अभी तक एक दिन भी नहीं लग पाया।

अब हालत यह है टीनशेड टूट चुका है, इसके अलावा शौचालय के पास झाड़ियां उग आईं हैं और शौचालय के दरवाजे टूटकर गायब हो चुके हैं, 20 दुकानों में अधिकांश के शटर गायब हो गए हैं और जिन दुकानों में शटर लगें हैं, वह लोगों के कब्जे में हैं, उनके भूसा-कंडा आदि सामान भरा हुआ है।

### गोशाला बनवाए जाने की उठती रही मांग

निष्प्रयोज्य पड़े इस हॉट बाजार में गोशाला बनाए जाने की मांग बराबर उठती रही लेकिन अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। गांव के लोगों का कहना है कि यदि हॉट बाजार शासन-प्रशासन लगाने की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है तो फिर आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए इसे गोशाला के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, क्योंकि चारो तरफ दीवार बनी हुई हैं, दो गेट भी लगे हुए हैं और एक हैंडपंप भी लगा है।

"मामले की जानकारी करके जांच कराई जाएगी कि आखिर आज तक बाजार क्यों नहीं लग पाई। काफी समय से हाट बाजार निष्प्रयोज्य है, इसलिए ग्रामीणों की मांग के अनुसार गोशाला बनवाए जाने के लिए उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया जाएगा।

– **देव कुमार चतुर्वेदी**, खंड विकास अधिकारी

## क्रीड़ा छात्रावास के लिए खिलाड़ियों का चयन पांच से

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए खिलाड़ियों का जिला स्तर पर चयन पांच से सात मार्च को सुबह नौ बजे से किया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में विभिन्न खेलों के चयन ट्रायल सुबह नौ बजे से शुरू हो जाएंगे।

क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि पांच मार्च को बालक वर्ग की जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस का चयन ट्रायल होगा। इसी तरह छह मार्च को बालक वर्ग की क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो और हैंडबाल के लिए चयन किया जाएगा। इसी तरह सात मार्च को बालिका वर्ग की जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबाल, बैडिमिंटन, टेबिल टेनिस, कबड्डी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, हैंडबाल के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की ओर से फाजिलपुर में लगा चिकित्सा शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को ब्लॉक मदनापुर के गांव फाजिलपुर में निशुल्क नेत्र रोग, सामान्य रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य ईशपाल सागर द्वारा किया गया।

शिविर में 119 मरीजों ने पंजीकरण कराया। जांच के दौरान सात मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। मोतियाबिंद के चयनित मरीजों को मेडिकल कॉलेज की बस द्वारा वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल लाया गया। जहां सभी चयनित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है।



चिकित्सा शिविर में चेकअप कराने पहुंचे मरीज।

- **119 मरीजों ने कराया पंजीकरण जांच में सात मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित**
- **मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में मरीजों को दी गई जानकारी**

शिविर में मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप एवं दवाइयां वितरित की गई।

इस मौके पर चिकित्सकों द्वारा लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया गया। साथ ही बताया गया कि अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरे विधि व फेको विधि द्वारा, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा, कंप्यूटर द्वारा चश्मे के नंबर व प्रमाणीकरण व जांच की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में उपलब्ध है, जो कि एक वर्ष के लिए मान्य है। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग की चिकित्सक डॉ. तफीम, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. संभवी पांडेय, सामान्य रोग विभाग के डॉक्टर शरत सुंदर, नेत्र टेक्नीशियन वसुधा यादव, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक, समाज सेवक जितेंद्र गंगवार उपस्थित रहे।

## हर मनुष्य की साझा संपत्ति है आत्मा का ज्ञान

**शाहजहांपुर :** सावन कृपाल रूहानी मिशन की स्थानीय शाखा कृपाल आश्रम में रविवार को संत कृपाल सिंह महाराज का 130वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरु वंदना से शुरू हुए जन्मोत्सव में अनुयायियों ने ध्यान-सुमिरन कार्यशाला में सहभागिता की और वीडियो के माध्यम से संत कृपाल के जीवन पर आधारित फिल्म देखी। आध्यात्मिक विचार गोष्ठी में सचिव डॉ. कैलाश चंद्र रस्तोगी ने कहा कि ईश्वर सभी के हृदय में स्थित है। आत्मा का ज्ञान हर देश, रंग और जाति के मनुष्यों की साझी संपत्ति है। आत्म ज्ञान का परम लक्ष्य और आदर्श आत्मा व परमात्मा का मिलाप है। उन्होंने कहा कि नर देह ही सर्वोत्तम योनि है। इससे उच्चतम कोई वस्तु नहीं है। मानव शरीर ईश्वरीय सृष्टि का श्रेष्ठतम प्रतिरूप है।

## बुजुर्ग की मौत के बाद भी नहीं बदले तार

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद के उबरिया गांव में बुजुर्ग की बिजली के तार की चपेट में आकर मौत होने के बाद भी बिजली के तार नहीं बदले गए। गांव उबरिया निवासी 60 वर्षी रामनाथ खेतों में पशुओं के लिए चारा लेने गुरुवार सुबह गया था। दोपहर लगभग 12 बजे वह बरसीम काटकर उसको बोरी में भरकर सर पर लादकर घर लौट रहे थे। तभी गांव के पश्चिम तालाब के किनारे सत्यपाल के खेत की मेड पास 33000 केवी की लाइन के ढीले तारों से उनकी सर पर रखी घास भरी बोरी टच हो गई। भारी बोरी टच होते ही बिजली के करंट से रामनाथ की झुलस कर मौत हो गई।

### सार-संक्षेप

## पुवायां बार एसोसिएशन के पदाधिकारी सम्मानित



**खुटार।** पुवायां तहसील बार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का खुटार में फूल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। पुवायां बार एसोसिएशन के हुए चुनाव में नवनियुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार पाठक, महामंत्री गौरव शुक्ला, कोषाध्यक्ष विपिन दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, संयुक्त मंत्री अभिनव सिंह एवं संयुक्त मंत्री विजय मिश्रा का खुटार गोला रोड अनीश शर्मा के आवास पर स्वागत सम्मान किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक एवं भाजपा नेता डॉक्टर प्रदीप शुक्ला ने एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील पाठक का फूल माला, गुलदस्ता भेंट कर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल माला गुलदस्ता व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राम प्रकाश मिश्र सुआ, अभय दीक्षित, अनीश शर्मा, बृजेश मिश्र, जितेंद्र मिश्र बाबूजी, आशु पांडेय, डॉ. मनोज शर्मा सहित तमाम लोग रहे।

## पुवायां की बेटी ने 42.2 किमी की मैराथन दौड़कर किया नाम रोशन



**शाहजहांपुर/ पुवायां।** मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (अटल सेतु) देश का सबसे लंबा पुल है, जो अरब सागर पर लगभग 21.8 किलोमीटर तक बना है। इस पुल का 12 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था। अटल सेतु पर कई संस्थाओं की ओर से 18 फरवरी को पहली मैराथन दौड़ कराई गई। इसके लिए लगभग 5000 लोगों ने नामांकन किया था। लगभग 250 लोगों ने पूर्ण मैराथन के लिए नामांकन किया था, जो 42.2 किमी थी। इस दूरी को 5:30 घंटे के भीतर पूरा करना था। इसमें हिस्सा लेने वाली 10 महिलाओं ने 42.2 किमी की फुल मैराथन पूरी की। पुवायां के वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यप्रकाश गुप्ता की बेटी पत्रिका गुप्ता भी शामिल रहीं। पत्रिका गुप्ता और उनके पति मनीष गुप्ता ने 5.30 घंटे के भीतर पूरा करके इतिहास रचा।

## 12 करोड़ से अधिक टैक्स वसूली बनी चुनौती

**शाहजहांपुर।** 12 करोड़ से अधिक का जलकर व गृह कर लोगों पर बकाया है। नगर निगम यह पैसा नहीं वसूल पा रहा है। निगम प्रशासन ने अब 37 बड़े बकायेदारों को अंतिम मांग नोटिस जारी कर दिया है। निगम प्रशासन हर वर्ष 53 हजार 600 से अधिक लोगों से 15 करोड़ से अधिक का गृहकर व जलकर जमा कराता है। शहर में 37 ऐसे प्रतिष्ठान मालिक हैं, जो चार करोड़ 56 लाख रुपये से अधिक के बकायेदार है, जबकि 31 सरकारीविभाग पौने आठ करोड़ रुपये जमा नहीं कर रहे हो। दिसंबर व जनवरी में नगर निगम प्रशासन ने इन सभी को मांग नोटिस जारी किए थे।जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अपना 57 लाख रुपये बकाया जमा कर दिया था लेकिन अन्य विभागों ने सुध नहीं ली। 37 प्रतिष्ठान मालिक भी गृहकर व जलकर जमा करने को लेकर गंभीर नहीं हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

### क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम कविता पुत्री कमलेश निवासी बुखारी टोला खीरी टाउन अंकित हो गया है। उसका सही नाम कविता चक्रवर्ती पुत्री मिथलेश निवासी मोहल्ला थरवरनगंज शहर लखीमपुर खीरी है। भविष्य में मेरी पुत्री इसी नाम से जानी पहचानी जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शोभम अग्रवाल (Shobham Agarwal) व शुभम अग्रवाल (Shubham Agarwal) दोनों नाम मेरे ही हैं तथा मैं इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ। भविष्य में मैं शुभम अग्रवाल (Shubham Agarwal) के नाम का ही प्रयोग करूंगा व इसी नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा। **शुभम अग्रवाल पुत्र प्रदीप कुमार अग्रवाल निवासी 91, मो. साहूकारा थाना कोतवाली शहर व जिला पीलीभीत**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सगे भाई विशाल कुमार कश्यप का व्यवहार व चाल चलन ठीक नहीं है। इसी कारण मैं अपने भाई से सम्बन्ध विच्छेद कर रहा हूँ। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **विकास कुमार कश्यप पुत्र स्व. श्री सतीश कश्यप निवासी आनन्दपुरम कालोनी तहसील सदर थाना सदर बाजार, जिला शाहजहाँपुर।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचे छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.वी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# विवाहिता पुत्री ने माता-पिता पर लगाया जेवर और नगदी हड़प लेने का आरोप

संवाददाता, कलान

▸▸ पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** विवाहित पुत्री ने अपने माता-पिता पर आभूषण और नगदी हड़पने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि किशोर अवस्था में हुए दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी निकालने के एवज में जो रुपये मिले थे, उन्हें भी हड़प लिया और मारपीट की। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

जनपद फर्रुखाबाद की कोतवाली कायमगंज इलाके में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उसका मायका कलान थाना क्षेत्र के एक गांव में है। वह 16 फरवरी को सोने-चांदी के आभूषण पहनकर और 10 हजार रुपये लेकर अपने मायके आई थी। उसे माता-पिता से तयसुधा रकम तीन लाख 30 हजार रुपये लेने थे। क्योंकि उसे यह रकम पांच वर्ष पहले उसके साथ किशोर अवस्था में हुए दुष्कर्म के मामले में एक युवक को निकालने के बदले रुपये दिए गये थे। उसके माता-पिता ने वो रकम ले ली और उल्टे उसके सोने चांदी के आभूषण एवं 10 हजार रुपये की नगदी भी ले ली। जान से मारने की नीयत से गर्दन दबा दी और मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह चिल्लाई तो रात में करीब साढ़े दस बजे गांव के लोग इकट्ठा हो गए। उसने रात में ही कलान नगर में बने अपने ससुराल वालों के मकान में रात काटी। महिला ने बताया कि दुष्कर्म के दो आरोपी तीन वर्ष से अभी भी जेल में हैं।

# परीक्षा देकर लौट रहे दो युवकों को वाहन ने रौंदा, एक की मौत

## लखीमपुर खीरी के रहने वाले हैं दोनों, बाइक पर ननिहाल जा रहे थे

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/ केशवापुर



सीएचसी में रोते बिलखते परिवार वाले। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** लखीमपुर से पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा देकर ननिहाल जा रहे बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन से टकरा गए, जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया।



मृतक गगन।

हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम परेली निवासी गगन वर्मा (25) पुत्र राजू वर्मा अपने मित्र शोभित अवस्थी (24) पुत्र रामनिवास निवासी सेमरई के साथ बाइक से सिपाही भर्ती परीक्षा देने लखीमपुर गया था। दूसरी पाली की परीक्षा देने के बाद देर शाम दोनों युवक बाइक से गगन की ननिहाल सिसावां कला जा रहे थे। बताया जाता है कि ग्राम घुग्घुलपुर के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर गिरकर दोनों गंभीर घायल हो गए।

लोगों की मदद से दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने गगन वर्मा को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर घायल शोभित अवस्थी का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। गगन की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर परिजन रोते बिलखते सीएचसी पहुंच गए। मृतक के पिता राजू ने बताया कि गगन परिवार के साथ हरिद्वार में फैक्ट्री में काम करता है। मृतक गगन चार भाई, बहनों में सबसे बड़ा था और दो दिन पहले ही हरिद्वार से पुलिस सिपाही की परीक्षा देने के लिए घर आया था।

# भाषण प्रतियोगिता में ऐनुल सिद्धार्थ व विनीश बने विजेता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ जीएफ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बताए टीबी के लक्षण और बचाव के उपाय

**अमृत विचारः** जीएफ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की मिश्रित छात्र-छात्रा इकाई का शिविर चौथे दिन भी जारी रहा। कंपोजिट विद्यालय दिलाजाक में चल रहे शिविर में स्वास्थ्य विभाग के रंजीत सक्सेना और सुभाष खन्ना ने क्षय रोग से संबंधित जानकारियां दीं। वहीं द्वितीय सत्र में भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसमें ऐनुल, सिद्धार्थ और विनीश विजेता रहे।

जीत सक्सेना ने बताया कि सरकार का उद्देश्य 2025 तक भारत को क्षय रोग मुक्त बनाना है, जिसके लिए सरकार प्रयासरत है और इसकी रोकथाम के लिए हर सार्थक कदम भी उठा रही है। इस दौरान उन्होंने शिविरार्थी छात्र-छात्राओं को टीबी के शुरुआती लक्षण एवं उसके रोकथाम और उपाय के तरीके भी बताए। सुभाष खन्ना ने कहा कि क्षय रोग के बारे में लोगों को जागरूक होकर समय से चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए। क्षय रोग लाइलाज बीमारी नहीं है। टीबी किसी को भी हो सकता है, लेकिन नियमित दवा के सेवन से इसे ठीक भी किया जा सकता है। इसके बाद स्वयंसेवकों ने मोहल्ले में जाकर क्षय रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया और बताया कि सरकारी अस्पताल में इसका मुफ्त में इलाज कराया जा सकता है।

दूसरे सत्र में भाषण प्रतियोगिता हुई। भारत को विश्व गुरु बनाने में युवाओं की भूमिका एवं विकसित भारत एक लक्ष्य 2047 विषय पर प्रतियोगिता हुई। इसमें ऐनुल हुदा ने प्रथम, सिद्धार्थ शुक्ला ने द्वितीय और विनीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. तनवीर हुसैन और डॉ. रईस अहमद शामिल रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कौसर जमाल ने किया। उजाला, तनीषा, गीता, रोहित, अब्दुल रहमान आदि का सहयोग रहा।


## मुफ्त स्वास्थ्य मेला

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

20 फरवरी 2024, मंगलवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

कैम्प स्थान
अग्रवाल धर्मशाला
तिलहर, शाहजहाँपुर

में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।

सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।

कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें

• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • सामान्य दवाईयां मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त हड्डी की जाँच (BMD) मुफ्त।

कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें

• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।

दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।

परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।

अन्य सुविधायें:
1. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
2. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।

सौजन्य से :
अग्रवाल सेवा समिति, तिलहर, शाहजहाँपुर

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989


## वेद परमात्मा की अमर वाणीः आचार्य जितेंद्र

**तिलहर।** आचार्य जितेंद्र आर्य ने कहा कि परमपिता परमात्मा जन्म और मृत्यु के बंधन से परे है। वह सृष्टि के कण-कण में व्याप्त है और वह कभी उत्पन्न नहीं होता। रविवार को आर्य समाज में वैदिक गोष्ठी के दौरान आचार्य जितेंद्र आर्य ने कहा परमात्मा सभी का माता-पिता और गुरु है। सृष्टि के आदि और अंत में वह हमेशा विद्यमान रहता है। वह निराकार है और सारी सृष्टि का वह संचालन कर्ता है। उन्होंने कहा कि वेद परमपिता परमात्मा की अमर वाणी है। सृष्टि की आदि में परमात्मा ने प्रजा के हित में वेदों का उपदेश किया है और सृष्टि के प्रलय में भी वेद का ज्ञान बना रहता है। जब सृष्टि का सृजन होता है तब परमात्मा अपना ज्ञान वेद के रूप में पुनः स्थापित करता है। इस अवसर पर पंडित गिरीश चंद्र शर्मा ने वेदों की नियंता और ईश्वर के निराकार स्वरूप का वर्णन करते हुए वेद और ईश्वर भक्ति का भजन सुना कर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ के साथ हुआ। इस दौरान लोकेश कुमार ने गुरुकुल अयोध्या में 29 फरवरी से तीन मार्च तक गुरुकुल के शताब्दी समारोह में लोगों से भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर आर्य समाज के दासीराम आर्य, अमित मौर्य विष्णु सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।



वैदिक गोष्ठी में बोलते आचार्य जितेंद्र आर्य।

# ...लेकिन हम दागी कभी अपना किरदार नहीं करते

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ ओसीएफ के कवि सम्मेलन मुशायरा में कर्मचारी और शायरों ने बांधा समां




ओसीएफ में कवि सम्मेलन-मुशायरा में मौजूद कवि-शायर और साथ में हैं वरिष्ठ महाप्रबंधक अखिलेश कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ऑर्डनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री में शनिवार रात कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों और शायरों ने काव्य पाठ कर खूब वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि वरिष्ठ महाप्रबंधक अखिलेश कुमार ने सभी साहित्यकारों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कवि सम्मेलन-मुशायरा कवि गोविंद कृष्ण बाजपेयी ने मां सरस्वती की वंदना और मो. रिज़वान ने नात शरीफ से आरंभ किया।

फिर राजेश्वर दयाल पाठक ने कविता पढ़ी- वह अक्सर मेरी मुफलिसी पर तंज करता है, उसे मेरी मोहब्बत की दौलत का शुमार नहीं।

वरिष्ठ शायर जर्रार तिलहरी ने सुनाया- नहीं नहीं की जगह लफ्ज हां निकल जाए, मैं चाहता हूं तुम्हारी जुबां फिसल जाए।

शरीफ अमीन ने सुनाया- आइए दिल के टूट जाने पर, किसने लिक्खा शराब खाने पर।

गोविंद कृष्ण बाजपेयी ने सुनाया- प्यार के जाम पी लीजिए आज रिश्तों को सी लीजिए, कोई हिंदू, मुसलमां न हो आदमी बन के जी लीजिए। सैयद शारिक ने सुनाया- बोसीदा लिबासों से ढक लेते हैं तन, लेकिन हम दागी कभी अपना किरदार नहीं करते।

राजीव सिंह भारत ने सुनाया- न कोई राह न मंजिल का बसर है, बड़ा मुश्किल ज़िंदगी का सफर है। करो फरियाद पर इतना समझ लो ये अंधों और बहरों का शहर है।

विश्वनाथ विश्व ने पढ़ा- परदेशी से प्रीति लगायी, व्यर्थ रही तरुणाई। प्यासे मन की प्यास बुझा दे, बासंती पुरवाई।

जाकिर अली अर्श ने सुनाया- मुझको हैरत की निगाहों से न देखो लोगों, मैं शायर हूं मेरी आंखों में गजल रहती है।

इस मौके पर जितेंद्र अग्निहोत्री, मो. रिजवान, शारिक अली, आशुतोष शुक्ला आदि ने भी काव्यपाठ किया।

कवि सम्मेलन-मुशायरा में मुख्य अतिथि वरिष्ठ महाप्रबंधक अखिलेश कुमार, विशिष्ट अतिथि टीसीएल डब्ल्यूडब्ल्यूए की अध्यक्ष पूनम सक्सेना, अपर महाप्रबंधक एके वर्मा, मीरा वर्मा, एस के मीना, लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार, प्रकाश प्रभाकर, ऋषि बाबू, महिमा सिंह, अंजली प्रभाकर, संगीता, राजीव कंचन समेत नीरज दीक्षित, मुकेश कुमार, वसीम अहमद, अमन सक्सेना, दिनेश सक्सेना, दिनेश सिंह आदि यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन सैयद शारिक ने और कनवीनर शारिक अली ने आभार व्यक्त किया।

## जिला बदर अपराधी को सीमा से किया बाहर

**शाहजहांपुर।** सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट ने अभियुक्त नरेंद्र निवासी अजीत नगला थाना कलान को जिला बदर किया है। उसके गांव डुगडुगी पिटवायी गई और जिला बदर अपराधी नोटिस उसके मकान पर चस्पा किया। सीओ ने बताया कि जिला बदर अपराधी अजीत को रविवार को जिले की सीमा से बदायूं बॉर्डर पर किया गया।

# चौकी पर सजाई गई मूर्ति दर्शन को पहुंच रहे लोग

संवाददाता, निगोही



चौकी पर सजी श्रीकृष्ण की मूर्ति और पास में बैठी छात्रा।

▸▸ दो दिन पहले जमीन की खुदाई करके निकाली गई थी मूर्ति

**अमृत विचार :** सपौरा गांव में खुदाई करके निकाली गई श्रीकृष्ण की मूर्ति को चौकी पर सजाकर पूजा-अर्चना की जा रही है। वहीं, पूजा नाम की छात्रा देवी के समान चोला पहनकर बैठी है। लोग मूर्ति और छात्रा दोनों को देखने पहुंच रहे हैं।

निगोही इलाके के सपौरा निवासी विनोद सिंह पिछले कई वर्ष से बीसलपुर में परिवार सहित रहते हैं। विनोद सिंह की 13 साल की बेटी पूजा ठाकुर कक्षा आठ में पढ़ती है। पूजा का दावा है कि पिछले एक वर्ष से उसे सपना आ रहा था कि जिंदपुरा मुड़ियाखेड़ा की मजार के निकट श्रीकृष्ण की मूर्ति है। उसने कई बार परिजनों से सपने की जानकार दी, लेकिन परिजनों ने मजाक समझा। इसके बाद पूजा को रोज सपने आने लगे और उसने खाना-पीना छोड़ दिया। इस पर विनोद गुरुवार शाम चार बजे 20 लोगों के साथ सपौरा गांव पहुंचे और पूजा के बताए स्थान पर खुदाई की। इस पर मजार की देखभाल करने वाले गुड्डू मियां ने विरोध किया। फिर थाना निगोही जाकर शिकायत की। इस बीच पूजा के परिजन श्रीकृष्ण की मूर्ति खोदकर अपने गांव सपौरा ले गए और खेत के पास पीपल के नीचे तख्त पर रखकर पूजा अर्चना शुरू कर दी। इसकी चर्चा फैली तो दर्शन करने वालों का तांता लगने लगा। तभी से तमाम लोग मूर्ति के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

> धार्मिक स्थल के केयर टेकर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। धार्मिक स्थल के पास सुरक्षा के लिहाज से पुलिस तैनात कर दी गई है।
> -अमित चौरसिया, सीओ सिटी।


## मुफ्त स्वास्थ्य मेला

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

25 फरवरी 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

कैम्प स्थान
रोजी पब्लिक स्कूल
कलान, शाहजहाँपुर

में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।

सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।

कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें

• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त

कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें

• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।

दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।

परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।

अन्य सुविधायें: 1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।

सौजन्य से : हेल्प लाइन सोसाइटी, शाहजहाँपुर
लोकनाथ तिवारी, (प्रिंसिपल) - मो. 7571007411

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989



## मुफ्त स्वास्थ्य शिविर

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

नाक, कान, गला रोग विभाग

दूरबीन द्वारा मुफ्त नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन (बिना चीरे के)

दिनांक 19.02.2024 से 29.02.2024 तक
समय : प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

शिविर में आये हुए मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें

• ब्लड शुगर मुफ्त • आँख की सिरिंजिंग मुफ्त
• खून की जाँच (CBC) मुफ्त
• गुर्दे की जाँच (KFT) व लीवर की जाँच (LFT) मुफ्त
• दूरबीन से नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन मुफ्त (दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• CT Scan 50% छूट पर
• SERUM ELECTROLYTE 50% छूट पर
• VIRAL MARKERS (एच.आई.वी., एच.सी.वी., हेपेटाइटिस बी) 50% छूट पर




निम्न रोगों का मुफ्त परामर्श :-

● आँखों से ज्यादा आँसू बहना, नासूर में ब्लॉकेज, आँख के पास सूजन/आँख से मवाद आना।

ओ.पी.डी. पंजीकरण शुल्क मात्र 50/- रुपये

पर्चा बनवाने के लिए OPD पंजीकरण काउंटर नं. 61 पर जायें।
स्थान : कमरा नं. 248 नाक, कान एवं गला रोग ओ.पी.डी.

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
Mob. 7521001988, 7521001989


# बजाज चीनी मिल में गर्म रस गिरने से दो श्रमिक झुलसे

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर, दोनों की हालत गंभीर

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर निवासी घनश्याम (35) पुत्र कढिले और हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदिया निवासी हरिनाम (25) पुत्र छोटेलाल चीनी मिल के ठेकेदार विष्णु कुमार के ठेके में दिहाड़ी मजदूरी करते हैं।

शुक्रवार की अल सुबह लगभग चार बजे दोनों मजदूर गन्ना रस हीटर के पास काम कर रहे थे। इसी दौरान जूस हीटर का स्टीम पाइप खोलते समय गर्म रस दोनों के ऊपर गिर गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद चीनी मिल में हड़कंप मच गया। मिल प्रबंधन ने दोनों मजदूरों को उपचार के लिए ओयल ट्रामा सेंटर भर्ती कराया, जहां दोनों की हालत नाजुक होने के कारण डाक्टरों ने उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। वहां भी दोनों की हालत गंभीर बताई गई है।

> चीनी मिल में गर्म रस गिरने से दो श्रमिक झुलस गए थे। दोनों का उपचार चल रहा है, उनकी हालत में सुधार है। मिल प्रबंधन श्रमिकों को हर सम्भव मदद दे रहा है। -सतीश श्रीवास्तव, पीआरओ, बजाज हिंदुस्थान लिमिटेड।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल, दो रेफर

**गोला गोकर्णनाथ।** मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम पहाडपुर गांव निवासी खुशीराम पुत्र त्रिलोकी, परशुराम पुत्र पंचमलाल, हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम देउवापुर निवासी रूपराम पुत्र लालाराम, वैदाखेडा निवासी रमाकांत पुत्र राजाराम सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टरों ने रूपराम और रमाकांत की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### चलती बस से कूदी महिला सड़क पर गिरकर घायल

**गोला गोकर्णनाथ।** लखीमपुर डिपो की चलती रोडवेज बस से अज्ञात महिला कूद पडी, जिससे वह घायल हो गई। उसे डायल 112 से उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां महिला की हालत खराब होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार को लखीमपुर रोड पर महिला ने यह कदम किसलिए उठाया, इसका पता नहीं चल सका। घटना से चालक और परिचालक भी घबड़ा गये। हड़बड़ाहट में उन्हें यह भी पता नहीं चला कि यह महिला कहां की और कौन है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** सेहरामऊ दक्षिणी के एसओ रोहित सिंह ने बताया कि रक्षपाल सैदापुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी व आजाद सिंह निवासी कस्बा सेहरामऊ दक्षिणी के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

# आयुर्वेदिक फार्मेसी: सीमित स्टाफ के दम पर 19 जिलों को हो रही दवा सप्लाई

## महज पांच कंधों पर है जिम्मेदारी, 459 आयुर्वेदिक चिकित्सालयों को होती है दवा सप्लाई

सुनील यादव, पीलीभीत


**अमृत विचार :** आयुर्वेदिक दवाओं की सप्लाई में प्रदेश में दूसरा स्थान रखने वाली ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी सिस्टम के मकड़जाल में फंसी हुई है। वैसे तो फार्मेसी के संचालन को दस पद सृजित है। मगर, यहां की सारी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी महज पांच कंधों पर ही चल रही है। सीमित स्टाफ के दम पर ही यह फार्मेसी प्रदेश के 19 जिलों को दवा सप्लाई कर रही है।

असाध्य रोगों के इलाज के लिए वर्ष 1899 में पीलीभीत में राज परिवार के लालता प्रसाद और उनके भाई हरिप्रसाद ने आयुर्वेदिक कॉलेज की स्थापना कराई थी ताकि लोगों को सस्ता और बेहतर इलाज मिल सके। बताते हैं कि शुरू में जिस भवन में आयुर्वेदिक कॉलेज की शुरुआत की गई। वह राज परिवार का घुड़साल हुआ करता था। भवन में बने आवासों में ही कक्षाएं संचालित की जाने लगीं। उन्नीस के दशक में टीचिंग फार्मेसी की शुरुआत हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं को औषधियों के निर्माण की प्रक्रिया से रूबरू कराया जाता था।

इसके बाद कॉलेज के पीछे 20 एकड़ जमीन भी मुहैया कराई। जहां एकेडमिक ब्लॉक एवं राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी स्थापित की गई।



ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी। ● अमृत विचार


फार्मेसी में बनाई जा रही दवा।

### फार्मेसी की क्या है स्थिति

वैसे तो फार्मेसी में फार्मेसी अधीक्षक समेत करीब 14 पद सृजित है। फार्मेसी अधीक्षक के पद पर डॉ. प्रकाश चंद्र तैनात है। भृत (दवा बनाने वाले) के चार सृजित पदों में मात्र एक की तैनाती है। जबकि फार्मासिस्ट, प्रयोगशाला सहायक का एक-एक पद रिक्त चल रहा है। यहां निर्माण वैद्य के पद पर जगदीश कुमार तैनात है, मगर वह इसी माह में सेवानिवृत होने वाले हैं। खास बात यह है कि इस फार्मेसी में पैकर, चौकीदार, चपरासी एवं स्वच्छक का भी एक-एक पद सृजित है, लेकिन इन चारों पदों पर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से ही काम चलाया जा रहा है। ऐसे में आने वाले समय में फार्मेसी की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखना बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

> राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी में स्टॉफ की कमी पूर्व से ही चली आ रही है। इसमें एक पद इसी माह खाली होने जा रहा है। चार पदों पर आउटसोर्स कर्मचारियों से काम चलाया जा रहा है। सीमित स्टाफ के सहारे ही बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। **-डॉ. भारत ज्योति,** प्रभारी अधीक्षक, राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी।

### इन चिकित्सालयों में दवा सप्लाई की है जिम्मेदारी

राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में एक दौर था जब 17 तरह की दवाएं बनती थी। बीच में व्यवस्थाएं गड़बड़ाई तो यहां मात्र छह प्रकार की दवाएं ही बनने लगी, लेकिन बाद में स्थितियों में सुधार हुआ। वर्तमान में यहां 30 प्रकार की दवाओं का निर्माण किया जा रहा है। मौजूदा समय में फार्मेसी प्रदेश के 19 जिलों के 459 चिकित्सालयों में दवाएं सप्लाई कर रही है।

# आपस में लड़ाने का काम कर रही भाजपा: जग्गा

**पीलीभीत, अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की ओर से शनिवार को पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक (पीडीए) जन पंचायत का आयोजन पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरसा, जितौरिया गांव में किया गया। इसमें सपा की नीतियों और कार्यों को बताया गया। जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण पिछ्डों,दलित व अल्पसंख्यकों का विकास नहीं हो पा रहा है। किसान-नौजवान परेशान व दुखी हैं। प्रदेश में वर्तमान में सिर्फ़ जुमलेबाजी चल रही है। खाली पड़े पदों पर भर्तियां बंद हैं। पढ़ा-लिखा नौजवान बेकारी का दंश झेल रहा है। भाजपा सरकार सिर्फ लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आरती महेंद्र ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। अगर आगामी चुनाव में भाजपा को नहीं रोका गया तो अल्पसंख्यकों,पिछड़ों व दलितों का नुकसान होगा। इस मौके पर हाजी लाडले, प्रेम बाबू, संजय सिंह यादव, मुरारीलाल शर्मा, प्रशांत अवस्थी, नन्हेलाल कुशवाह, कौशल भारती, राजपाल वर्मा, हरिप्रसाद वर्मा, रजनीश यादव, अमन यादव, अनिल कुमार शर्मा, उदित यादव एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# हाईस्कूल के छात्रों को जाना होगा अधिक दूरी के परीक्षा केंद्रों पर

संवाददाता, पसगवां

- **शासन के अनुसार नजदीकी स्कूल व कॉलेज में ही परीक्षा केंद्र होना चाहिए**

**अमृत विचार:** जंगबहादुरगंज स्थित केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के परीक्षार्थियों के दो परीक्षा केंद्र विपरीत दिशाओं में बनाए गए हैं। 153 परीक्षार्थी पूरब में 20 किमी दूर भारतीय इंटर कॉलेज मैगलगंज और इतने ही परीक्षार्थियों का पश्चिम में 17 किमी दूर नालंदा पब्लिक इंटर कॉलेज बनका में परीक्षा केंद्र बनाया है। अभिभावकों और छात्रों को इससे बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।

शासनादेश के अनुसार नजदीकी स्कूल और कॉलेजों में ही परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्रों होना चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ है। जंगबहादुरगंज से कम दूरी के परीक्षा केंद्रों में मुलायम सिंह यादव कन्या इंटर कॉलेज सुखवसा सात किमी, उमा पब्लिक इंटर कॉलेज सहिजना रामपुर बनवारी 10 किमी, श्री हनुमत इंटर कॉलेज दुल्हापुर किसान 12 किमी, चंदन लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज भौनापुर 14 किमी, आदर्श इंटर कॉलेज और कालिका प्रसाद इंटर कॉलेज बरवर 16 किमी हैं।

इसमें चार कॉलेज एक ही दिशा में हैं, लेकिन केन ग्रोवर्स के हाईस्कूल के छात्रों को अधिक दूरी के दो विपरीत दिशाओं में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

प्रवेश पत्र मिलने के बाद छात्र को पता चल पाया कि उसका परीक्षा केंद्र कहां है। दूर-दूर गांवों से सामान्य परिवार के पढ़ने वाले छात्रों के अधिकांश अभिभावक इसे नाइंसाफी बता रहे हैं। दोनों ही परीक्षा केंद्र विपरीत दिशा में हैं। कुछ परिवार ऐसे भी हैं जिनके दो से चार छात्र पढ़ते हैं और परीक्षा केंद्र अलग-अलग हैं। उनके समक्ष तमाम मुसीबत खड़ी हो रही हैं। सभी को समय से सेंटर पहुंचाना दिक्कतें पैदा करेगा। वहीं नालंदा इंटर कॉलेज बनकागांव का सेंटर लगभग 30 किलोमीटर दूर बरवर के परीक्षा केंद्र पर भेजा गया है। सेंटर निर्धारित करने में की गई विभागीय लापरवाही परीक्षार्थियों व अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों का निर्धारण प्रयागराज बोर्ड से होता है। जिले से सिर्फ तसदीक की जाती है। इसमें अब कुछ नहीं हो सकता है।

# खेल कूद प्रतियोगिताओं में बच्चों ने लिया भाग


जलेबी दौड़ में भाग लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** नगर के कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई, जिसके सेमी फाइनल में आज फ्राग रेस, जलेबी रेस, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल,पेपर बॉल बैलेंस, जंपिंग रेस, एंटी क्लॉक व ईज रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। जूनियर वर्ग में इस्मीत, आरुषि, अनुप्रिया, अर्सलान, अनामिका, सरस, दीपांशु, इनाया, रोहित, अग्रिमा ने प्रथम, काव्या, अंशिका, रुद्रशी आर्यन, हर्षिता, अयान, कलस, हार्दिक, आदित्य, देव मे द्वितीय और विराज, अमृता, मनरूप किसन, अपूर्वी, अरबाज, निधि, पलक, सुयेब,अंशिका को तृतीय स्थान मिला। सीनियर वर्ग में क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम ए और खो -खो में टीम बी को मिला। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# सांड़ के हमले में महिला घायल

**पूरनपुर, अमृत विचार:** छुट्टा पशुओं के बढ़ते हमलों से ग्रामीण में भय और चिंता का माहौल है। घुंघचिहाई थाना क्षेत्र में हालात ज्यादा खराब हैं। सांड़ ने सड़क पर जा रही वृद्धा पर हमला कर दिया। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घुंघचिहाई क्षेत्र के गांव केशौपुर की शांति देवी (85) पत्नी छोटेलाल शनिवार सुबह पड़ोसी के घर जा रही थीं। रास्ते में सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। वृद्धा के चीखने पर जमा हुए ग्रामीणों ने लाठी डंडे फटकार कर सांड़ को भगाया। आनन-फानन में महिला को पूरनपुर सीएचसी भिजवाया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बता दें कि पिछले दिनों सांड़ के हमले में घायल एक और महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घुघचिहाई के ही करीब आधा दर्जन लोग पशुओं के हमलों में गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग उठाई थी। फिर यहां से 30 पशुओं को कजरी निरंजनपुर गोशाला भेजा गया था।

# तीन थारुओं को पकड़ने पर वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता पलियाकलां

**अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व की बनकटी रेंज के जंगल में रविवार को जलौनी लकड़ी लेने डनलप सहित घुसे थारू जनजाति के कुछ लोगों की सूचना मिलने पर वन विभाग के रेंज ऑफिसर बनकटी ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। इसकी सूचना थारू गांवों में आग की तरह फैल गई और बड़ी संख्या में थारू जनजाति के स्त्री व पुरुष बनकटी रेंज कार्यालय पहुंच गए। वहां उन्होंने जबर्दस्त प्रदर्शन कर नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे वन कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में पुलिस बुलाई गई।

रविवार को कुछ थारू डनलप लेकर रेंज के संरक्षित जंगल में जा घुसे और लकड़ी काटने की कोशिश करने लगे। किसी ने इसकी सूचना बनकटी रेंजर को दी। इसके बाद वनकर्मियों व पुलिस ने जंगल में घुसे थारू जनजाति के लोगों को रोका और तीन लोगों को पकड़ कर बनकटी रेंज कार्यालय ले आए और उनसे पूछताछ शुरू कर दी। उधर, जैसे ही थारू जनजाति के लोगों को इसकी खबर लगी दर्जनों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने बनकटी रेंज कार्यालय में पहुंचकर हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामा के साथ ही वन विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक कि डिप्टी डायरेक्टर व रेंज अधिकारी के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए और वनकर्मियों पर थारू जनजाति के लोगों ने 1500 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक में जलौनी लकड़ी के प्रति डनलप से वसूलने के आरोप भी लगाए।


दुधवा टाइगर रिजर्व की बनकटी रेंज कार्यालय पर प्रदर्शन कर नारेबाजी करते थारू।


दुधवा की बनकटी रेंज कार्यालय में वन कर्मियों से बात करते थारू समुदाय के प्रतिनिधि।

- **थारुओं ने बनकटी रेंज कार्यालय का घेराव कर की नारेबाजी**
- **जलौनी लकड़ी लेने के लिए जंगल में गए थे थारू जनजाति के लोग**

> पकड़े गए लोगों को पूछताछ के लिए केवल बैठाया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। बाकी इन लोगों ने जो आरोप लगाए हैं वे सरासर गलत हैं। **-निर्भय प्रताप शाही,** बनकटी रेंजर

थारू जनजाति के लोगों का कहना है कि उन्होंने एसडीएम को इस संदर्भ में पिछले दिनों एक ज्ञापन भी दिया था, जिसके बाद उन्होंने तहसील में वन विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक भी की थी।

बैठक में यह तय हुआ था कि थारु पहले की तरह अपनी जरूरत के लिए घास-फूस, जलौनी लकड़ी लाते रहेंगे, लेकिन रविवार को फिर से जंगल के अंदर वन विभाग ने थारु जनजाति के लोगों को रोका और तीन ग्रामीणों सरियापारा निवासी राजेश कुमार, रामकुमार व घुमनी को पकड़कर बनकटी रेंज कार्यालय में लाया गया है। थारू जनजाति के लोग इस मांग पर अड़े रहे कि जब तक हमारे साथियों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक हम यहां से जाने वाले नहीं हैं। धरना-प्रदर्शन इसी तरह जारी रहेगा। उधर, दुधवा टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर एवं डिप्टी डायरेक्टर से बात करनी चाही तो दोनों अधिकारियों के फोन नहीं मिले। फिलहाल बनकटी रेंज में एसडीओ दुधवा महावीर सिंह, बनकटी रेंजर निर्भय प्रताप शाही सहित गौरीफंटा, चंदनचौकी, मैलानी, दुधवा, बेलरायां और दक्षिण सोनारीपुर के रेंजर अधीनस्थों सहित भारी पुलिस बल व एसएसबी जवान तैनात हैं।

# गांव पसियापुर में तैनात रही पुलिस

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचार :** थाना मैलानी की पुलिस चौकी संसारपुर क्षेत्र अंतर्गत गांव पसियापुर में शुक्रवार की देर शाम गांव पूजा के बाद बरोसी निकालने को लेकर दो समुदायों के बीच रास्ते के विवाद से उत्पन्न स्थितियां धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं। गांव में दूसरे दिन भी पुलिस तैनात रही।

मैलानी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर डाटपुर के मजरा पसियापुर में शुक्रवार की देर शाम गांव की पूजा के बाद बरोसी निकालते वक्त रास्ते को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था। इस पर एक पक्ष के लोग वहीं बैठ गए और दूसरे पक्ष पर पूजा की बरोसी न निकालने देने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। बताया कि परम्परा के अनुसार पूजा की बरोसी इसी रास्ते से निकालकर गांव की परिक्रमा की जाती थी। दूसरे समाज के लोग इधर से निकलने नहीं दे रहे हैं। कस्बा चौकी इंचार्ज मोहित पुंडीर मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बात कर मामले को शांत कराया। तनावपूर्ण स्थिति को ध्यान में रखते हुए लगातार दूसरे दिन पीआरबी 2867 और कस्बा चौकी पुलिस गांव में निगरानी कर रही है। किसी तरह से माहौल खराब न होने पाए जिसको गंभीरता से लेते हुए चौकी पुलिस पूरे गांव में फ्लैग मार्च किया।


पसियापुर में दूसरे दिन भी तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

- **गांव में बरोसी निकालने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद**

### परीक्षा का हवाला देकर पुलिस ने बंद कराईं कुछ दुकानें

**गोला गोकर्णनाथ।** रविवार को दूसरे दिन भी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर दो पालियों में परीक्षा थी, जिसे लेकर शनिवार की शाम को ही तमाम अभ्यार्थी गोला पहुंच चुके थे, जो रविवार सुबह गोला आए उन्हें जाम की झाम झेलना पड़ा। लखीमपुर रोड पर कृषक समाज इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र के पास तमाम दुकानें खुली थीं पर कुछ दुकानों को पुलिस ने जबरन बंद करा दिया। जिसने विरोध किया उसे हवालात दिखा दी। जिससे व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा। तमाम व्यापारी कोतवाली पहुंचे। तब पुलिस को व्यापारियों को छोड़ना पड़ा। व्यापारियों का कहना था कि जब कोई दिक्कत थी तो अन्य दुकानों को क्यों बंद नहीं कराया। इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

# कलश यात्रा के साथ श्री शतचंडी महायज्ञ शुरू

संवाददाता, रोशननगर

**अमृत विचार:** रोशननगर कस्बे में दुर्गा माता मंदिर पर सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ के आरंभ पर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश प्रजापति ने बताया कि 21 फरवरी को यज्ञाचार्य पंडित रवि शुक्ला द्वारा अग्नि प्रवेश के साथ हवन, पूजन, परिक्रमा शुरू होगी। रासलीला के कलाकारों द्वारा दिन और रात में रासलीली दिखाई जाएगी। कलश यात्रा रोशन नगर से अंबरपुर होते हुए कठिना नदी के घमहाघाट से जल भरकर श्रद्धालुओं ने लाकर यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित किय। कलश यात्रा में मुख्य यजमान हरद्वारी लाल, सर्वेश गुप्ता, प्रेमचंद वर्मा, विनोद पाल, नीलम पांडे, रिया गुप्ता, पार्वती देवी, पंकज गुप्ता, ज्ञानचंद, रामाधार वर्मा आदि लोग शामिल रहे।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### शराब की दुकान पर रोडवेज के रोल का बिल

**पीलीभीत।** अंग्रेजी शराब की दुकान से निकला बिल रोडवेज के कागज रोल पर होने का मामला सामने आया है। इस बिल की प्रति सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई है। बताते हैं कि शनिवार रात अंग्रेजी शराब की दुकान से एक युवक ने शराब खरीदी। उसने कार्ड से ऑनलाइन पेमेंट किया। आरोप है कि ई पॉश मशीन से जो बिल मिला उसे देखकर वह हैरान हो गया। चूंकि शराब दुकान की मशीन से निकलने वाला बिल परिवहन निगम की बसों के टिकट के रोल पर था। शराब दुकान का नाम और पता भी लिखा था। जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इधर, इस मामले पर रोडवेज के जिम्मेदार अनभिज्ञता जता गए। फिलहाल शहर में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

**कार्यालय थाना मूसाझाग, बदायूँ**

**नीलामी वाहन सूचना**

दिनांक 19.02.24 को थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ के 2 चार पहिया वाहन व 29 दो पहिया वाहन माल मुकद्दमाती MV Act व लावारिस वाहनों की नीलामी होना प्रस्तावित है। वाहन थाना मूसाझाग व लखमपुर यार्ड में खड़े है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रजिस्टर्ड कबाड़ी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वाहनों की नीलामी में बोली लगायें।

प्रभारी निरीक्षक
थाना मूसाझाग, बदायूँ

**कार्यालय ग्राम पंचायत बूंची, विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बूंची, विकास खंड शेरगढ़, बरेली में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य मनरेगा योजना द्वारा कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईंट, रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्मों से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनाँक 19 फरवरी 2024 से 21 फरवरी 2024 अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | बूंची मेन रोड से भूरा के मकान की ओर सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | ल. 100 मी. | 8.50 लाख |

प्रधान-श्रीमती रामकली सचिव-संजीव सिंह

# निपुण एप का प्रयोग न करने पर 109 स्कूलों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भाषा का ज्ञान करने के लिए निपुण योजना की शुरुआत तो कर दी गई लेकिन अभी भी कई स्कूलों में इस एप का प्रयोग नहीं हो रहा। 1208 में से 1099 स्कूलों में एप का प्रयोग पाया गया जबकि 109 ने इसे दरकिनार कर दिया। बीएसए की ओर से लापरवाह प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

शासन की ओर से परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को संख्या ज्ञान आदि भांपने के लिए पांच जुलाई 2021 को निपुण एप की शुरुआत की गई थी। इस योजना के तहत जिले के 1508 विद्यालयों में 1208 विद्यालयों को शामिल किया गया था। इन स्कूलों में 63840 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इसमें कक्षा एक से तीन तक में पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में पहले की तरह जोड़ा जाना है। निपुण लक्ष्य में अंकित दक्षताओं के आकलन के लिए विभाग ने निपुण लक्ष्य एप तैयार किया है। कक्षाओं में इसका ऑफलाइन उपयोग किया जा सकता है। इस एप को रीडिंग एलांग एप के माध्यम से जोड़ा गया है। एप में विषय विशेषज्ञों की ओर से बच्चों के उपयोग में आने वाले प्रश्न तैयार अपलोड किए गए हैं। वैसे तो इस एप का उपयोग का परीक्षण डायट मेंटर, स्टेट रिसोर्स ग्रुप एसआरजी व अकादमिक रिसोर्स परसन यानी एआरपी स्कूलों में जाकर करेंगे। इसमें तय समय में 75 प्रतिशत अंकों व भाषा का ज्ञान होने पर ही बच्चे निपुण माने जाएंगे।

> निपुण एप पर बच्चों की टेस्ट न लेने वाले 109 विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है। हिदायत दी गई है कि वह प्रतिदिन स्कूल में कम से कम पांच बच्चों का ऑनलाइन टेस्ट लें। अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **- अमित कुमार सिंह,** बीएसए

**इन ब्लॉकों की यह है स्थिति :** इस एप के माध्यम से समस्त शिक्षकों को प्रतिदिन एप पर छात्र-छात्राओं को टेस्ट लेना होगा। इसमें 60 शब्द प्रति मिनट की गति से पढ़ने वाला ही निपुण श्रेणी में आएगा। मगर जिले में निपुण अभियान में शामिल स्कूलों की 109 विद्यालय निपुण एप का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। न ही छात्र-छात्राओं को एप के माध्यम से टेस्ट ले रहे हैं।

**न्यायालय श्रीमान अपर लघुवाद न्या., बरेली**
मूल वाद सं.- 800 सन् 2014
नियाज मोहम्मद आदि बनाम वली मोहम्मद आदि।
**बनाम**
1. मोहम्मद फारूख उम्र लगभग 32 वर्ष, 1/2 मोहम्मद साऊद उम्र लगभग 45 वर्ष, 1/3 मो. सद्दाम उम्र लगभग 28 वर्ष, 1/4 मो. नौशाद उम्र लगभग 26 वर्ष, 1/5 मो. फामिद उम्र लगभग 50 वर्ष, 1/6 मो. फाऊद उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्रगण स्व. वली मोहम्मद, 1/7 फातिमा उम्र लगभग 65 वर्ष पत्नी स्व. वली मोहम्मद, 1/8 शबाना उम्र लगभग 55 वर्ष, 1/9 यासमीन उम्र लगभवग 34 वर्ष 1/10 रूखसाना उम्र लगभग 36 वर्ष पुत्रीगण स्व. वली मोहम्मद निवासीगण सिविल लाइंस मुस्तफा नगर थाना सुभाषनगर, जिला बरेली ....... प्रतिवादीगण
चूंकि मुसम्मी वादीगणों ने आपके नाम एक नालिश वास्ते निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुकुम दिया जाता है कि आप वतारीख 21.02.2024 अदालत या मारफत किसी वकील को मुकदमा हाजा से वसूली वाकिफ हो मय कागजात मुलकात के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज तारीख 15.02.2024 को मेरे दस्तखत व मोहर / अदालत से जारी किया गया।
आदेशानुसार मुंसरिम
न्यायालय अपर लघु वाद न्यायाधीश, बरेली

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुतलकपुर, विकास खंड रामनगर, जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सामग्री आपूर्ति सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/15वां वित्त/मनरेगा धनराशि के सापेक्ष सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा, सिल्ट केचर, फिल्टर चैम्बर, स्टॉम वाटर का निष्पादन/प्रबंधन, दीवार चित्रण, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा क्रय, इन्सीनरेटर मरम्मत/क्रय, आर. आर.सी., कूड़ा कलेक्शन, शौचालय मरम्मत कार्य, नाली निर्माण/मरम्मत (संस्थागत/घर) आदि हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | कार्य का प्रकार | कार्य की मात्रा/नग | वित्त पोषक योजना | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक कम्पोस्ट पिट | 05 | SBM(G) | 1,10,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 2. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 01 | FFC | 57,600/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 3. | सामुदायिक कचरा पात्र | 01 | FFC | 10,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 4. | सामुदायिक प्लास्टिक बैंक | 01 | SBM(G) | 10,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 5. | फिल्टर चैम्बर | 03 | SBM(G) | 1,20,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 6. | कचरा वाहन ई-रिक्शा | 01 | FFC | 1,25,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 7. | एकीकृत ठोस अपशिष्ठ | 01 | FFC | 6,03,036/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 8. | मलीय कचरा प्रबन्धन हेतु ट्रेंचिंग | 01 | FFC | 15,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 9. | सामुदायिक एवं इन्सिनरेटर | 01 | SBM(G) | 10,844/- | 2% | 200 | 3 माह |

उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत में कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था या फर्म के चयन हेतु दिनांक 19.02.2024 को 10 बजे से दिनांक 23.02.2024 दोपहर 2 बजे तक अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। निविदा की नियम व शर्त विवरण निविदा पत्र में अंकित है, जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय (पं.सचिवालय) में प्राप्त की जा सकती है। निविदादाताओं की जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाणित पेन कार्ड की छाया प्रति एवं संबंधित कार्यो का संलग्न होना है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पं. को होगा। सामग्री क्रय घट या बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत के नाम से डिमांड ड्राफ्ट या चेक से जमा किया जायेगा। अल्पकालीन निविदा के आवेदन को पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से ग्राम पं. सचिवालय में उपलब्ध कराया जा सकता है।

ग्राम प्रधान-नवाब अली सचिव-प्रदीप राणा

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा चुनौतियां

आज दुनिया परमाणु खतरों, जलवायु संकट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जोखिम जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पहले से कहीं अधिक विभाजित है। इन हालात में इस वर्ष के म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन का खास महत्व रहा। आयोजन की महत्ता के मद्देनजर विदेशमंत्री एस.जयशंकर तीन दिवसीय म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में शामिल हुए। सम्मेलन वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर केंद्रित रहा। इससे पहले सम्मेलन के आयोजकों ने दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता पर केंद्रित म्यूनिख सुरक्षा रिपोर्ट जारी की।'रक्षा का दावोस' कहा जाने वाला एमएससी अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का एक बड़ा मंच है। इस मंच के जरिए दुनिया भर के नेता और राजनयिक अहम मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। ये प्रमुख सुरक्षा और विदेश नीति के मुद्दों पर चर्चा और समाधान करने पर केंद्रित है। यानि यह राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, सैन्य अधिकारियों, विशेषज्ञों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के लिए वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर बातचीत और बहस में शामिल होने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसकी शुरुआत 1962 में एक जर्मन सैन्य अधिकारी एवाल्ड फोन क्लाइस्ट ने की। क्लाइस्ट वही सैन्य अधिकारी हैं जिन्होंने तानाशाह एडोल्फ हिटलर की हत्या की योजना बनाई। सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने यूरोप और अमेरिका की विभिन्न आशंकाओं को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत पश्चिमी देशों का विरोधी नहीं बल्कि पश्चिमी देशों से अलग है। रूस के साथ व्यापार और दूसरी तरफ अमेरिका के साथ बढ़ते संबंधों के बीच संतुलन बनाए रखने के मुद्दे पर कहा यूक्रेन रूस विवाद पर भारत अपनी बात स्पष्ट करता रहा है। भारत ने इस मामले पर हिंसा को खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति से बीच का रास्ता निकालने की वकालत की है। गाजा में मौजूदा स्थिति को लेकर चिंता के बीच कहा कि भारत कई दशकों से कहता रहा है कि फिलिस्तीन मुद्दे का द्विराष्ट्र समाधान होना चाहिए। महत्वपूर्ण है कि जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में यह टिप्पणी की। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। कहा जा रहा है कि एमएससी यूक्रेन संकट और फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष जैसी कई वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा के लिए अनूठा अवसर साबित हुआ। वहां अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की गई। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को तात्कालिकता और एकजुटता की नई भावना के साथ न्याय-आधारित समाधानों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

# सौर ऊर्जा से बुंदेलखंड में विकास की संभावनाएं



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है।

जहां एक ओर शुष्क और गर्म जलवायु,पानी की कमी और पठारी क्षेत्र होने के कारण बुंदेलखंड खेती,उद्योग और विकास की दृष्टि से पिछड़े होने का दंश झेल रहा है,वहीं दूसरी ओर यही कमी इसको नवीकरणीय सौर उर्जा के बेहतर उत्पादन को लिए अनुकूल माहौल भी प्रदान करता है। यही कारण है कि बुंदेलखंड में खाली जमीन की उपलब्धता और मौसम के साफ रहने के कारण प्रचुर मात्रा में उपलब्ध सौर ऊर्जा से यहां पर सोलर प्लांट लगाने को निजी कंपनियां आकर्षित हुई हैं। उपयुक्त जलवायु के चलते बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा प्लांटों की स्थापना काफी पहले प्रारंभ हो गई थी।

वर्ष 2016 में पनवाड़ी,महोबा और हमीरपुर में लगाए गए निजी सौर ऊर्जा प्लांटों से लगभग 200 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बुंदेलखंड के सातों जिलों बांदा,चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी और ललितपुर में अब तक लगभग साढ़े 500 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट निजी कंपनियों के माध्यम से स्थापित किए जा चुके हैं। यूपीनेडा के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में बड़ी सौर परियोजनाएं मात्र 18 जिलों में चल रही हैं जिनमें सात जिले बुंदेलखंड के ही हैं। ज्यादातर परियोजनाएं बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त इलाकों में है,जहां की जमीन खेती के दृष्टिकोण से उन्नत नहीं है। यूपीनेडा के अनुसार राज्य में स्थापित 949 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजनाओं में से 553 मेगावाट की परियोजनाएं बुंदेलखंड में हैं। सरकार ने बुंदेलखंड में उपयुक्त जलवायु और क्षेत्रीय स्थिति के दृष्टिगत यहां सौर विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार हजार मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर का निर्माण करने की योजना तैयार की है,जिस पर लगभग 55 सौ करोड़ रुपए का निवेश होगा।

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्युएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इसी योजना के

वस्तुत : सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है।

तहत 600-600 मेगावॉट क्षमता की सोलर पॉवर पार्क की झांसी और ललितपुर में स्थापना की जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 80 प्रतिशत लोग जीवाश्म ईंधन यानि डीजल-पेट्रोल का उपयोग कर रहे हैं जिसका परिणामस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग,जलवायु परिवर्तन,ओजोन संकट का खतरा सामने आ रहा है। इसके विकल्प के रूप में अपनाए जाने वाले नवीकरणीय ऊर्जा के बेहतर उपयोग के लिए विश्व में लगभग 4.5 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है जिसके लिए विकासशील और विकसित देश सक्षम नहीं है। हालांकि भारत एशिया में तीसरे और दुनिया में पांचवें स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। फिर भी यहां कुल ऊर्जा खपत में जीवाश्म ईंधन से 75.5 प्रतिशत,परमाणु शक्ति से 2.8 प्रतिशत,सौर ऊर्जा से 4.2 प्रतिशत,पवन ऊर्जा से 4.6 प्रतिशत,पनबिजली से 10.7 प्रतिशत,बायोमास 0.5 प्रतिशत ऊर्जा का उपयोग हो रहा है।

भारत के अधिकांश क्षेत्र में वर्ष में 250-300 धूप निकलने वाले दिनों सहित प्रतिदिन प्रति वर्गमीटर 4-7 किलोवाट घंटे का सौर विकिरण प्राप्त होता है। इसके बावजूद उपलब्ध क्षमता की तुलना में देश में सौर ऊर्जा का दोहन बहुत ही कम है। वस्तुत उष्णकटिबंधीय देश होने के नाते भारत में सौर ऊर्जा के दोहन की अपार संभावनाएं है। इसमें हिमालय के पहाड़, बुंदेलखंड के पठार,राजस्थान रेगिस्तान, गुज़रात के कच्छ सहित अन्य प्रदेशों के पहाड़ी और बंजर जमीन उपयोगी साबित हो सकते हैं। इसी के दृष्टिगत सरकार ने भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता को वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावाट तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश के ग्रामीण इलाकों के दूरदराज क्षेत्रों तक स्वच्छ और सस्ती बिजली पहुंचाने के लिए वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना शुरू की गई थी,लेकिन वर्ष 2024 तक सौर ऊर्जा के 40 गीगावाट लक्ष्य की तुलना में उत्पादन मात्र 11 गीगावाट का ही हो पाया है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए भारत सरकार ने पीएम सूर्योदय योजना प्रारंभ की है जिससे लोगों को न केवल 24 घंटे मुफ्त बिजली मिलेगी,बल्कि हरित ऊर्जा के लक्ष्य की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत रुफ टाप सोलर (आर टी एस) योजना का सरलीकरण कर हरेक घर की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

देश के लगभग 25 करोड़ घरों के छतों पर 637 गीगावाट सौर संयंत्र स्थापित कर सकने की क्षमता है। संस्था टेरी के अनुसार जहां सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली की लागत 2.50 से 3.50 रुपये प्रति यूनिट है,वहीं ग्रिड आधारित बिजली की लागत छह से सात रुपये है। मार्च 2019 में केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में डीज़ल को खत्म करने,किसानों को पानी और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने,उनकी आय बढ़ाने और पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पीएम कुसुम योजना की शुरुआत की जिसके अंतर्गत 30 अप्रैल 2023 तक भारत में कुल 219,674 सौर सिंचाई पंप स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में मात्र 20688 पंप लगाए गए हैं जिनमें से 5589 बुंदेलखंड क्षेत्र हैं। सौर सिंचाई पंप बुंदेलखंड में किसानों को खरीफ सीजन के बाद फसल उगाने में मदद कर रहे हैं जिससे इन क्षेत्रों से पलायन रुक रहा है। सौर ऊर्जा संयंत्रों की रख-रखाव के लिए 30 हजार युवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें 'सूर्य मित्र' का नाम दिया गया है। प्रोत्साहन प्रावधानों के तहत ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था के साथ ही सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्टॉम्प ड्यूटी और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत-प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है,लेकिन छोटे शहरों और गांवों में आरटीएस योजना ज्यादा सफल नहीं हो सकी है,क्योंकि यहां बिजली कटौती ज्यादा होती है। वैसे भी आरटीएस योजना के लिए एकमुश्त पैसे देना भी निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए आसान नहीं है। कुसुम-बी योजना में 36,842 स्वीकृत सौर पंपों की तुलना में मात्र 12,773 पंप ही लगे। कुसुम-सी योजना में 4 लाख पंप की तुलना में एक भी पंप नहीं लग पाया है। वैसे भी सोलर पंप योजना बुंदेलखंड की परिस्थितियों के दृष्टिगत ज्यादा उपयुक्त नहीं है,क्योंकि यहां भू-जल स्तर पहले से ही कम है। सोलर पंप के चलते ज्यादा भूजल दोहन होने पर भूमि के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ेगा,लेकिन अन्ना पशुओं की समस्या से ग्रस्त बुंदेलखंड में सोलर चालित फेंसिंग उनके फसलों को अन्ना पशुओं और वनरोजों से बचाने में उपयोगी साबित हो सकता है।

वस्तुतः सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है। जब तक सूर्य मौजूद है तब तक पृथ्वी पर यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध भी होता रहेगा। इतना ही नहीं इस ऊर्जा को बैटरियों में संग्रहित भी किया जा सकता है,लेकिन वर्तमान में सौर पैनलों की साफ- सफाई एक समस्या के रूप में सामने आ रही है जिसमें प्रति वर्ष लगभग 10 बिलियन गैलन जल का उपयोग किये जाने का अनुमान है। बुंदेलखंड जैसे पानी की कमी से जूझ रहे क्षेत्र के लिए यह एक चुनौती है। यदि जलरहित सफाई की जाती है तो एक तरफ यह श्रमसाध्य कार्य है,दूसरी ओर इससे पैनलों की सतहों पर अपरिवर्तनीय खरोंच लगने का खतरा भी उत्पन्न होता है जिससे पैनलों की दक्षता कम हो सकती है। फिर भी सौर ऊर्जा बुंदेलखंड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिसका न तो पर्यावरण पर कोई असर पड़ने वाला है और न ही यहां के जल संसाधन या खेती पर कोई विपरीत असर पड़ेगा।

## प्रसंगवश

# मुझे कैसा डर

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तानाशाही से संघर्ष करते जनयोद्धा, वकील एलेक्सी नवेलनी की बीते शुक्रवार साइबेरिया की जेल में मृत्यु हो गई। वे मात्र 47 वर्ष के थे। उन्हें जेल में जहर देकर मारने की आशंका है। वे 19 साल की सजा काट रहे थे। पुतिन की पार्टी यूनाइटेड रशिया को नवेलनी 'ठगों की पार्टी' बताते थे। मास्को में नवेलनी की पत्नी यूलिया ने कहा कि पुतिन को इसकी सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा:' मैं वैश्विक बिरादरी से रूस की शैतानी सरकार के खात्मे की अपील करती हूं।' मां ल्यूडमिला ने कहा कि मैं 12 फरवरी को बेटे से जेल में मिली थी,वो स्वस्थ और खुश था।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान नवेलनी ने कायम की। उन्होंने 2008 में एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। वह 2013 में मास्को के मेयर पद के लिए खड़े हुए थे और दूसरे नंबर पर आए थे। बाद में उन्होंने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की कोशिश की,लेकिन आपराधिक मुकदमों की वजह से उन पर रोक लगा दी गई। उन्होंने इन मुकदमों को राजनीति से प्रेरित बताया था। रूस के खुफिया एजेंटों ने 2020 में नवेलनी को साइबेरिया में घातक जहर नोविचोक देकर मारने की कोशिश की थी। जर्मनी में इलाज के बाद उन्हें चेताया गया था कि उनका रूस लौटना सुरक्षित नहीं होगा। नवेलनी ने किसी की नहीं सुनी और कहा कि ' मैं रूस लौटूंगा,जर्मनी में राजनीतिक प्रवासी नहीं बनूंगा।' नवेलनी कहते थे:'मुझे कैसा भय? डर तो उनको (पुतिन) लगना चाहिए।' याद आते हैं रूसी संपादक और नोबेल पुरस्कार से नवाजे गए पत्रकार दिमित्री मुरातोव। पुतिन के अन्याय का वह भी शिकार रहे। उन दिनों जेल में नजरबंद एलेक्सी नवेलनी पर दिमित्री मुरातोव ने कहा था : 'इस नोबेल पुरस्कार का असली हकदार नवेलनी ही हैं। वह जेल में पुतीन द्वारा दी जा रही असह्य यातना का शिकार है।' नोबेल समिति से उनका आग्रह था कि अंतर्राष्ट्रीय यातना विरोधी न्याय प्राधिकरण का गठन हो। मानव की आत्मा की आजादी सुनिश्चित करने हेतु उनकी घोषणा थी कि उन्हें मिला पारितोष मानव मुक्ति के लिए संघर्षरत हर पत्रकार के नाम है।

# सभी धर्मों और किसानों का सम्मान करते थे शिवाजी

हिंदू संगठन और उनके अनुषांगिक संगठन शिवाजी महाराज को हिंदू प्रतापी के तौर पर स्थापित करते हुए केसरिया ध्वज लहराते हुए उनकी जयंती के कार्यक्रम मनाते हैं। हालांकि वे धर्मनिरपेक्ष थे वीर,पराक्रमी,चरित्वान थे, उन्होंने अपने कौशल के दम पर स्वराज बनाया। उनके चरित्र में भेदभाव नहीं था। वे अपने विरोधियों के धर्म और स्त्रियों का सम्मान करने वाले महाराज थे। शिवाजी की सेना में मुसलमान थे,महार थे, मराठे, शूद्र थे, जब औरंगजेब ने आगरा में शिवाजी को नजरबंद किया तब उनको आजाद कराने में मदारी मेहतर की बड़ी भूमिका थी। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और तोपखाने की कमान इब्राहिम गर्दी के हाथों में थी।

शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किला में महाराष्ट्र के पुणे में हुआ। पिता शाहजी भोंसले तथा माता जीजाबाई थीं। आज जब भारत में किसान अपनी मांगों के लिए आंदोलनरत हैं, ऐसे शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर,उनकी किसानों के प्रति आस्था तथा किसानों के लिए कल्याणकारी नीति याद करने का दिन है। वो गरीबी का दौर था,जब सूखे का दंश झेल रहे किसान हलकान थे। सिंचाई के साधन दुर्लभ थे,तब भी इतिहास में उनके शासन में किसी किसान ने कर अदायगी या कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या की हो,का उदाहरण नहीं मिलता। आज देश प्रजातांत्रिक है,हजारों किसान बैंकों का कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या कर रहें हैं। लोकतांत्रिक सरकारें पूंजीपतियों के कर्ज तो माफ करती हैं,लेकिन ऐसी नीति नहीं बनाती जिससे अन्नदाताओं का जीवन सुखमय हो



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए।

सके। उनके कार्यकाल के दौरान किसान नीति पूंजीवाद और व्यापारिकता के परक ही नहीं थी, बल्कि आम किसानों के हितों को बढ़ावा देने वाली थी। एक बार उनके गुप्तचर ने सूचना दी शाहिस्ते खां पुणे की ओर बढ़ रहा है,तब उन्होंने सुरजेराव जेठे को कहा किसानों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाए,किसी भी नुकसान पर उनकी नाराजगी मानी जाए। किसानों का हित साधना पुण्य है, मुसीबत में छोड़ देना पाप है।

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए। शिवाजी राजे इस बात का बहुत ध्यान रखते थे कि उनके राज्य में कोई भूखा न सोये। जानवरों तक का ख्याल रखा जाता था। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की व्यवस्था थी। किसान की उपज का वाजिब मूल्य मिले इसका ख्याल रखा जाता था। किसानों के कर बहुत कम थे।

आज किसान अपनी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए आंदोलनरत हैं जिनके मार्ग अवरुद्ध किए जा रहे हैं। पिछलीबार प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या की कमी माना था। सरकार गंभीरता पूर्वक हल निकालेगी यह सोचकर किसानों का आंदोलन समाप्त हुआ,लेकिन किसानों का लंबे इंतजार के बाद सब्र जबाब दे रहा था। अब सामाजिक न्याय के किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। एक और किसान नेता जिनका कद भी बहुत सम्मानीय है, सर छोटूराम। उनका कहना था कि यदि दुनिया में कोई धंधा ऐसा है जिसकी नेक कमाई है तो वह यही किसान है।

यदि दुनिया में कोई ऐसा व्यक्ति है तो संतोष जीवन का ज्वलंत उदाहरण है जिसके सीने में श्रद्धा है,हाथ उदार हैं,दिल पवित्र है,नियत का उजाला है,पशु का मित्र है। शिवाजी महाराज, सर छोटूराम, चौधरी चरण सिंह पर श्रद्धा रख सरकार को चाहिए किसानों के साथ खुले दिल से बात कर,उनकी मांगों पर विचार करें।

## सोशल फोरम

# पतिव्रता और पतिवृत्ता में अंतर

पतिव्रता और पतिवृता में क्या अंतर है? हालांकि इसको लिखते हुए भीतर डर है,लेकिन होली के पूर्वागमन का प्रभाव होने लगा है। इसलिए सभी सन्नारियों से प्रार्थना है कि इस लिखे को उसी भावना से प्रेरित माना जाए। पुराने समय में अच्छा पति पाने के लिए कन्याएं सोलह सोमवार का व्रत रखती थी (अब इसका चलन नहीं है, क्योंकि या तो अच्छे पतियों का अभाव हो गया है या जरूरत नहीं रह गई)। पतिव्रत एक अपरिहार्य और कठिन तपस्या हुआ करती थी।

भले ही पति परदेश में हो, साल भर बाद घर आ पाता हो,लेकिन पत्नी उसकी यादों में पूरा साल निकाल दिया करती और जब पति के छुट्टी आने की चिट्ठी आती तो घर द्वार सजने लगते। यह मात्र एक उदाहरण है। अब पतिवृता का उदाहरण-पत्नी जी ने अच्छी कमाई या पद धारक किसी पुरुष की प्राप्ति बिना किसी व्रत आदि के कर ली और अब उनको 24×7 यही चिंता रहती है कि उनके पति का पैसा कौन-कौन खा रहा है या पति किसी दूसरी के चक्कर में तो नहीं पड़ रहा है या मौज मस्ती तो नहीं कर रहा है आदि के कारण उनको एक वृत्त की रचना



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है।

पति के चतुर्दिक करनी पड़ती है। इस वृत की त्रिज्या,व्यास,केन्द्र और स्पर्श रेखा का चयन करना पड़ता है। इस प्रकार की नारी को कहते हैं पतिवृता, जो रेखागणितीय सिद्धांतों में पारंगत हैं। उनको भली भांति ज्ञात है कि वृत्त का एक निर्धारित क्षेत्रफल होता है, जो उसकी त्रिज्या पर निर्भर करता है और यह त्रिज्या कितनी होनी चाहिए इसका निर्धारण पतिवृता पत्नी करती हैं।

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है। इसे कहिए पतिवृता का पारिवारिक गणित।

-फेसबुक वॉल से

# पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला

उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बड़ा फैसला सुनाकर वित्त वर्ष 2017-2018 में शुरू की गई विवादित इलेक्टोरल बांड स्कीम को रद्द कर दिया गया है,जो यकीनन पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला है। सुप्रीम कोर्ट के हिसाब से इलेक्टोरल बांड स्कीम असंवैधानिक है। यह सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है और भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी हस्तक्षेप करती है।

एक बड़े फैसले के तहत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित की गई पांच जजों की बेंच ने स्टेट बैंक को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बांड के खरीदारों के नाम और राजनीतिक दलों की ओर से खर्च और भुगतान की गई धनराशि आदि सभी विवरणों को 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग के साथ साझा करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्वाचन आयोग को भी निर्देशित किया गया है कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त सभी जानकारियों को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे,जो इलेक्टोरल बांड अभी तक भुनाए नहीं गए हैं,उनकी तय धनराशि बैंक दानकर्ता को वापस लौटाएगा। वैसे भारतीय रिजर्व बैंक और निर्वाचन



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है।

आयोग इलेक्टोरल बांड योजना को पहले ही अपारदर्शी करार दे चुके हैं। इलेक्टररोल बांड स्कीम में आम नागरिक, विपक्षी दल और चुनाव आयोग को जानकारी प्राप्त करने से रोकने के पूरे प्रावधान थे,पर सरकारी बैंकों के पास पूरा रिकॉर्ड था कि बांड किसने खरीदा और किस पार्टी को दान में दिया। पिछले 6-7 सालों में इस योजना के तहत कुल छह हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का धन सभी राजनीतिक पार्टियों को मिला है। वर्तमान सरकार के वर्ष 2016 में नोटबंदी के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अगले ही वर्ष 2017-18 में वित्त विधेयक के माध्यम से इलेक्टोरल बांड योजना को लांच किया था जिसके लिए कई कानूनों में आवश्यक बदलाव भी किए गए थे।

मौजूदा इलेक्टोरल बांड स्कीम की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय थी अर्थात् इनके खरीदारों को भी खरीद घोषित करने की और दूसरी तरफ राजनीतिक दलों को प्राप्त धन के स्रोत की जानकारी देने की कोई भी बाध्यता नहीं थी। चंदा देने वाला अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए बैंक से एक करोड़ तक के इलेक्टोरल बांड खरीद सकता था और अपनी पसंद की राजनीतिक पार्टी को डोनेट कर सकता था। निश्चित तौर पर यह आपसी संबंधों और स्वार्थ पर आधारित प्रक्रिया कही जा सकती थी।

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है। कंपनियां किसी भी राजनीतिक दल को चंदा देकर उसे अपने दबाव में ला सकती हैं और उसके सत्ता पर आने पर अपने हिसाब से काम निकलवा सकती हैं। जबकि उच्चतम न्यायालय का कहना है कि नागरिकों को जानने का अधिकार है कि सरकार का पैसा कहां से आता है और कहां जाता है। आज राजनीतिक संरक्षण के बल पर हर जगह माफिया सक्रिय हैं। खनन और रियल एस्टेट की बात तो छोड़िए, इन्होंने शिक्षा और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को भी प्रभावित किया है। सरकारी नौकरियां दिन प्रतिदिन कम होती जा रही हैं और प्राइवेट सेक्टर में भी आए दिन छटनी देखने को मिल रही है। जिस देश में करोड़ों बेरोजगार युवा हैं,शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है,वहां चुनावों के दौरान पानी की तरह पैसा बहाना आम नागरिक के जख्मों में नमक छिड़कने जैसा ही है। एक तरफ नेताओं की संपत्ति में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी होती जा रही है,दूसरी तरफ जनता महंगाई की मार झेल रही है। एक सरकारी कर्मचारी अपनी वार्षिक आय का 30 प्रतिशत तक आयकर में खर्च कर देता है,वहीं पार्टियों को मिलने वाले इस चंदे और आमदनी पर कोई कर भी नहीं लगता। इन राजनीतिक पार्टियों को भी सूचना के अधिकार के दायरे में लाना जरूरी है। यूं तो राजनीतिक दलों के नेता आए दिन एक दूसरे को नीचा दिखाने और शर्मिंदा करने वाले अपशब्द बोलने से भी नहीं चूकते,लेकिन जब जब उनके हित प्रभावित होते हैं तो सब एकजुट हो जाते हैं। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन्हें जनता के हित की कितनी परवाह है। हालांकि विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर निशाना साथ रहे हैं और सत्ता पक्ष इसे अब भी पारदर्शी बता रही है,लेकिन आम जनता यह जानती है कि सभी राजनीतिक पार्टियों का चरित्र लगभग एक सा ही होता है।

# कैलास मानसरोवर की मुक्ति कब

हनुमान जी द्वारा लंका में सीता जी की खोज करते हुए 'मंदिर मंदिर प्रति कर सोधा' कहा गया है। मंदिर का अर्थ घर भी है और भगवान का घर भी। इधर लोकसभा चुनावों को आसन्न देख हमारे प्रधानमंत्री भी ऐसा ही कर रहे हैं। अभी अयोध्या के राम मंदिर में उनके द्वारा कृत प्राण प्रतिष्ठा की सुर्खियां कम नहीं हुई थीं कि वे संयुक्त अरब अमीरात के अबूधाबी के पास बनाए गए एक मंदिर के उद्घाटन में पहुंचे। अब इसकी खबरें मीडिया में चल रही हैं। आगे मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी की ज्ञानवापी के इस्लामिक निर्माणों से मुक्ति एजेंडे में है,जैसा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाकायदा घोषित कर चुके हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस क्रम में याद दिलाना चाहूंगा कि भगवान शंकर के मूल निवास कैलास और मानसरोवर की चीन से मुक्ति कब कराई जाएगी? ये पुराण प्रसिद्ध भारतीय क्षेत्र हैं और अर्से से चीन इन पर कब्जा किए है। इनकी मुक्ति की बात ही नहीं हो रही है। ये वह जगहें हैं जिनका गहरा संबंध उन राम और कृष्ण से है जिनकी जन्मभूमि मुक्ति एजेंडे में ली गई। हिंदुओं के 'महादेव' मान्य भगवान शंकर श्रीराम के आराध्य हैं। राम ने रामेश्वरम् शिवलिंग की स्थापना करवाई थी और अंत में महापथ पर जाते हुए वे मानसरोवर भी गए थे। महर्षि वाल्मीकि कहते हैं- 'बदरीकाश्रमे रामःकेदारेशं विलोक्य सः। महापथं ततो गत्वा ययौ तन्मानसं सरः'।। यही नहीं भगवान कृष्ण अपने अभीष्ट की प्राप्ति के लिए कैलास पर्वत पर तप हेतु गए थे। 'शिव महापुराण' की 'उमा पंचम संहिता-अध्याय एक में कथा आई है। जब श्रीकृष्ण कैलास पर्वत पर पहुंचे तो उनको वहां उपमन्यु ऋषि तप करत मिले। उपमन्यु ने कृष्ण जी को शिव महिमा बतलाई और ' ॐ नमःशिवाय' मंत्र 16 मास तक वहां जपने को कहा। कृष्ण जी ने वैसा ही किया,तब सोलह मास बाद माता पार्वती सहित भगवान शंकर ने उन्हें दर्शन और अभीष्ट वरदान दिए। ऐसे में भोलेनाथ के इस पवित्र भारतीय स्थल की मुक्ति का नाम भी न लेना अखरने वाली बात है। उनकी भक्ति का तो एक पूरा महीना (सावन)हिंदू लोग निर्धारित किए हैं।

महा शिवरात्रि का महत्व कौन नहीं जानता? सनातनी लोग हर मास में शिव जी का प्रदोष व्रत रखते हैं। उनके आभूषण सर्पों तक की पूजा का एक अलग पर्व होता है। अतः उन्हें कमतर न आंका जाए। मोदी जी स्वयं उन्हीं की राजधानी काशी से चुनाव लड़ते हैं और गत लोकसभा चुनाव के फौरन बाद केदारनाथ जाकर योग किया था जिसकी फोटो वायरल हुई थी। यह भगवान शंकर का ही ज्योतिर्लिंग है। ऐसे में आशा की जाती है कि मोदी शीघ्र ही कैलास और मानसरोवर का भी चीनी कब्जा छुड़ाकर हिंदुओं के लिए वहां की निर्बाध यात्रा,पूजन अर्चन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।


# उद्योगपतियों का महाकुंभ बनाएगा नया विश्व कीर्तिमान

## 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का भूमिपूजन करके पीएम मोदी रचेंगे नया इतिहास

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में दिव्य दीपोत्सव के बाद प्रदेश में एक और नए कीर्तिमान की नींव सोमवार को उद्योगपतियों के महाकुंभ में रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे ही रिमोट दबाएंगे, प्रदेश 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन करने वाला विश्व का पहला राज्य बन जाएगा। इसी के साथ पलायन का दंश झेलने को मजबूर हजारों युवाओं को जहां जीवन-यापन का नया रास्ता खुलेगा, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प भी पूरा होना आसान दिखेगा।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4) के जरिए प्रदेश की तरक्की के इस महाआयोजन की सफलता में देश-विदेश के बड़े उद्योगपति ही नहीं, ओडीओपी में निवेश करने वाले जिला-जवार के उद्यमियों की मेहनत भी है। पिछले साल इंवेस्टर समिट में 33.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों के हुए एमओयू का मजाक उड़ाने वाले राज्य की विधानसभा से लेकर देश की संसद तक थे। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सपना दिखाने और बेचने वाला बाबा तक कहा, मगर तेजी से बदली निवेश नीतियों ने फार्च्युन-500 कंपनियों को भी प्रदेश में निवेश के लिए ऐसा लालायित किया कि इसका आकार बढ़कर 40 लाख करोड़ तक हो गया। हाल ही में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान और फिर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भी विपक्ष ने निवेश प्रस्तावों को कागजी कहकर इसे धरातल पर उतरने को लकेर तमाम आशंकाएं जताई और तंज कसे थे।


ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4) के लिए सजा लखनऊ। ● अमृत विचार

लेकिन, सोमवार को इसकी पहली ग्राउंड सेरेमनी में ही 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन के महाआयोजन की तैयारी और उद्योगपतियों के आ रहे विमानों को देख अचंभित हैं। समूचा शहर दुल्हन की सजा है, रंग-बिरंगी लाइटों के साथ रंग-बिरंगी फूलों की हरियाली और महक मनमोह ले रही है। एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक सोमवार को मेहमान उद्योगपतियों के स्वागत में जगह-जगह 350 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अलग की आभा बिखेरेंगे। मुख्यमंत्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में जैसे अयोध्या में दिवाली के एक दिन पहले लाखों दीप जलाकर विश्व रिकार्ड बनाया और इसे साल-दर-साल अपना ही रिकार्ड तोड़ते जा रहे हैं। ऐसे ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी भी प्रधानमंत्री के हाथों विश्व रिकार्ड का तमगा हासिल करने के बाद साल-दर साल आगे बढ़ती गई तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था समूचे विश्व को ललचाएगी। लोगों की तरक्की देखने लायक होगी। अर्थशास्त्र के जानकार कहते हैं कि विश्व में कोई ऐसा उदाहरण नहीं है, जहां इतने बड़े पैमाने पर उद्योग एक साथ लग रहे हों। सोमवार को धरातल पर कार्यक्रम की सफलता नया इतिहास रचेगी।

### लक्ष्य से आगे निकले बरेली मुरादाबाद, शाहजहांपुर, रामपुर और बाराबंकी समेत 19 जिले

प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लगने वाली परियोजनाओं में 19 जिले ऐसे हैं, जहां निवेश लक्ष्य से ज्यादा उद्यम धरातल पर उतरेंगे। इसमें एटा ने साढ़े तीन गुना यानि 354 प्रतिशत, सीतापुर ने 145 प्रतिशत, शाहजहांपुर ने 127 प्रतिशत, सोनभद्र ने 121 प्रतिशत, चंदौली ने 117 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर और मुरादाबाद ने 114 प्रतिशत, मीरजापुर ने 113 प्रतिशत, हरदोई ने 111 प्रतिशत, अमेठी ने 108 प्रतिशत, बाराबंकी ने 108 प्रतिशत, फतेहपुर, गोंडा ने 105 प्रतिशत, बरेली ने 104 प्रतिशत, रामपुर ने 103 प्रतिशत, बहराइच ने 101 प्रतिशत और लखीमपुर खीरी, भदोही व बिजनौर ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है।

### इन बड़े उद्योगपतियों का रूख आज तय करेगा अर्थव्यवस्था का भविष्य

लखनऊ में स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी को होने वाली जीबीसी-04 में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, रिलायंस के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी, आदित्य बिरला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, आईटीसी के अध्यक्ष सुजीव पूरी ,भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल, महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष आनंद जी महिंद्रा, अपोलो हॉस्पिटल के वाइस चेयरपर्सन शोभना, गोदरेज ग्रुप के निदेशक फिरोजशाह गोदरेज, हिंदुजा ग्रुप के धीरज हिंदुजा समेत तमाम बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ, प्रबंबन और इनवेस्टर्स सहयोगी देशों के प्रतिनिधि तय करेंगे कि प्रदेश में निवेश को लेकर कितने उत्सुक हैं। सरकार से क्या-क्या और सुविधाएं चाहते हैं। यहां की सबसे बड़ी दिक्कतें कानून-व्यवस्था, लैंड बैंक और आधारभूत ढांचा देने में सरकार सफल हो रही है।

# राहुल की न्याय यात्रा से बदलेगा प्रदेश का राजनीतिक माहौल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से उत्तर प्रदेश का भी राजनीतिक माहौल बदलने की कोशिशें हैं। बुंदेलखंड के बजाय पश्चिमी उप्र. में न्याय यात्रा ले जाने के राजनीतिक कारण हैं। पार्टी नेताओं को फीडबैक मिला है कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में न्याय यात्रा के जाने से वहां के लोगों की दिलचस्पी पार्टी में बढ़ेगी।

दरअसल, कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट तीन बार बदल चुका है। शनिवार को वाराणसी के बाद भदोही होते हुए यह यात्रा प्रयागराज जानी थी, लेकिन राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड निकल गए थे। रविवार को वह सीधे प्रयागराज पहुंचें। ऐसे में वाराणसी से लेकर भदोही तक स्वागत और जनसभा कराने की पार्टी कार्यकर्ताओं की तैयारी धरी रह गई। आगे का रूट भी बदल गया है। पहले जहां यह यात्रा कानपुर से हमीरपुर होते हुए झांसी के रास्ते मध्य प्रदेश जानी थी, इसे कानपुर में दो दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब 24 से यह यात्रा अल्पसंख्यक बहुल मुरादाबाद, संभल के रास्ते आगरा होते हुए राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेगी।

### राहुल की न्याय यात्रा में अखिलेश यादव के शामिल होने पर संशय



**लखनऊ।** राहुल की न्याय यात्रा में फिलहाल अखिलेश यादव के शामिल होने पर संशय है। सपा की तरफ से कहा गया है कि पहले सीट बंटवारे पर स्पष्ट फैसला होना चाहिए। सोमवार को राहुल गांधी की यात्रा से अमेठी के सपा कार्यकर्ताओ को भी कार्यक्रम से दूरी बनाने के लिए कहा गया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को अमेठी और मंगलवार को रायबरेली आ रही है। पूर्व में सपा की तरफ से कहा गया था कि अखिलेश यादव राहुल की यात्रा में अमेठी या रायबरेली में शामिल होंगे। लेकिन यात्रा में शामिल होने का अखिलेश का कार्यक्रम अभी नहीं बना है। रायबरेली और अमेठी के पार्टी के जिलाध्यक्षों को अभी तैयारी के लिए नहीं कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस से सीटो पर बंटवारा तय हो जाने के बाद ही अखिलेश का यात्रा में शामिल होने के कार्यक्रम बनेगा। सपा नेताओं का कहना है कि कल दोपहर तक सीट का बंटवारा होने की उम्मीद है। सपा उप्र में कांग्रेस को 15 से 16 सीट देने को तैयार है लेकिन कांग्रेस 21-22 सीट मांग रही है। विवाद सीटों की संख्या के साथ-साथ कुछ मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर है, जिस पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों लड़ना चाहते हैं।

### जाति जनगणना देश का एक्सरे : राहुल गांधी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जाति जनगणना देश का एक्सरे है।इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। स्वराज भवन से निकलकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पास लक्ष्मी टाकीज चौराहे पर उन्होंने कहा किजाति जनगणना आपका (युवाओं) का हथियार है और आपको पता लगाना है कि आपकी आबादी कितनी है और दूसरे नंबर पर पता लगाना है कि देश के धन पर आपकी कितनी हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि इस देश में 73 प्रतिशत जातियों के पास कितना धन है? जाति जनगणना देश का एक्सरे है। इससे सब पता लग जाएगा तथा दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

# आठ पिछड़े जिलों में एक लाख 57 हजार 651 करोड़ के लगेंगे उद्योग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों का भी महत्वूपर्ण योगदान है। इससे राज्य सरकार काफी गदगद है। आकांक्षात्मक जिलों की 1,57,651 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं शुरू होगी। यह लक्ष्य का 102 प्रतिशत से अधिक है।

सरकार ने जीबीसी के माध्यम से प्रदेश के आठ आकांक्षात्मक जिलों को 1,53,400 करोड़ की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य दिया था। इन जिलों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने पूरी टीम लगाई थी। जीबीसी 4.0 में गौतमबुद्धनगर में सर्वाधिक 223887.77 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। इसके बाद दूसरे स्थान पर आकांक्षात्मक जिला सोनभद्र में सर्वाधिक 1,21,220.62 करोड़ की परियोजनाएं मूर्त रूप लेने जा रही हैं। सोनभद्र को एक लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया था। इस लक्ष्य के सापेक्ष आकांक्षात्मक जिले ने 121.22 प्रतिशत हासिल कर लिया है। इस निवेश से ना सिर्फ पूर्वांचल बल्कि प्रदेश के विकास को भी रफ्तार मिलेगी। इसी तरह कभी नक्सल गतिविधियों का गढ़ माने जाने वाले चंदौली जिले में 23,457.61 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ होगा। चंदौली को बीस हजार करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष जनपद ने 117.29 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। वहीं आकांक्षात्मक जिलों में शामिल फतेहपुर में 1687.05 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी, जबकि जनपद को 1600 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था। इस तरह फतेहपुर जनपद ने लक्ष्य का 105.44 प्रतिशत योगदान दिया है। इसके साथ ही तराई वाले जिले बहराइच में 2548.74 करोड़ की परियोजनाएं शुरू होगी।

# अयोध्या में बुजुर्ग श्रद्धालु की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला का दर्शन-पूजन करने आये एक तमिलनाडु प्रान्त निवासी बुजुर्ग श्रद्धालु की उपचार के दौरान मेडिकल कालेज में मौत हो गई, जबकि हादसे का शिकार एक महिला श्रद्धालु को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि तमिलनाडु प्रांत निवासी 70 वर्षीय रामासुरूपमनि अपने प्रांत के अन्य श्रद्धालुओं के साथ दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आया था। शनिवार को सीने में तेज दर्द और अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उसको दर्शननगर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। मेडिकल कालेज के चिकित्सक का कहना है कि एक साल पहले उसकी एंजियोग्राफी हुई थी। शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो पुलिस को भेजवाया गया है।

# अक्षय ऊर्जा का हब बनेगा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ सौर ऊर्जा और पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट में सर्वाधिक निवेश करेंगे अडाणी सहित अन्य उद्योग समूह**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यम प्रदेश बनाने की राह पर अग्रसर प्रदेश सोमवार को अबतक के सबसे बड़े निवेश के भूमि पूजन का गवाह बनेगा। इस दौरान अक्षय ऊर्जा/नविकरणीय ऊर्जा से जुड़ी यूपीनेडा की 182 परियोजनाएं भी शुरू होंगी। ये परियोजनाएं 1.3 लाख करोड़ से अधिक की है। सबसे अहम बात ये है कि योगी राज में बुंदेलखंड नई ऊर्जा का नया ''ऊर्जांचल'' बनने जा रहा है। यहां अक्षय ऊर्जा से संबंधित 15 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतरने जा रही हैं।

उत्तर प्रदेश न्यू एंड रिन्यूवेबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (यूपीनेडा) के निदेशक अनुपम शुक्ला के अनुसार जीबीसी 4.0 में सौर ऊर्जा, बायो ऊर्जा, पम्प्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट (पनबिजली से संबंधित) और ग्रीन हाइड्रोजन से जुड़ी 182 परियोजनाएं उत्तर प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े बदलाव का वाहक बनेंगी। उन्होंने बताया कि जीबीसी के लिए विभाग को 1.25 लाख करोड़ का टार्गेट मिला था। विभाग ने टार्गेट से अधिक 104 प्रतिशत का लक्ष्य अचीव करते हुए 1.30 लाख करोड़ की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में कामयाबी हासिल की है।

**सौर ऊर्जा सेक्टर में 55,806 करोड़ का निवेश :** अक्षय/नविकरणीय ऊर्जा से जुड़े सेक्टर की बात करें तो सोलर एनर्जी के क्षेत्र में 42 परियोजनाएं 55,806 करोड़ का निवेश करेंगी, वहीं बायो एनर्जी से जुड़ी 131 परियोजनाएं 7,299.35 करोड़ का इन्वेस्टमेंट करने जा रही हैं। इसी प्रकार जीबीसी 4.0 में पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (पनबिजली से संबंधित) के लिए 8 कंपनियां आ रही हैं, इनकी ओर से 66,955 करोड़ का निवेश किया जाएगा। वहीं ग्रीन हाइड्रोजन का 1 प्रोजेक्ट भी प्रदेश में लगने जा रहा है। इसके लिए कंपनी की ओर से 150 करोड़ का निवेश किया जाएगा।

बड़े प्रोजेक्ट्स की बात करें तो जालौन में एनएचपीसी द्वारा 6000 करोड़, चित्रकूट में 4000 करोड़ की सौर ऊर्जा और हाइड्रो परियोजना, ललितपुर में 5000 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी। 15 हजार करोड़ की ये परियोजनाएं प्रदेश के उसी बुंदेलखंड रीजन में लगने जा रही हैं, जिसे आजादी के 70 साल बाद तक प्रदेश का सबसे पिछड़ा इलाका माना जाता रहा है।

# कानपुर सेंट्रल पर धक्का-मुक्की, तीन यात्री घायल, महिला का पैर टूटा

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** सेंट्रल स्टेशन में रविवार को भी परीक्षार्थियों का जबर्दस्त रेला रहा। प्लेटफार्म चार-पांच, छह-सात पर ट्रेन में चढ़ने व उतरने के दौरान धक्का-मुक्की हुई। इस बीच दिल्ली से आए तीन यात्रियों के बोगी और प्लेटफार्म के बीच पैर फंस जाने के कारण घायल हो गए। चीखने-चिल्लाने पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी ने भीड़ को धकिया कर दूर किया और यात्रियों को बाहर निकाला।

एक महिला का पैर टूट गया। दिल्ली, प्रयागराज, झांसी रूट की ट्रेनों में खासी भीड़ रही। धक्का-मुक्की करते हुए परीक्षार्थी आरक्षित कोचों में घुस गए। रविवार की शाम परीक्षार्थी अपने घरों को लौटने के लिए प्लेटफार्मों पर डेरा जमाए थे। इसी बीच दिल्ली से चलकर सेंट्रल स्टेशन पहुंची महाबोधि एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर रुक भी नहीं पाई थी, तभी भीड़ चढ़ने लगी। प्लेटफार्म पर उतरने वाले यात्री गेट पर खड़े थे। इसी बीच धक्का-मुक्की में दिल्ली से आए जगदीश तिवारी व बगल वाली बोगी में शानू तिवारी का पैर प्लेटफार्म और बोगी के बीच फंस गया। इसी बीच एक यात्री ने बताया कि एक महिला का पैर भी टूट गया है। हालांकि महिला को उसके परिजन लेकर जा चुके थे।


कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर उमड़ी भीड़।

वहीं भीड़ के कारण एक महिला का पर्स ट्रैक पर गिर गया, जो काफी देर पड़ा रहा। पुलिस परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को सेंट्रल पर परीक्षार्थियों की जमकर भीड़ रही। वहीं सेंट्रल के साथ गोविंदपुरी स्टेशन पर भी सैंकड़ों परीक्षार्थी मौजूद रहे। झांसी, प्रयागराज व दिल्ली रूट की ट्रेनों में जमकर मारामारी रही। आरक्षित कोचों में भी परीक्षार्थी बैठे नजर आए। जीआरपी, आरपीएफ व रेलवे कर्मी दिनभर इंतजाम में जुटे रहे। कोच में घुसने के लिए मारामारी मची रही।

# असली मुद्दों से ध्यान हटाने को यूसीसी का मुद्दा उछाल रही है भाजपा : डिंपल

एजेंसी

**मैनपुरी :** समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद डिंपल यादव ने शनिवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार वोट बांटने और असली मुद्दों से ध्यान भटकाने" के लिए यूसीसी का मुद्दा उछाल रही है। अपने संसदीय क्षेत्र मैनपुरी में एक कार्यक्रम में शामिल होने आयी डिंपल ने संवाददाताओं द्वारा यूसीसी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि संविधान में कहा गया है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। मेरा मानना है कि मौजूदा सरकार वोट बांटने के लिए ऐसी स्थितियां बना रही है।



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी जैसी जायज मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर रबर की गोलियों और पैलेट का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपने देखा होगा कि हमारे किसान कैसे विरोध कर रहे हैं और उन पर कैसे हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सपा सांसद ने कहा कि सरकार किसानों पर सोनिक थ्रस्टर्स का इस्तेमाल करने की भी योजना बना रही है। हमने देखा है कि मीडियाकर्मी वहां बुलेट प्रूफ जैकेट और हेलमेट पहने हुए हैं, जो अच्छी बात है क्योंकि स्थिति बहुत संवेदनशील है। लेकिन किसान खुद को बचाने के लिए ऐसी कोई चीज नहीं पहने हैं। उन्होंने कहा कि किसानों पर लगातार पैलेट और रबर की गोलियों से हमला किया जा रहा है। इसलिए यह निर्दयी सरकार लोगों को वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए यूसीसी जैसे मुद्दे ला रही है।

## वर्ग पहेली-347

**बाएं से दाएं**

1. 1. अत्यंत निर्धन, कंगाल 2. भुखमरी से पीड़ित, दुर्भिक्ष-पीड़ित 3. जिसका सब कुछ लुट गया हो 4. पराश्रित, परावलंबी।

4. 1. ज़ोर से डांटना, झिड़कना, लानत-मलामत करना 2. वस्तु आदि की धूल झटकना, झाड़ना 3. निचोड़े हुए कपड़े को झटके से ऊपर से नीचे हिलाना।

5. 1. सुंदर एवं रमणीय देश 2. किसी कार्य के निष्पादन के लिए उपयुक्त स्थान।

6. 1. दोनों हथेलियों के टकराने या आघात से उत्पन्न ध्वनि, ली 2. लकड़ी, कांसे आदि का बना हुआ एक वाद्य, मजीरा, झींका, झांझ।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटी कील 2. कांटा 3. मछली फंसाने वाली नुकीली अंकुसी या बंसी 4. कुएं में गिरी हुई चीज़ों (बाल्टी आदि) को निकालने के लिए बनाया गया अंकुसियों का गुच्छा। (मु.)-लगाना : मुख्य तार में कंटिया फंसाकर चोरी से या अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना।

2. 1. मौके का फ़ायदा उठाने की प्रवृत्ति, मौकापरस्ती 2. अवसर के अनुकूल बरतने की प्रवृत्ति।

3. 1. कीड़ों को मारने वाली दवा 2. फ़सल आदि में छिड़काव के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा।, कीटाणुओं या कीड़ों को मारने वाला।

5. 1. होश; चेतना 2. स्मरण; याद 3. ज्ञान।



**वर्ग पहेली - 346 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 न | | | 2 क |
| 3 अ | ल | गा | गु | जा | री |
| | | थि | | | ल |
| 4 ज | ठ | रा | म | य | |
| ग | | ज | | | |
| झं | | | 5 का | रं | ड |
| 6 प | र | बा | बा | | |

## सुडोकू-64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | 7 | | 4 |
| 4 | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | 1 | | 3 | | | 8 |
| | | 5 | | 3 | | | 8 | |
| | 4 | | | | | 2 | | |
| | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 2 | 4 | | 6 | | | | 9 |
| 6 | | | | | 7 | | | |

**सुडोकू - 63 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 6 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 08 .49 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10 .33 तक तत्पश्चात आर्द्रा।


मेष
आज लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। प्रेमी के विषय में मन में अनेक तरह के विचार चलते रहेंगे। अपने पिछले अनुभव का लाभ उठाने का प्रयास करें। समाज में आपकी काफी प्रशंसा होगी। नया काम सीखने के लिए समय उत्तम है।


वृष
आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। बुजुर्ग सदस्यों की राय लेना आपके लिए काफी आवश्यक होगा। विश्वस्त मित्रों से सहायता लेनी पड़ सकती है। घर के लिए आवश्यक सामान खरीदने के लिये आप बाजार जा सकते हैं।


मिथुन
आज नए स्रोतों से धन प्राप्त होगा। अविवाहित जातकों को विवाह के लिए रिश्ते मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। फिल्म निर्माण क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए काफी लाभप्रद दिन होगा।


कर्क
आज घर के वातावरण में परेशानी आ सकती है। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। आपको आराम करना चाहिए। जीवनसाथी से अपनी समस्याओं को साझा करें। सिरदर्द की समस्या रहेगी। बुखार और सर्द-गर्म होने की आशंका है।


सिंह
आज रियल एस्टेट और विनिर्माण से जुड़े कारोबार में अच्छा धन लाभ होगा। भाई-बहनों से आपको सहायता मिल सकती है। आपकी आय में शानदार वृद्धि होगी। रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।


कन्या
आज अपनी नेतृत्व क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। नए कारोबार को लेकर जल्दबाजी न करें। ऑफिस में आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा। मन में किसी अज्ञात कारण से भय हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें।


तुला
आज आपका आत्मविश्वास कम हो सकता है। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आपको मित्रों और शुभ चिंतकों को परखने का अवसर मिलेगा। विदेश यात्रा का अवसर मिलेगा। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।


वृश्चिक
आज आपको गुस्से से बचना चाहिए। यात्राओं से आपको बचना चाहिए। जल्दबाजी में कोई नया प्रोजेक्ट शुरू न करें। मानसिक सुख-शांति का अभाव रहेगा। जॉब में आपको बहुत दबाव झेलना पड़ सकता है। परिजनों से संबंध अच्छे नहीं रहेंगे।


धनु
आज कमीशन से जुड़े कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। गलत कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। व्यवसाय में बदलाव करने का विचार बना सकते हैं। प्रियजनों से भेंट हो सकती है।


मकर
आज कानूनी मामलों में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से समस्या होगी। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयत्नशील रहें। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।


कुंभ
आज प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। जीवनसाथी की कोई जिद पूरी करनी पड़ेगी। विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।


मीन
आज अस्थमा के रोगियों को स्वास्थ्य में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। अनावश्यक खर्चे घर में तनाव का कारण बन सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावट आ सकती है। धन से जुड़े मामलों में परेशानी बढ़ सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
शिव शक्ति
सुबह : 10 .00
जख्मी सिपाही
रात : 07 .00

Sony Max
सोनू के टीटू की स्वीटी
सुबह : 09 .00
पटेल की पंजाबी शादी
रात : 09 .00

Sony Pix
जुमांजी
सुबह : 09 .40
व्हाइट हाउस डाउन
शाम : 06 .37

Zee Cinema
दीवाना मस्ताना
सुबह : 10 .30
दिल धड़कने दो
रात : 07 .30

Colors Cineplex
चलते चलते
सुबह : 12 .29
भागम भाग
रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बीवी को डिलीवरी के समय पप्पू हॉस्पिटल में नर्स से बोला।
पप्पू-लड़का हो तो भालू और लड़की हो तो लोमड़ी कहना।
पप्पू की बीवी के जुड़वा बच्चे हुए एक लड़का और एक लड़की।
नर्स बाहर आकर पप्पू से बोली- बधाई हो, चिड़िया घर में दो जानवर आए हैं।

पत्नी - ये रैगिंग किसे कहते हैं?
पति - ये जो तुम हर मैरिज एनिवर्सरी , करवाचौथ और जन्मदिन पर जबरदस्ती गिफ्ट मांगती हो न,उसे ही अंग्रेजी में रैगिंग कहते हैं।

## खेल डायरी

### शृंखला 3-2 से जीतने का लक्ष्य बनाएगी टीम : बेन

**राजकोट, एजेंसी।** कप्तान बेन स्टोक्स ने रविवार को कहा कि इंग्लैंड की टीम रविवार को भारत से मिली 434 रन की हार के बाद भावनाओं को पीछे छोड़कर बचे हुए दो मैच जीतकर शृंखला 3-2 से अपने नाम करने का लक्ष्य बनायेगी। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहले टेस्ट में 28 रन से जीत हासिल की थी लेकिन विशाखापत्तनम में उसे भारत से 106 रन से हार मिली थी। स्टोक्स ने कहा, मैंने यहां आने से पहले बात की और कहा कि ऐसे हफ्ते मुश्किल होते हैं। इंग्लैंड के लिए मैच हारना ऐसा नहीं है कि आप वहां होना चाहते हो लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि जीत या हार दिमाग में होती है। उन्होंने कहा, मैंने सुनिश्चित किया कि हर तरह की भावनाएं, सभी तरह की निराशा अब सिर्फ ड्रेसिंग रूम में ही रहेगी और सुनिश्चित करो कि यह यहीं तक सीमित रहे। हमारे दो और मैच बचे हैं और कप्तान के तौर पर मैं बस यही सोच रहा हूं कि इस शृंखला को 3-2 से जीतें। स्टोक्स ने कहा कि लगातार दो बुरी हार के बाद भी इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट के प्रति योजना में कोई छेड़छाड़ नहीं होगी।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को शूटआउट में हराया

**राउरकेला, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया को हराकर उलटफेर करने के एक दिन बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में अमेरिका को शूटआउट में 2-1 से मात दी। निर्धारित समय में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं जिसमें भारत के लिए ड्रैग फ्लिकर दीपिका कुमारी ने 19वें मिनट में और अमेरिका के लिए एशले सीसा ने 45वें मिनट में गोल दागा। शूटआउट में मुमताज खान और सोनिका ने गोल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया की क्रोयूस ने गोल किया। भारतीय कोच यानेक शॉपमैन खुश नहीं होंगी क्योंकि सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम ने मैच में कई पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किए लेकिन निर्धारित समय में जीत दर्ज नहीं कर सकी।

### तुर्की महिला कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की। भारतीय टीम सोमवार को तुर्की के लिए रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी।

### आईपीएल की सर्वकालिक टीम के कप्तान चुने गए धोनी



**नई दिल्ली।** करिश्माई भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सर्वकालिक महान टीम का कप्तान चुना गया। इस टीम का चयन 2008 में शुरू की गई टी20 लीग की सफलता का जश्न मनाने के लिए किया गया। 20 फरवरी को आईपीएल की पहली नीलामी के 16 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों और करीब 70 पत्रकारों की मदद से आईपीएल की सर्वकालिक महान टीम का चयन किया। इसके चयन पैनल में वसीम अकरम, मैथ्यू हेडन, टॉम मूडी और डेल स्टेन जैसे पूर्व क्रिकेटर थे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और भारत के विराट कोहली को सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया जबकि 'यूनिवर्सल बॉस' क्रिस गेल को बल्लेबाजी क्रम में नंबर तीसरा स्थान दिया गया है। मध्यक्रम में सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स, सूर्यकुमार यादव और धोनी को जगह मिली है जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और कीरोन पोलार्ड 15 सदस्यीय टीम में तीन ऑलराउंडर है। राशिद खान, सुनील नरेन और युजवेंद्र चहल को स्पिन गेंदबाज के तौर पर चुना गया है जबकि लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह दो तेज गेंदबाज है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि कप्तानी के लिए धोनी के नाम पर सहमति बनना तय था। उन्होंने हर खिताब जीता है। विश्व कप, आईपीएल, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी। उनमें कप्तानी के नैसर्गिक गुण है और मैदान के बाहर और अंदर उन्होंने चीजों को शानदार तरीके से निपटा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने कहा कि धोनी ने अच्छी टीम के अलावा औसत टीम के साथ भी खिताब जीता है।

# जायसवाल और जडेजा का जलवा, भारत की बड़ी जीत

## यशस्वी ने जड़ा दोहरा शतक और रविंद्र ने लिए 5 विकेट, तीसरे टेस्ट के चौथे दिन ही इंग्लैंड को 434 रन से हराया

### भारत-इंग्लैंड का तीसरा टेस्ट

**राजकोट, एजेंसी**





**214** रन

236 गेंद

14 चौके

12 छक्के

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और रविंद्र जडेजा के 5 विकेट की मदद से भारत ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट मैच में रविवार को चौथे दिन ही 434 रन से करारी शिकस्त देकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और 5 मैचों की शृंखला में 2-1 से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के आगे नहीं चल पाई तथा 557 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम 39.4 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। जडेजा ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। कुलदीप ने दो जबकि बुमराह और अश्विन ने एक-एक विकेट लिए। भारत की इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत 372 रन की थी जो 2021 में मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। इंग्लैंड के खिलाफ यह किसी भी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। भारतीय धरती पर रनों के लिहाज से यह बड़ी जीत का भी रिकॉर्ड है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 209 रन बनाने वाले जायसवाल ने नाबाद 214 रन की पारी खेली, जिसकी मदद से भारत ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 430 रन पर समाप्त की घोषित करके इंग्लैंड के सामने असंभव लक्ष्य रखा। भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाकर इंग्लैंड को 319 रन पर आउट किया था। जायसवाल ने 236 गेंद में 14 चौके और 12 छक्के लगाए। इस तरह से उन्होंने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने सरफराज खान (नाबाद 68) के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की साझेदारी की। पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया। इससे पहले शुभमन गिल ने 91 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहली पारी में शतक जड़ने वाले बेन डकेट आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। डकेट ने दावा किया था कि भारत कितने भी रन बनाए इंग्लैंड की टीम उसे हासिल कर सकती है लेकिन वह 4 रन बनाकर रन आउट हो गए। बुमराह ने विश्राम से ठीक पहले जॉक क्राउली (11) को पगबाधा आउट कर दिया। अश्विन को परिवार में आपात चिकित्सा स्थिति से टीम छोड़नी पड़ी थी, लेकिन उन्होंने चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर वापसी की। रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से जडेजा को गेंद थमाई जिन्होंने ओली पोप (03) को स्लिप में रोहित के हाथों कैच कराया और फिर अगले ओवर में जॉनी बेयरस्टो (04) को पगबाधा आउट किया। इससे इंग्लैंड का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। जब इंग्लैंड का स्कोर 50 रन था तब जो रूट (07) और कप्तान बेन स्टोक्स (15) भी पवेलियन लौट गए। रूट को जडेजा ने पगबाधा आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया जबकि कुलदीप ने स्टोक्स को इसी तरह से आउट करके इंग्लैंड की उम्मीद पर पानी फेर दिया। कुलदीप ने रेहान अहमद (00 को लॉन्ग ऑन क्षेत्र में कैच करा कर इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 50 रन कर दिया। बेन फॉक्स (16) और टॉम हार्टली (16) ने अगले 11 ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया। यह दोनों बल्लेबाज हालांकि 3 गेंद के अंदर पर पवेलियन चले गए। फॉक्स को जडेजा ने विकेटकीपर ध्रुव जुरैल के हाथों कैच कराया जबकि हार्टली को अश्विन ने बोल्ड किया। मार्क वुड (33) ने 16 गेंद की पारी में 6 चौके और 1 छक्का लगाकर हार का अंतर काम किया। जडेजा ने उन्हें जायसवाल के हाथों कैच कराकर अपना पांचवा विकेट लिया। इससे पहले जायसवाल ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई की।

**557** रन का मुश्किल लक्ष्य भारत ने इंग्लैंड को दिया था

**122** रन पर अंग्रेजों की पुरी टीम सिमटी, नहीं चले बल्ले



### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 430/4 (98 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 214 | 236 | 14/12 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट | 19 | 28 | 3/0 |
| शुभमन गिल रन आउट | 91 | 151 | 9/2 |
| रजत पाटीदार का रेहान बो हार्टले | 00 | 10 | 0/0 |
| कुलदीप यादव का रूट बो रेहान | 27 | 91 | 3/1 |
| सरफराज खान नाबाद | 68 | 72 | 6/3 |

**अतिरिक्त :** 11, **विकेट पतन :** 1-30, 2-191, 3-246, 4-258, **गेंदबाजी :** एंडरसन 13-1-78-0, रूट 27-3-111-1, हार्टले 23-2-78-1, वुड 10-0-46-0 रेहान अहमद 25-1-108-1

**इंग्लैंड (पहली पारी-319) दूसरी पारी 122/10 (39.4 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जॉक क्राउली पगबाधा बो बुमराह | 11 | 26 | 2/0 |
| बेन डकेट रन आउट | 04 | 15 | 0/0 |
| ओली पोप का शर्मा बो जडेजा | 03 | 14 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो जडेजा | 07 | 40 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो जडेजा | 04 | 03 | 1/0 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 39 | 1/0 |
| बेन फोक्स का जुरेल बो जडेजा | 16 | 39 | 2/0 |
| रेहान अहमद का सिराज बो कुलदीप | 00 | 05 | 0/0 |
| टॉम हार्टले बो अश्विन | 16 | 36 | 2/1 |
| मार्क वुड का जायसवाल बो जडेजा | 33 | 15 | 6/1 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 01 | 09 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 12, **विकेट पतन :** 1-15, 2-18, 3-20, 4-28, 5-50, 6-50, 7-50, 8-82, 9-91, 10-122 **गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 8-1-18-1, मोहम्मद सिराज 5-2-16-0, रविंद्र जडेजा 12 .4-4-41-5, कुलदीप यादव 8-2-19-2, रविचंद्रन अश्विन 6-3-19-1

### अश्विन टीम से जुड़े, चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर उतरे

**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन चाय के विश्राम के बाद मैदान पर उतरे। अश्विन को मैच के दूसरे दिन अपना 500वां विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद अपनी मां के बीमार होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच को बीच में छोड़ना पड़ा था। आईसीसी के नियमों के मुताबिक अश्विन को मैच के तीसरे दिन अनुपस्थित रहने पर 'पेनल्टी टाइम' का सामना नहीं करना पड़ेगा। आईसीसी के अनुच्छेद 24 .3 .2 के अनुसार, अगर खिलाड़ी ने अंपायरों की राय में किसी स्वीकार्य कारण से मैदान छोड़ा है तो इस अनुपस्थिति पर जुर्माना नहीं लगेगा। इसमें बीमारी या आंतरिक चोट शामिल नहीं है। रविवार दोपहर राजकोट पहुंचे अश्विन को चाय के विश्राम के दौरान अभ्यास करते देखा गया। इससे पहले बीसीसीआई ने रविवार को दिन के पहले सत्र में बताया था अश्विन टीम से जुड़ेंगे।

### टेस्ट मुश्किल है, मैं इसे यादगार बनने को तैयार : यशस्वी

**राजकोट।** करियर के शुरुआती दौर में ही दो दोहरे शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टेस्ट 'कठिन' है, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ा बनाने में विश्वास रखते हैं। इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 236 गेंदों में नाबाद 214 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई 2023 में पदार्पण करने वाले जायसवाल का छठा मैच में यह दूसरा दोहरा शतक था। जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में एक पारी में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक छक्के (12) लगाकर रिकॉर्ड बुक में भी नाम दर्ज कराया। जायसवाल ने कहा कि उन्होंने सत्र दर सत्र खेलने की कोशिश की। उन्हें पारी के दौरान पीठ में ऐंठन की समस्या से भी निपटना पड़ा। यह मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि शुरू में मैं रन नहीं बना पा रहा था। इसलिए सत्र दर सत्र खेलना पड़ा और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना पड़ा। तभी मुझे लगा कि मैं रन बना सकता हूं।

# भारतीय महिलाओं ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड की टीम को 3-2 से दी मात

**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**



युवा अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। पीवी सिंधु की अगुवाई वाली महिला टीम ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कांस्य पदक विजेता थाईलैंड को हराया। भारतीय महिलाओं का इस चैंपियनशिप में यह पहला बड़ा खिताब है, जिससे उसका चीन के चेंगदू में 28 अप्रैल से पांच मई तक होने वाले उबेर कप के लिए मनोबल बढ़ेगा। अनमोल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि हमने स्वर्ण पदक जीता क्योंकि यह पहली बार है जब भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रहा है। भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 में कांस्य पदक पाए थे।

थाईलैंड अपनी दो चोटी की खिलाड़ियों रतचानोक इंतानोन और पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना प्रतियोगिता में उतरा था जिसका भारत को फायदा मिला। चोटिल होने से चार महीने तक कोर्ट से बाहर रहने वाली सिंधु ने आक्रामक खेल का नजारा पेश किया और पहले एकल में सुपनिडा काटेथोंग को हराकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्रा जोंगजई की जोड़ी को पराजित कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शनिवार को जापान की नोज़ोमी ओकुहारा के खिलाफ जीत के बाद अश्मिता चालिहा से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह दूसरे एकल में बुसानन ओंगबामरुंगफ़ान से हार गई। श्रुति मिश्रा और प्रिया कोन्जेंगबाम की जोड़ी बेन्यापा ऐम्साार्ड और नुनटाकर्न ऐम्सार्ड की जोड़ी से हार गई, जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। अब भारत को जीत दिलाने का दारोमदार अनमोल खराब पर टिका था जिन्होंने पोर्नपिचा चोइकीवोंग को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिला दिया।

# प्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने किया निराश

### रणजी ट्राफी

**कार्यालय संवददाता, लखनऊ**




**अमृत विचारः** रणजी ट्रॉफी के अंतिम मैच में उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। इलीट ग्रुप-बी में लीग अंतिम मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम छत्तीसगढ़ के खिलाफ बैकफुट पर है। क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह मुकाबला अब ड्रा की तरफ बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ की पहली पारी के जबाव में उत्तर प्रदेश की टीम 238 रन पर सिमट गई। ऐसे में छत्तीसगढ़ को बिना खेले 176 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक छत्तीसगढ़ ने 5 विकेट पर 124 रन बनाए और 300 रन की बढ़त ली है। सोमवार को आखिरी दिन का खेल होना है और छत्तीसगढ़ के 5 विकेट बाकी हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश ने 3 विकेट पर 110 रन के आगे खेलना शुरू किया। 128 रन और जोड़कर उत्तर प्रदेश की टीम सिमट गई। नाबाद बल्लेबाज कप्तान नितीश राणा और सौरभ कुमार जल्द आउट हो गए। सौरभ 55 और नितीश राणा 54 रन ही बना सके। बल्लेबाज यश दयाल ने तेज खेल दिखाया। उन्होंने 55 रन की पारी 36 गेंदों पर खेली। शिवम शर्मा 33 रन बनाकर नाबाद रहे। छत्तीसगढ़ के बुट्टे और रवि किरन ने 3-3 और आशीष चौहान को 2 विकेट मिले।

लंच के बाद दूसरी पारी खेलने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम के पांच प्रमुख बल्लेबाजों को उत्तर प्रदेश की टीम ने 124 रन के योग पर चला किया। शशांक चंद्राकर ने 42 और आशुतोष सिंह ने 43 रन बनाए। आज का खेल खत्म होने तक पहली पारी में दोहरा शतक जमाने वाले छत्तीसगढ़ के संजीत देसाई 25 और अजय मंडल दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा ने 14 रन देकर 3, अटल बिहारी और नितीश राणा को 1-1 विकेट मिला।



# बॉलीवुड हलचल

## 'शक्तिमान' पर चल रहा काम : मुकेश



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता मुकेश खन्ना का कहना है कि अभी शक्तिमान प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और बहुत जल्द इसकी अनाउंसमेंट की जाएगी। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह इस बार शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। मुकेश खन्ना ने कहा, अभी इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। मेरा सोनी पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट है और इसलिए इस बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता। हालांकि, इस बारे में हम जल्द ही ऑफिशियल स्टेटमेंट रिलीज करेंगे।

### अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर नीतू का जलवा



**मुंबई, एजेंसी।** जानीमानी अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर देखने को मिला। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा पिछले दिनों अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर उस वक्त देखने को मिला जब वह एक म्यूजिकल प्ले उमराव जान अदा के ट्रेलर की शूटिंग कर रही थी। उस समय न्यूयॉर्क शहर के टाइम स्क्वायर पर स्थित बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर सिर्फ नीतू चंद्रा श्रीवास्तव के मनमोहक दृश्य नजर आ रहे थे और इस तरह वो अमेरिका की सरजमीं पर भारत का परचम लहराती नजर आ रही थी। यह ट्रेलर ब्लू वेव एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी कर दिया गया है। इस म्यूजिकल प्ले के ट्रेलर शूट के बाद नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अपनी एक्साइटमेंट का इजहार किया और कहा कि यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है, जब टाइम्स स्क्वायर जैसे जगह से दुनिया की नजरे मुझे देख रही थी, लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था और मैं इस कॉन्सेप्ट के साथ अपना हंड्रेड परसेंट देने का काम किया।

## यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की आने भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। नमस्ते सासू जी में यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है, और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी नजर आने वाले हैं। निर्माता प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिल्म की कहानी ही इसकी यूएसपी है, जिसमें भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं ने अपना योगदान दिया है। इस फिल्म को काली प्रसाद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर यामिनी सिंह ने बताया कि यह फिल्म महिला प्रधान कहानी पर आधारित है। इसकी केंद्रीय भूमिकाओं में महिलाओं का अपीरियंस बेहद महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके यह फिल्म पूरी तरह से कमर्शियल है। इसमें मेरी भूमिका भी बेहद अलग है और मैं ऐसे निभाने के लिए खूब मेहनत की है। उम्मीद करती हूं कि भोजपुरी के दर्शकों ने मुझे अब तक जिस तरह से प्यार दिया है उससे भी ज्यादा प्यार मुझे इस फिल्म के जरिए मिले। इस फिल्म के गीत संगीत से लेकर संवाद और प्रेजेंटेशन सभी खास हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही आएगा और यह फिल्म जब भी रिलीज हो तब आपसे आग्रह करुंगी कि आप इसे सिनेमाघर में जाकर देखें। गौरतलब है कि फिल्म नमस्ते सासू जी के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म के निर्देशक काली प्रसाद हैं, जबकि कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म के संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव, डॉक्टर कर्मेंद्र कुमार सिंह, धर्म हिंदुस्तानी और संतोष कुमार उत्पाती हैं।

## कुछ रीत जगत.., सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा : मीरा




**मुंबई, एजेंसी।** टीवी की अभिनेत्री मीरा देओस्थले का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाला शो कुछ रीत जगत गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। नंदिनी एक ऐसी लड़की है, जिसे शादी के बाद पता चलता है कि उसकी शादी में दहेज लिया गया है और वह अपनी शादी का दहेज ससुराल वालों से वापस मांगती है। मीरा ने कहा कि महिलाओं को अक्सर कहा जाता है कि यह करना चाहिए, यह नहीं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार इस पर सवाल उठाता है और पूछता है कि ऐसा क्यूं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार लोगों को जागरूक करता है। जब मुझे शो की नरेशन सुनाई गई तब मेरी आंखो में आंसू आ गए और मैने यह तय कर लिया कि मुझे यह शो करना है। ये फुल ऑफ इंटरटेनिंग शो है जो लोगों को संदेश भी देगा। जान खान के साथ मेरी रोमांटिक केमेस्ट्री लोगों को बेहद पसंद आएगी। शो में 30 से अधिक कलाकारों ने काम किया है।

### मैं दो वर्ष का था तब अमिताभ ने मेरे गाल पर काटी थी चिकोटी : इमरान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि वह जब दो वर्ष के थे तब अमिताभ बच्चन ने उनके गाल पर चिकोटी काटी थी और उन्हें आशीर्वाद दिया था। इमरान ने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म चेहरे में काम किया है। उन्हांने बताया, फिल्म चेहरे में काम करने की वजह अमिताभ बच्चन रहे। अमिताभ बच्चन दिग्गज कलाकार और बेहद प्रोफेशनल हैं। चेहरे में मेरा किरदार नेगेटिव था। उनके साथ काम करना शानदार अनभुव रहा। चेहरे के सीन्स में मै अमिताभ बच्चन पर चिल्लाता था, जिस बात का मुझे बेहद बुरा लगा। इमरान ने बताया कि अच्छी स्क्रिप्ट मिलने पर वह अपनी सुपरहिट फिल्में राज, मर्डर और जन्नत की फ्रेंचाइजी में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दर्शक कुछ नया देखना चाहते हैं, यदि अच्छी स्क्रिप्ट मिले तभी वह काम करेंगे। वह दर्शकों को हर बार कुछ नया देना चाहते हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



टंगमर्ग : बारामूला जिले के टंगमर्ग में रविवार को जमकर बर्फबारी हुई, जिससे कश्मीर के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी का आनंद सैलानियों ने जमकर लिया। वहीं, घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

# इजराइल के हमले में गाजा में 18 लोगों की मौत

**रफह (गाजा पट्टी) एजेंसी**

इजराइल ने शनिवार रात को गाजा में हमले किए, जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा कर्मियों और चश्मदीदों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। वह बंधकों को छुड़ाने के लिए इजराइल और हमास के बीच वार्ता का पक्षधर है। रफह में रातभर हुए हवाई हमले में एक महिला और तीन बच्चों सहित छह लोग मारे गए जबकि अन्य हमले में दक्षिणी शहर खान यूनिस में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, इजराइली हमले की चपेट में आने से गाजा शहर के एक घर में रहने वाले सात लोगों की जान चली गई। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सेवा देने वाला मुख्य चिकित्सा केंद्र 'नासिर अस्पताल' पिछले सप्ताह के अंत में इजराइल द्वारा की गई छापेमारी के बाद से संचालित नहीं हो पा रहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अदानोम घेब्रेयेसुस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डब्ल्यूएचओ की एक टीम को शुक्रवार या शनिवार को अस्पताल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि टीम मरीजों की स्थिति और चिकित्सा आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अभी भी लगभग 200 मरीज हैं, जिनमें से 20 को अन्य अस्पतालों में तत्काल रेफर करने की आवश्यकता है।

## गाजा में युद्धविराम के लिए वार्ता में कोई विशेष प्रगति नहीं: कतर

**राफा, एजेंसी।** इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता कर रहे देश कतर ने कहा है कि इस दिशा में फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। कतर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अपनी 'बेतुकी मांगों' पर अड़े हुए हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में 'मानवीय पहलू' से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। नेतन्याहू पर इस बात का बेहद दबाव है कि वह उन बंधकों को सुरक्षित लाएं जिन्हें हमास ने 7 अक्टूबर को हमला करने के दौरान कब्जे में लिया था। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के कहने पर इस सप्ताह की शुरुआत में प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा था लेकिन उन्हें अब दोबारा भेजे जाने का कोई तुक नहीं समझ आ रहा। हमास चाहता है कि गाजा में स्थाई युद्धविराम हो और इजराइल फलस्तीन के उन सभी कैदियों को रिहा करे जो उसकी जेलों में बंद हैं। नेतन्याहू ने मिस्र के साथ लगती गाजा की सीमा पर स्थित शहर राफा में जमीनी हमले रोकने के अंतर्राष्ट्रीय अनुरोध की अनदेखी की है। वह किसी भी सूरत में हमले रोकने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमास पर 'पूर्ण विजय' के लिए हमले जरूरी हैं। अधिकारियों के अनुसार शनिवार को मध्य गाजा में हवाई हमलों में बच्चों सहित 40 से अधिक लोग मारे गए और कम से कम 50 घायल हुए हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसने हमास पर हमले किए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा में अब तक 28,858 लोग मारे गए हैं।

## एक नजर

### फिलीपींस में भूस्खलन, मरने वालों की संख्या 98 हुई

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत दावाओ डी ओरो में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 98 हो गयी है। फिलीपींस की मीडिया ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। फिलस्टार समाचार पोर्टल ने बताया कि कम से कम नौ लोग अभी भी लापता हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में हुआ भूस्खलन लगातार बारिश के कारण हुआ था।

### एलेक्सी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 हिरासत में

**मॉस्को।** रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। रूस के एक अधिकार समूह ने यह जानकारी दी। नवलनी (47) की अचानक मृत्यु से रूस के कई लोगों को करारा झटका लगा है। इन लोगों को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे धुर विरोधी से भविष्य में काफी उम्मीदें थीं।

### यमनी सैन्य अधिकारी काहिरा में पाया गया मृत

**काहिरा।** मिस्र में यमनी दूतावास ने रविवार को घोषणा की कि एक वरिष्ठ यमनी सैन्य अधिकारी काहिरा में अपने अपार्टमेंट में मृत पाया गया है। यमनी दूतावास ने एक बयान में कहा, मिस्र के अरब गणराज्य में यमन गणराज्य का दूतावास रक्षा मंत्रालय में सैन्य औद्योगीकरण विभाग के निदेशक मेजर जनरल हसन बिन जलाल अल-ओबैदी की हत्या के मुद्दे पर बहुत रुचि और चिंता के साथ नज़र रख रहा है, मिस्र की राजधानी काहिरा में उनके अपार्टमेंट में उनकी हत्या कर दी गई।

# पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा

## पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले पर नहीं बनी सहमति

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को लेकर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच बातचीत बेनतीजा रही। दोनों पक्षों ने हालांकि चर्चा में "महत्वपूर्ण प्रगति" का दावा किया। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

दोनों दलों की संपर्क एवं समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच शनिवार को हुई तीसरी बैठक बेनतीजा रही और दोनों ने सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक और बैठक करने का फैसला किया। बैठक के बाद पीएमएल-एन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि "मजबूत लोकतांत्रिक सरकार" की आवश्यकता पर बल देते हुए दोनों पक्षों के साथ बातचीत में "महत्वपूर्ण प्रगति" हुई है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, "दोनों पक्षों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई, हालांकि पर्याप्त प्रगति हासिल हुई है, लेकिन मौजूदा मामलों को अंतिम रूप देने के लिए और विचार-विमर्श की आवश्यकता है।" नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 265 में से 93 सीट पर जीत हासिल की।

पीएमएल-एन ने 75 सीट जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीट के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी 17 सीट के साथ समर्थन देने के लिए तैयार हो गई है। सरकार बनाने के लिए 266 में से 133 सीट की जरूरत है।

## एचआरसीपी ने पाकिस्तान में मतदान के बाद की प्रक्रिया को असंतोषजनक बताया

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनावों, खासकर मतदान के बाद की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर चिंता जताई है। समाचारपत्र 'द न्यूज' ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। देश के 51 निर्वाचन क्षेत्रों में ऑन-साइट निरीक्षण करने वाले एचआरसीपी के चुनाव निगरानीकर्ताओं की ओर से की गयी टिप्पणियों के अनुसार मतदान के दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के राष्ट्रव्यापी निलंबन के साथ-साथ मतदान की जानकारी में अनियोजित परिवर्तन के कारण मतदाताओं को मतदान केंद्रों का पता लगाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एचआरसीपी ने शनिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस स्थिति ने विशेष रूप से चलने-फिरने में बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं, विकलांग लोगों, वरिष्ठ नागरिकों और सीमित वित्तीय साधनों वाले मतदाताओं को प्रभावित किया है। विशेष चिंता का विषय चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव परिणामों की घोषणा में की जा रही लंबी देरी है। मोटे तौर पर कहें तो मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। मतदान कर्मचारी आम तौर पर अच्छी तरह से तैयार और सुसज्जित थे। लगभग सभी मामलों में, मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों को मतदान से पहले खाली मतपेटियां दिखाई गईं। साथ ही पीठासीन अधिकारी को मतदाता को देने से पहले प्रत्येक मतपत्र के पीछे मोहर लगाते और हस्ताक्षर करते देखा गया।

### बिलावल ने किया सत्ता बंटवारा फार्मूले का खुलासा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने रविवार को चार बार के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन की ओर से सत्ता बंटवारे के लिए दिए गए फार्मूले का खुलासा किया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष के मुताबिक पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने प्रधानमंत्री पद साझा करने की पेशकश की। दोनों दलों ने चुनाव बाद गठबंधन किया है। पीएमएल-एन और पीपीपी ने शनिवार को बैठक की, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए 'काफी प्रगति' हुई, लेकिन गठबंधन सरकार को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई। जेल में बंद 71 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित बहुमत वाले निर्दलीय उम्मीदवारों ने आठ फरवरी के चुनाव में नेशनल असेंबली की 265 सीटों में से 93 पर जीत हासिल की है। पीएमएल-एन को 75 सीट पर सफलता मिली है जबकि पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

## 'पीटीआई' ने निर्वाचन आयुक्त, प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफा मांगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने चुनाव में 'धांधली' के संबंध में एक वरिष्ठ नौकरशाह के आरोपों के बाद पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश के इस्तीफे की मांग की है। रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि शहर में जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जिताया गया। उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को गलत तरीके से विजेता घोषित किया गया। उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब 'पीटीआई' ने आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। चट्ठा ने कहा, मैं इन सभी गलत काम की जिम्मेदारी ले रहा हूं और आपको बता रहा हूं कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश भी इसमें पूरी तरह से शामिल हैं। चुनाव परिणामों में हेरफेर के लिए जिम्मेदारी स्वीकार करने के बाद चट्ठा ने पद से इस्तीफा दे दिया। खान की अगुवाई वाली 'पीटीआई' प्रवक्ता ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा और प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा रावलपिंडी के आयुक्त चट्ठा के खुलासे के बाद अपने पदों से इस्तीफा दें। चट्ठा ने स्वीकार किया है कि 70,000 से अधिक वोटों से आगे चल रहे निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत को फर्जी मोहरें लगाकर हार में बदल दिया गया।

## पुलिस व इमरान खान की पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प

**लाहौर/कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थकों की चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान देशभर के विभिन्न शहरों में पुलिस के साथ झड़प हो गई। 'डॉन' अखबार की खबर में रविवार को बताया गया कि लाहौर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थक विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार को लाहौर प्रेस क्लब और पार्टी के जेल रोड कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में पुलिसकर्मी जेल रोड पर 'पीटीआई' के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले वकील को घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। 'पीटीआई' के एक अन्य उम्मीदवार अली इजाज बुट्टर को भी बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और एक बच्चे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पंजाब प्रांत के कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के इकट्ठा होने से पहले ही पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गई और पार्टी के कई नेताओं, उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। 'डॉन' की खबर में कहा गया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर एकत्र हुए 'पीटीआई' कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारेबाजी की। कराची में, सैकड़ों 'पीटीआई' कार्यकर्ता और समर्थक शहर के सदर इलाके में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सिंध कार्यालय के बाहर एकत्र हुए।

## सुविधा

# ब्रिटेन ने यूक्रेनियाई नागरिकों की वीजा मियाद बढ़ाई

**लंदन एजेंसी**

ब्रिटेन की सरकार ने रविवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर देश में शरण लेने आए यूक्रेनियाई नागरिकों के लिए शुरू वीजा योजना की मियाद बढ़ा दी है। इसके साथ ही युद्धग्रस्त देश से आए यूक्रेनियाई नागरिक समान शर्तों पर ही मौजूदा मियाद खत्म होने के बाद भी 18 महीने तक देश में रह सकेंगे।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन वीजा योजनाओं में से एक के तहत ब्रिटेन में रहने वाले सभी लोग 2025 की शुरुआत से अतिरिक्त 18 महीनों के लिए यहां रहने के लिए आवेदन कर सकेंगे और अपने पूरे प्रवास के दौरान शिक्षा, रोजगार, अन्य लाभ, स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने अधिकार प्राप्त कर सकेंगे। इसका अभिप्राय है कि यूक्रेन के लिए शुरू वीजा योजनाओं में से एक के तहत देश में आए यूक्रेनियाई नागरिक अब सितंबर 2026 तक ब्रिटेन में रह सकते हैं। ब्रिटेन में कानूनी आव्रजन और सीमा मामलों की मंत्री टॉम पर्सग्लोव ने कहा, "इस क्रूर युद्ध की शुरुआत से अबतक के लगभग दो साल के कालखंड में 2,00,000 से अधिक यूक्रेनियाई और उनके परिवार के सदस्य ब्रिटेन आए हैं।

# पंजाब में मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर मारा गया, दो पुलिसकर्मी घायल

**चंडीगढ़, एजेंसी**

पंजाब के बरनाला जिले में रविवार को मुठभेड़ में एक वांछित गैंगस्टर मारा गया जबकि इस दौरान पंजाब पुलिस के दो जवान भी घायल हो गए। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए बताया कि गैंगस्टर गुरमीत सिंह उर्फ काला धनौला के खिलाफ 60 से अधिक मामले दर्ज थे। यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस के गैंगस्टर विरोधी कार्य बल ने वांछित गैंगस्टर गुरमीत सिंह उर्फ काला धनौला को जिला बरनाला के बड़बर के एक फार्महाउस में मार गिराया। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में एक निरीक्षक और एक उप निरीक्षक घायल हो गए। उन्होंने कहा, आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ 60 से अधिक जघन्य आपराधिक मामले दर्ज थे। डीजीपी ने कहा, पंजाब पुलिस मुख्यमंत्री भगवंत मान की सोच के मुताबिक, अपराध को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पूर्व थाई पीएम थाकसिन पेरोल पर किए गए रिहा

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के दोषी पूर्व प्रधान मंत्री थाकसिन शिनावात्रा को स्व-निर्वासन से देश लौटने के छह महीने बाद रविवार को पेरोल पर रिहा कर दिया गया। शिन्हुआ के बताया कि थाकसिन को ले जाने वाली कार रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6:06 बजे बैंकॉक के एक पुलिस अस्पताल से निकली, जहाँ उन्होंने चिकित्सा उपचार करवाया।

थाई प्रधान मंत्री श्रेथा थाविसिन ने पहले कहा था कि थाकसिन की पेरोल पर रिहाई कानून के अनुरूप थी। देश के न्याय मंत्रालय के अनुसार 74 वर्षीय पूर्व प्रधान मंत्री इस महीने पेरोल के लिए स्वीकृत 930 कैदियों में से एक हैं। वह पेरोल के लिए पात्र है क्योंकि उसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और वह एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। थाकसिन ने 15 साल से अधिक का अपना निर्वासन समाप्त किया और पिछले साल अगस्त में थाईलैंड लौट आए, लेकिन जल्द उन्हें हिरासत में ले लिया गया और कई आरोपों में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गई।

# पुतिन का पक्ष ले रहे हैं पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप: निक्की हेली

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी के लिए प्रयासरत निक्की हेली ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का पक्ष लेने को लेकर अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की।

हेली ने एक साक्षात्कार में कहा कि पुतिन ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जिनके साथ अमेरिका दोस्ती कर सके। उन्होंने कहा, अमेरिकी लोगों को याद दिलाने की जरूरत है कि व्लादिमीर पुतिन हमारे दोस्त नहीं हैं। व्लादिमीर पुतिन अच्छे व्यक्ति नहीं हैं। वह ऐसे व्यक्ति नहीं है जिनके साथ हम जुड़ना चाहते हैं। वह ऐसे व्यक्ति नहीं है जिनके साथ हम मित्रता करना चाहते हैं। वह ऐसे व्यक्ति नहीं है जिन पर हम भरोसा कर सकें। हेली ने कहा, जब आपने डोनाल्ड ट्रंप को एक सप्ताह पहले साउथ कैरोलाइना में यह कहते सुना कि यदि हमारे सहयोगी अपने दायित्व (रक्षा पर खर्च के अपने लक्ष्यों को) पूरा नहीं करेंगे तो वह पुतिन को हमारे सहयोगियों पर आक्रमण करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। यह रोंगटे खड़े कर देने वाली बात है क्योंकि उस एक पल में उन्होंने पुतिन को सशक्त बना दिया।

## मणिपुर: आदिवासी संगठन को गृह विभाग ने दी चेतावनी

**इंफाल।** मणिपुर में 'इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम' (आईटीएलएफ) ने एक वीडियो में कथित तौर पर हथियारबंद लोगों के साथ दिखे एक पुलिस हेड कांस्टेबल के निलंबन को लेकर चुराचांदपुर जिले में सरकारी कर्मचारियों से सोमवार से काम पर नहीं जाने का आग्रह किया है।

आईटीएलएफ के इस कदम के बाद राज्य के गृह विभाग ने एक आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि अगर किसी कर्मचारी ने अनधिकृत छुट्टियां लीं तो उसका वेतन काट लिया जाएगा। आदिवासी संगठन ने हेड कांस्टेबल सियामलालपॉल के निलंबन को रद्द करने और पुलिस अधीक्षक शिवानंद सुर्वे व उपायुक्त धरुण कुमार को तत्काल बदलने की मांग की है। हेड कांस्टेबल के 15 फरवरी को निलंबन के कुछ घंटों बाद ही चुराचांदपुर में भीड़ ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) और उपायुक्त (डीसी) कार्यालयों वाले सरकारी परिसर में घुसकर वाहनों को आग लगा दी थी और तोड़फोड़ की थी।

# अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति शांति के लिए खतरा

**सोल, एजेंसी**

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति "भूराजनीतिक टकराव" को जन्म दे रही है और इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। द. कोरिया की न्यूज एजेंसी कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) द्वारा रविवार को प्रकाशित एक लेख में ये बातें कही गयी हैं।

द. कोरिया के विदेश मंत्रालय के अमेरिकी अध्ययन संस्थान के एक शोधकर्ता री जी वोन के लेख में कहा गया है कि रणनीति के शुरू के दो साल बाद वर्तमान स्थिति यह है कि अमेरिकी बिडेन प्रशासन द्वारा बनाये गये "स्वतंत्र, खुले, समृद्ध एवं स्थिर (भारत-प्रशांत ) क्षेत्र के निर्माण में बेरुखी को दिखाई दे रही है। लेख में कहा गया है कि अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति ने क्षेत्र में "स्वतंत्रता" के बजाय टकराव को जन्म दे दिया है।

### हाउती ने डेनमार्क के जहाज पर तीन मिसाइलें दागीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यमन में अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से चार एंटी-शिप मिसाइलें दागी गईं। इनमें करीब तीन के जरिए लाल सागर में डेनमार्क की व्यापारी जहाज एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को दी। सेंटकॉम ने बताया कि यमन के ईरानी समर्थित हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों से लाल सागर में चार जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गयीं। एमटी पोलक्स या क्षेत्र में अन्य किसी जहाज के क्षतिग्रस्त होने या किसी घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को यमनी जल क्षेत्र में एक जहाज-रोधी क्रूज मिसाइल और एक मोबाइल मानव रहित सतह जहाज (यूएसवी) के खिलाफ हमले किए। बयान में कहा गया, "सेंटकॉम ने यमन के हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों में मोबाइल मिसाइल और यूएसवी की पहचान कर पता लगाया कि इस क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारिक जहाजों के लिए एक आसन्न खतरा है।" अंसार अल्लाह आंदोलन का यमन के लाल सागर तट के अधिकांश हिस्से को नियंण है और उसने इजरायल से जुड़े जहाजों पर हमला करने की चेतावनी पहले से ही दे रखी है।

## खराबी से विस्तारा का विमान मुंबई लौटा

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई से हैदराबाद जा रहे विस्तारा के विमान को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद तकनीकी गड़बड़ी से लौटना पड़ा। एयरलाइन ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को हुई।

एयरलाइन ने बताया कि यात्रियों के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था हुई थी। 17 फरवरी को मुंबई से हैदराबाद जाने वाली विस्तारा यूके531 में उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी गड़बड़ी का पता चला। विस्तारा ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार, विमान चालकों ने एहतियातन लौटने का फैसला किया और हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया।

## कवायद — सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का है अगला दौर

# सोशल मीडिया के आदी युवाओं को लत से मुक्ति दिलाने के रास्ते की खोज

**बोल्डर (अमेरिका) एजेंसी**




कई लोग सोशल मीडिया की लत की तुलना सिगरेट से करते हैं। वे कहते हैं कि सोशल मीडिया पर कितने लाइक मिले इसे देखने की इच्छा एक नयी तरह की 'धूम्रपान की तलब' है। अन्य का मानना है कि सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का अगला दौर है।

हम अनुसंधानकार्ताओं की जोड़ी हैं जो जिसने जांच की कि सोशल मीडिया युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। 75 प्रतिशत से अधिक किशोर हर घंटे अपने फोन को देखते हैं और उनमें से लगभग आधे कहते हैं कि उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने उपकरणों के आदी हो गए हैं। यहां कुछ बाते हैं जो उन्होंने हमें बताई हैं: ''टिकटॉक ने मुझे परेशान कर रखा है।'' ''मैं 1,000 प्रतिशत कहूंगा कि मुझे इसकी लत है।'' ''मुझे पूरी तरह से अहसास है कि यह मेरे दिमाग पर कब्जा कर रहा है, लेकिन मैं इससे दूर नहीं हो पा रहा। इससे मुझे शर्मिंदगी महसूस होती है।'' हो सकता है कि आपकी अपनी भी ऐसी ही भावनाएं रही हों।

### उत्तर की तलाश

सोशल मीडिया के उपयोग पर 2010 के शुरुआती अनुसंधान शरीर पर प्रभाव, खाने की आदतों में विकार और सामाजिक तुलना कर नकारात्मक प्रभाव दिखाते हैं। इसके विपरीत, अन्य अध्ययन सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य लाभों की ओर इशारा करते हैं, जिसमें सामाजिक बेहतरी, मजबूत दोस्ती और विविध दृष्टिकोणों का सुलभ होना शामिल है। फिर भी अन्य अध्ययन परस्पर विरोधी परिणाम पेश करते हैं। वास्तव में, इस विषय पर अनुसंधान करते समय अनिर्णायक या मिश्रित परिणाम एक आवर्ती परिपाटी प्रतीत होती है।

### चार सप्ताह का हस्तक्षेप

हमारे मौजूदा अध्ययन में विभिन्न प्रकार की सोशल मीडिया आदतों वाले 500 से अधिक कॉलेज छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्र ने सोशल मीडिया के साथ अपने वर्तमान संबंधों पर विचार करके शुरुआत की और फिर उन परिवर्तनों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जो वे करना चाहते हैं। इसमें बिना सोचे-समझे 'स्क्रॉल' करने में कम समय बिताना, किसी ऐप पर प्रोत्साहित नहीं करना या शयनकक्ष में फोन लेकर न सोना शामिल हो सकता है। चार सप्ताह तक, प्रतिभागी अपने लक्ष्यों को हासिल करने की कोशिश में मिली सफलता की जानकारी देते है। वे 'जर्नलिंग' (डायरी लिखने) और मानक मनोवैज्ञानिक सर्वेक्षणों के माध्यम से अपनी भावनाओं और अनुभवों को बताते हैं।

### सकारात्मक बदलाव में लगता है समय

किसी भी व्यवहार परिवर्तन की तरह, स्वस्थ मीडिया के इस्तेमाल की आदतों को अपनाने के लिए समय, समर्पण और आत्म-चिंतन की आवश्यकता होती है। हमारा अनुसंधान कॉलेज के छात्रों पर केंद्रित है। लेकिन हमारा मानना है कि कार्य और विचार पर केंद्रित एक समान चार-सप्ताह की प्रक्रिया सभी उम्र के लोगों के लिए समग्र कल्याण में उपयोगी हो सकती है। सोशल मीडिया पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए आप अभी कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं।

## जयशंकर जर्मनी में चीनी विदेश मंत्री से मिले

**बीजिंग/म्यूनिख।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के वीडियो फुटेज में जयशंकर और वांग को इस कार्यक्रम से इतर एक संक्षिप्त बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। इस सम्मेलन में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और दुनिया भर के अन्य शीर्ष राजनयिक शामिल हुए हैं। भारत और चीन की तरफ से हालांकि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई चर्चा के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। छह महीने से अधिक समय में दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। दोनों की पिछली मुलाकात जुलाई में जकार्ता में आयोजित आसियान की बैठक के दौरान हुई थी।